सुप्रभात
रांची, गुरुवार
01.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

विश्व एड्स दिवस

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 138

12 कोस्टारिका के खिलाफ जर्मनी को जीत की जरूरत

### न्यूज डायरी

**बारिश से तीसरा वनडे रद्द न्यूजीलैंड ने जीती सीरीज**

**क्राइस्टचर्च।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला बारिश के कारण से रद्द हो गया। इसी के साथ किवी टीम ने यह सीरीज 1-0 से जीत ली। अपने नाम कर ली। भारत ने पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड को 220 रनों का लक्ष्य दिया था। जबाव में किवी टीम 18 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाकर खेल रही थी। फिर बारिश ने मैच को रोक दिया और रद्द करना पड़ा।

**मकान में लगी आग छह लोग जिंदा जले**

**फिरोजाबाद।** यूपी में फिरोजाबाद के जसराना क्षेत्र में एक तीन मंजिला मकान में भीषण आग लगने से एक परिवार के छह लोगों की जिंदा जल गये। आग लगने का कारण प्रथम द्दष्या बिजली का शार्ट सर्किट होना माना जा रहा है।

**स्कूल में धमाका, 10 बच्चे समेत 16 की मौत**

**काबुल।** अफगानिस्तान के ऐबक शहर के जिहादिया स्कूल में करीब 16 लोगों की मौत हो गयी। मरनेवालों में दस बच्चे शामिल हैं। 24 से अधिक लोग घायल हैं। यह धमाका दोपहर की प्रार्थना के वक्त हुआ है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की ओर से दी गयी जानकारी के मुताबिक, धमाके के बाद मारे गए कुल लोगों में करीब 10 छात्र भी शामिल है।

**बेटी, बेटे और पत्नी के हत्यारे को उम्रकैद**

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम शहजाद की अदालत ने बुधवार को बेटी, बेटे और पत्नी की हत्या के अभियुक्त ब्रजेश कुमार तिवारी को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी है। अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। ब्रजेश स्पेशल ब्रांच में वाहन चालक था। गिरफ्तारी के बाद निलंबित कर दिया गया था। तीन फरवरी 2020 की रात्रि को वह शराब के नशे में उसने बेटी, बेटा और पत्नी की हत्या हथौड़ा और चाकू से मारकर कर दी थी।

**व्यवसायी ने खुद को गोली मारी, मौत**

**सरायकेला।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र स्थित नेशनल इलेक्ट्रोनिक्स के पीछे रहने वाले पप्पू सिंह उर्फ प्रमोद सिंह (45) के सिर में गोली लगने से मौत हो गयी। बेटी के अनुसार मंगलवार की रात पिता, फोन पर किसी बिल्डर को कह रहे थे कि वह उसको क्या मारेंगे वह स्वंय ही मार लेंगे।

**ट्रैक्टर की चपेट में आ कर भाई-बहन मौत**

**गिरिडीह।** गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के महतोडिह में बुधवार को सड़क हादसे में चचेरे भाई बहन की मौत हो गयी। मटरुखा गांव के जयदेव मंडल का पुत्र अजय कुमार (18) और दीपक मंडल की बेटी साक्षी कुमारी बाइक से महितोडीह से घर आ रहे थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर ने दोनों भाई बहनों को टक्कर मार दिया।

**चतरा में एरिया कमांडर ने किया आत्मसमर्पण**

**चतरा।** भाकपा माओवादी संगठन के एरिया कमांडर कमलेश यादव चतरा पुलिस के समक्ष बुधवार को सरेंडर कर दिया। उसने एसपी राकेश रंजन और डीसी अबू इमरान के समक्ष समर्पण कर दिया। मौके पर उसे एक लाख रुपये का चेक सौंपा। सरकार की सरेंडर नीति से प्रभावित होकर कमलेश सरेंडर किया।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 49,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 65,000 रु./प्रति किलो |

**झटका : हाइकोर्ट ने अमित अग्रवाल की याचिका खारिज की**

# कैश कांड की सीबीआइ जांच का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कैश देकर पीआइएल मैनेज करने के मामले में जेल की सलाखों के पीछे बंद कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने अमित अग्रवाल की याचिका खारिज कर दी। साथ ही मामले में षड्यंत्र को देखते हुए अदालत ने जांच सीबीआई को करने का आदेश दिया है। अदालत ने 15 दिनों में सीबीआइ को पूरे मामले को टेकओवर कर जांच शुरू करने को कहा। अमित अग्रवाल ने झारखंड उच्च न्यायालय में इस आधार पर याचिका दायर की थी कि जबरन वसूली के मामले में वे अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ शिकायतकर्ता थे, और उनकी शिकायत और कोलकाता पुलिस द्वारा बिछाये गये जाल के बाद राजीव कुमार को 50 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। लेकिन ईडी ने उन्हें आरोपी बना दिया। राजीव कुमार अभी जमानत पर बाहर है।

**कैश के साथ कोलकाता में धराये थे राजीव कुमार :** 31 जुलाई को पश्चिम बंगाल पुलिस की डिटेक्टिव विंग ने वरीय अधिवक्ता राजीव कुमार को कोलकाता में गिरफ्तार किया था। उनके पास से 50 लाख नकदी भी बरामद की गयी थी। इस मामले में कारोबारी अमित अग्रवाल ने एफआईआर दर्ज करायी थी। दर्ज एफआईआर में बताया गया था कि रांची हाईकोर्ट में शेल कंपनियों और अवैध खनन की जांच सीबीआइ से कराने के लिए दर्ज याचिका से नाम हटाने के बदले अधिवक्ता राजीव कुमार ने 4 करोड़ रुपये की मांग की थी, बाद में वह 50 लाख लेने कोलकाता आये थे। इसी दौरान बंगाल पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। कोलकाता पुलिस की टीम ने राजीव कुमार की गिरफ्तारी के बाद उनके रांची स्थित आवास पर छापेमारी की थी। पुलिस ने राजीव कुमार की संपत्ति का विवरण भी तैयार किया था।

### 15 दिनों में जांच शुरू करे सीबीआइ



### इडी ने केस को किया था टेकओवर

अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ दर्ज केस में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बीते 11 अगस्त को टेकओवर कर लिया था। ईडी के रांची जोनल ऑफिस ने इस केस में इसीआइआर दर्ज कर जांच किया था। ईडी में बंगाल में दर्ज केस के आधार पर ही ईसीआईआर दर्ज कर ली गयी थी। अब ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की पहलूओं पर जांच कर रही है।

### इडी ने अमित अग्रवाल को किया था गिरफ्तार

अधिवक्ता राजीव कुमार की 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तारी मामले में ईडी कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल को बीते सात अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया था। अमित अग्रवाल मूल रूप से कोलकाता के व्यवसायी हैं। रियल स्टेट, जामताड़ा में वनस्पति तेल के उद्योग सहित कई कारोबार से जुड़े हैं। झारखंड में सत्ता के गलियारों में काफी सक्रिय रहे हैं। सत्ताधीशों के बीच इनकी अच्छी पकड़ है। (शेष पेज 11 पर)

**सीएस ने बजट खर्च पर सचिवों के साथ की बैठक**

## शत-प्रतिशत राशि खर्च करने का निर्देश

**रांची। (हिस)।** मुख्य सचिव सुखदेव सिंह की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में बुधवार को चालू वित्तीय वर्ष 2022झ2023 में बजट खर्च की समीक्षा हुई। इमसें वित्त विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के सचिव उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य सचिव ने इस पर बात पर चिंता जतायी कि वित्तीय वर्ष के आठ माह बीतने के बाद भी पुनरीक्षित बजट का केवल 34.88 प्रतिशत राशि ही विभाग खर्च कर पायी है। मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि बजट का शत-प्रतिशत राशि खर्च हो। उन्होंने सचिवों से बजटीय राशि खर्च को



बढ़ाने का भी निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि बजटीय राशि खर्च करने को लेकर यह समीक्षा बैठक सीएम ने खुद बुलायी थी। पर किन्हीं कारणों से वह बैठक में नहीं आ सके। तब मुख्य सचिव की अध्यक्षता में ही बजटीय खर्च करने की समीक्षा पर बैठक हुई। (शेष पेज 11 पर)

**नियामक आयोग में नया बिजली टैरिफ पिटीशन दायर**

## जेबीवीएनल ने 20 % तक बिजली दर में बढ़ोतरी का दिया है प्रस्ताव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) ने बुधवार को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए नया बिजली टैरिफ पिटीशन झारखंड विद्युत नियामक आयोग में दायर कर दिया है। जेबीवीएनएल ने 20 प्रतिशत तक बिजली दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। इससे नए वित्त वर्ष में आम बिजली उपभोक्ताओं को झटका लग सकता है, क्योंकि गत तीन वर्ष से बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। अभी तक राज्य में वित्त वर्ष 2019-20 का ही बिजली टैरिफ लागू है। इससे इस बात की संभावना अधिक है कि आगामी वित्तीय वर्ष में बिजली दर में बढ़ोतरी तय है। अब कितना प्रतिशत तक बढ़ेगा यह नियामक आयोग तय करेगा।

**जेबीवीएनएल ने बताया 7400 करोड़ रुपये का रेवेन्यू गैप :** जेबीवीएनएल द्वारा तीन वित्तीय वर्ष से बिजली दर में बढ़ोतरी नहीं होने के कारण तीन सालों में करीब 7400 करोड़ का रेवेन्यू गैप दिखाया है। (शेष पेज 11 पर)

**वर्तमान बिजली टैरिफ (दर)**

| कैटोगरी | वर्तमान दर | सब्सिडी (प्रति यूनिट) |
|---|---|---|
| घरेलू ग्रामीण | 5.75 | 4.25 |
| घरेलू शहरी | 6.25 | 2.75 |

उपभोक्ताओं को इस तरह मिल रही है सब्सिडी
0-200 यूनिट पर सब्सिडी 2.75 रुपये
201-400 यूनिट पर सब्सिडी 2.05 रुपये



### बिजली टैरिफ दर पर अंतिम निर्णय लेगा नियामक आयोग

जेबीवीएनएल के नए बिजली टैरिफ पर अंतिम निर्णय विद्युत नियामक आयोग लेगा। आयोग नए टैरिफ को स्वीकार करेगा। इसके बाद जनसुनवाई आयोजित कर इस पर अंतिम निर्णय लेगा। सारी प्रकिया पूरी होने में तीन से चार महीने तक का समय लग सकता है।

## गिरिडीह के बालमुकुंद स्टील ग्रुप पर आइटी छापा

**झारखंड, बंगाल, बिहार समेत कई ठिकानों पर एक साथ रेड**

**गिरिडीह(हिस)।** औद्योगिक क्षेत्र के मंझलाडीह चतरो स्थित बालमुकुंद स्पंज आयरन फैक्ट्री के झारखंड, बिहार, बंगाल समेत कई ठिकानों पर बुधवार की सुबह से ही आयकर विभाग की टीम छापेमारी कर रही है। इस टीम में बंगाल और अन्य राज्यों के पदाधिकारी व कर्मी भी शामिल हैं। फैक्टरी के गिरिडीह स्थित प्रतिष्ठानों पर भी छापेमारी चल रही है। आयकर विभाग की इस कार्रवाई में 50 से अधिक अधिकारी और इंस्पेक्टर रेंक के अधिकारी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग बालमुकुंद फैक्टरी के उन कागजात को खंगाल रही है, जिसमें बड़े पैमाने पर फर्जी शैल कंपनी में



निवेश होने की जानकारी मिली है।

कार्रवाई करने पहुंची इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीम में बंगाल और अन्य राज्यों के पदाधिकारी पश्चिम बंगाल की नंबर वाली कार में आये थे। छापा मुफस्सिल थाना इलाके के चतरो स्थित फैक्ट्री और बरमसिया स्थित कार्यालय में की गयी। चतरो स्थित फैक्ट्री का गेट को बंद कर दिया गया और छानबीन शुरू की। (शेष पेज 11 पर)

**राजभवन ने फिर बढ़ायी राज्य सरकार की परेशानी**

## टीएसी की बैठक पर उठाये सवाल, लिखा पत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजभवन ने एकबार फिर सरकार की परेशानी बढ़ा दी है। टीएसी की बैठक को लेकर राज्यपाल और सरकार के बीच फिर एक बार विवाद गहरा गया है। वैसे टीएसी के मामले पर सरकार और राजभवन के बीच काफी पहले से ही विवाद चल रहा है। तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के समय से ही टीएसी को लेकर सरकार और राजभवन के बीच तेवर तल्ख है। अब एक बार फिर से यह मामला सामने आया है। निकाय चुनाव को लेकर सरकार की तरफ से टीएसी की बैठक बुलायी गयी। इसके बाद गत शुक्रवार को राजभवन की तरफ से फिर से



एक बार सरकार को चिट्ठी भेजी गयी। इससे पहले टीएसी गठन को लेकर राजभवन ने चार फरवरी 2022 को आपत्ति जतायी थी, लेकिन नौ महीने बीतने के बाद भी सरकार की तरफ से राजभवन को इस मामले में कोई जवाब नहीं भेजा गया और सरकार ने राजभवन की नाराजगी को नजरअंदाज करते हुए 9 माह बाद नवंबर में बैठक भी बुला ली।

**राजभवन असंवैधानिक मानता है :** शुक्रवार को लिखी गयी चिट्ठी में राजभवन ने टीएसी नियमावली को असंवैधानिक बताया है। इसके बावजूद टीएसी की बैठक करने की सूचना नहीं देने को राजभवन ने गंभीरता से लिया है। अब राज्यपाल के प्रधान सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के माध्यम से सरकार से पूछा है कि आखिर राजभवन की आपत्ति पर जवाब दिये बिना किस परिस्थिति में टीएसी की बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने इसे संविधान की पांचवीं अनुसूची के प्राविधानों के विरुद्ध बताया है। (शेष पेज 11 पर)

## दो डीएसपी पर मुकदमा चलाने की सरकार ने दी स्वीकृति

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने डीएसपी पवन कुमार और मजरुल होदा के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। अभियोजन की स्वीकृति मिलने के बाद अब इन दोनों डीएसपी की मुश्किलें बढ़ने वाली है। सूत्रों के अनुसार बोकारो डीआइजी कार्यालय में तैनात डीएसपी पवन कुमार और आइआरबी-5 जामताड़ा में तैनात डीएसपी मजरुल होदा के खिलाफ अभियोजन की स्वीकृति दी गयी है।

### रूपेश तांती मौत व ट्रक चालक से लूट मामला

मालूम हो कि बुंडू आदर्श नगर निवासी रुपेश स्वांसी की आठ जुलाई 2016 को हिरासत में मौत हो गयी थी। इसमें डीएसपी पवन कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी आरोपित हैं। धनबाद जिले के हरिहरपुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2016 में तोपचांची-राजगंज जीटी रोड पुलिस द्वारा ट्रक चालक से वसूली, उसे गोली मारने और फर्जी तरीके से हथियार प्लांट करने के मामले में सीआइडी ने डीएसपी मजरुल होदा को दोषी माना था। डीएसपी की मौजूदगी में यह घटना हुई थी।

### क्या है मामला

बुंडू के आदर्श नगर निवासी 17 वर्षीय रूपेश स्वांसी की आठ जुलाई 2016 को पुलिस हिरासत में मौत हो गयी थी। वह बुंडू में एक कपड़े की दुकान में काम करता था। रूपेश के पिता भूषण स्वांसी ने अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

(शेष पेज 11 पर)



# पूर्व मंत्री बंधु तिर्की साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने बुधवार को सात साल पुराने एक मामले में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। श्री तिर्की पर शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करने, धमकी देने, विधि विरूद्ध जमावड़ा लगाने एवं नुकसान पहुंचाने का आरोप था।

# अंबा प्रसाद को बनाया गया गुजरात कांग्रेस का को-ऑर्डिनेटर



**रांची।** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद को गुजरात चुनाव में को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है। इसी के मद्देनजर अंबा प्रसाद बुधवार को गुजरात के वडोदरा पहुंची। उन्हें वड़ोदरा के वाघोड़िया-135 विधानसभा क्षेत्र के लिए को-ऑर्डिनेटर के रूप में पदभार दिया गया है। पार्टी की ओर से इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से विधायक अंबा प्रसाद खुश हैं। वह कहती हैं कि पार्टी के दिये दायित्व को बखूबी निभाने का प्रयास करेंगी। इसके लिए कांग्रेस के गुजरात प्रभारी डॉ रघु शर्मा सहित तमाम बड़े नेताओं के प्रति आभार जताया है।


**Jharkhand Council of Educational Research and Training**
**DoSE&L, GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**DIET Campus, Ratu, Ranchi-835222**
**Phone No.- 7061537267, 7462903922, ,**
**email: jcert.ran@gmail.com**

**Auction Notice**

JCERT invites sealed Financial Proposal (Price offer) from interested bidders/firms dealing in the field of Building Wastage/kabad/Scraps etc., for procuring , under as and where condition, from our above mentioned office.

The interested parties can visit & inspect the Building Wastage/kabad/Scraps etc., in our office on any working day between 03:00 PM to 04:00 PM and submit their Item wise and Total offer price for all the items along with the registration details of the firm in a sealed envelope on or before **12.12.2022 at 05:00 PM.**

(Kiran Kumari Pasi)
Notice No. 1009 Date : 29.11.2022 Director
PR 283856 (Human Resource Developement)22-23*D



**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023
आम सूचना

नगर पंचायत, खूँटी की ओर से शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाने के संकल्प के साथ शहर के सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि अपने–अपने घरों में शौचालय का उपयोग कर बीमारी से मुक्ति पाएं। समय से होल्डिंग टैक्स/जलकर का भुगतान करें। दुकानों/प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबीन रखें, ताकि हमार शहर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में अव्वल आ सके। अपने शहर को साफ एवं स्वच्छ रखने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

खूँटी नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत सभी नागरिकों को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच, पेशाब एवं कचड़ा फेंकना दण्डनीय अपराध है। ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर निम्नरुपेण दण्ड का प्रावधान है:–

| क्र०सं० | वर्ग | जुर्माने की राशि |
|---|---|---|
| 1 | खुले में शौच | 50 रुपये प्रत्येक बार |
| 2 | खुले में पेशाब | 25 रुपये प्रत्येक बार |
| 3 | खुले में कचड़ा फेंकना | 50–1500 रुपये प्रत्येक बार |

PR.NO.283859 Urban Development(22-23):D — कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी।



**कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

अति अल्पकालीन निविदा

उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी का ज्ञापांक 527/जि०यो० दिनांक 12.10.2022 के आलोक में जिला योजना अनाबद्ध निधि मद से खूँटी प्रखण्ड अंतर्गत किसान पाठशाला, अड़की एवं कर्रा में तीन Customer Hiring Centre की स्थापना किया जाना है। उक्त के आलोक में निम्न सामग्रियों/**उपकरणों** की आपूर्त्ति एवं अधिष्ठापन हेतु मानक स्तर के कम्पनि/प्रमाणित बिक्रेता/उनके अधिकृत बिक्रेता से विभिन्न शर्त्तों के साथ मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक कम्पनि/प्रमाणित बिक्रेता/उनके अधिकृत बिक्रेता **दिनांक 15.12.2022 के अपराह्न 02:00 बजे तक** निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी में जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 15.12.2022 के अपराह्न 02:00 बजे** क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा की शर्त्तें, उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी खूँटी जिला के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिषद कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR 283880 District(22-23).D



**समाहरणालय, कोडरमा**
**(जिला खेल कार्यालय)**
**E-mail:-sportskoderma17@gmail.com**

प्रेस विज्ञप्ति

पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, झारखण्ड, राँची (खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय प्रभाग) द्वारा पूर्व की भाँति वित्तीय वर्ष 2022–23 में भी कोडरमा जिला में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2022–23 के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को खेलकिट यथा–जर्सी–शॉर्ट्स, फुटबॉल बूट, मोजा, सीनगार्ड एवं गोलकिपर ग्लव्स उपलब्ध कराया जाना है। तदनुरूप उक्त खेलकिट का क्रय Gem Portal के माध्यम से करने हेतु निविदा आमंत्रित की गई। उपरोक्त सामग्रियों का Gem Portal से क्रय करने हेतु ऑनलाईन तकनीकी निविदा की शर्तें एवं विस्तृत विवरणी Gem Portal एवं nic koderma के वेबसाईट http://www.koderma.nic.in पर प्राप्त की जा सकती है।

उपायुक्त, कोडरमा के आदेशानुसार,
ह0/–
PR 283855 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(22-23).D — जिला खेल पदाधिकारी, कोडरमा



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी**

अति अल्पकालीन पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
(द्वितीय कॉल)

निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 1031 — दिनांक– 30.11.2022

1. विज्ञापनदाता का नाम एंव पता : कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : 02.12.2022 से 08.12.2022 को 12.00 बजे दिन से 4.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय : 09.12.2022 के अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एंव समय : 09.12.2022 के अपराह्न 3:30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थल : (i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण हॉस्टल,प्रथम तल्ला,धुर्वा, राँची। (ii) अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची। (iii) कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।
6. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान : क्रमांक 5 में उल्लेखित कार्यालय में क्रमांक 2, 3 एवं 4 में अंकित तिथि एवं समय अनुसार।।
7. कार्य की विवरणी –

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | कोन्सा–बकसपुर–गोबिन्दपुर–कर्रा पथ के 3रे कि0मी0 में अवस्थित उच्च स्तरीय पुल के रेलिंग का मरम्मति एवं पहुँच पथ का बचाव कार्य। | 49,99,833.00 | 1,00,000.00 | 5000.00 | दो माह |

नोट:– निविदा की शर्तें सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, खूँटी
PR 283869 Road(22-23).D



**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**
**(समाज कल्याण शाखा)**
**Email ID - dswolatehar@gmail.com**

(अति अल्पकालीन निविदा)
सूचना संख्या – 01/2022–23

वित्तीय वर्ष 2022–23 में लातेहार जिला अन्तर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत 3–6 वर्ष तक के बच्चों के लिए गर्म पोशाक (स्वेटर) का क्रय/आपूर्ति निर्धारित दर पर करने हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित्त मुहरबंद निविदा दिनांक 09.12.2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, लातेहार में आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त निविदा दिनांक 10.12.2022 को अपराह्न 11:30 बजे जिला स्तरीय क्रय/निविदा समिति के सदस्यों के समक्ष लातेहार समाहरणालय विकास भवन, प्रथम तल, में खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि स्वेटर के नमूने के साथ भाग लेंगे।

| क्र0 | विवरणी | तिथि एवं राशि |
|---|---|---|
| 1. | कार्य की विवरणी | Sweater Quality : Unisex<br>Colour : Maroon<br>Material (blend omposition) : Acrylic - 100% (±2%)<br>Yarn : High bulk Yarn<br>Neck Type : V - Neck<br>Sleeve : Full regular<br>Sleeve |
| 2. | निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.11.2022 |
| 3. | निविदा जमा करने का स्थान | जिला समाज कल्याण कार्यालय, लातेहार |
| 4. | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | 09.12.2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक |
| 5. | निविदादाताओं का जिला क्रय समिति के साथ बैठक एवं निविदा खोलने की तिथि | 10.12.2022 को अपराह्न 11:30 बजे (निविदादाता या उनके प्रतिनिधि स्वेटर के नमूने के साथ बैठक में भाग लेंगे) |

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट पर एवं https://www.latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लातेहार। — उप विकास आयुक्त, लातेहार। — उपायुक्त, लातेहार।

PR.NO.283837 Women, Child Development & Social Security(22-23):D


## बिजली संकट को लेकर मोमबत्ती की रोशनी में सांसद संजय सेठ ने पीसी की, कहा

# राज्य में बिजली संकट चरम पर, हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद भी नहीं हो रहा सुधार

**लचर विद्युत आपूर्ति**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा सांसद संजय सेठ ने राजधानी रांची समेत राज्य में गहराते बिजली संकट को लेकर कैंडल लाइट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। श्री सेठ ने कहा कि राज्य में बिजली की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने कहा कि राजधानी में अभी 6 से 8 घंटे बिजली मिल रही है। ग्रामीण इलाकों में तो तीन-चार घंटे भी बिजली नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन में कभी ऐसे हालात नहीं देखे हैं। बिजली संकट के कारण उद्योग-धंधे बंद होने की कगार पर हैं। आम लोगों के सामने रोजी-रोटी की संकट खड़ी हो गई है। हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद भी गठबंधन सरकार समाधान नहीं निकाल रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार तुष्टिकरण और वादा खिलाफी के एजेंडे पर चल रही है।



उन्होंने कहा कि इसी व्यवस्था के बल पर निवेशकों को बुलाने को रोड शो होता है। ₹500 करोड़ के भुगतान के चलते बिजली सेवा लचर है। स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद थी कि नये निदेशक डॉ कामेश्वर के आने के बाद रिम्स के हालात सुधरेंगे लेकिन हालात नहीं सुधरे। हालात यह है कि रिम्स में अब मामूली पैथोलॉजी जांच भी नहीं हो पा रही है।

**रांची हिंसा मामले में अब हो रही है तुष्टिकरण : सांसद**

सांसद श्री सेठ ने कहा कि रांची मेन रोड दंगा मामले में गठबंधन सरकार तुष्टिकरण की राजनीति करने लगी है। दोषियों, अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बनी जांच समिति को अवधि विस्तार ही नहीं दिया है। राजधानी की सड़क पर उतरे उपद्रवियों को सजा दिलाने की बजाय सरकार तुष्टिकरण पर लगी है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में भी सरकार गरीबों के निवाले पर डाका डाली जा रही है। इस अवसर पर संजय पोद्दार भी उपस्थित थे।

आगामी छह दिसंबर को रिम्स शासी परिषद की बैठक में बलहाली का मुद्दा जोर-शोर से उठाया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री सिर्फ फीता काटने में व्यस्त हैं।

## बिजली संकट को लेकर सीएम हों गंभीर : मंतोष

**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा राजद प्रवक्ता मंतोष यादव ने कहा है कि राज्य में बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। उन्होंने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन को बिजली संकट को लेकर गंभीर होना चाहिये। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची में जब बिजली व्यवस्था इतनी लचर स्थिति में है तो गांव देहात की क्या स्थिति होगी। गठबंधन सरकार को आम आदमी की मुसीबतों को देखते हुये अविलम्ब बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करना चाहिये। उन्होंने कहा कि राज्य में बिजली संकट का असली जिम्मेदार केंद्र सरकार और पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार की गलत नीतियां हैं? उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस बिजली संकट से जनता को निजात दिलाने का प्रयास करें।

## राज्य में अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ आजसू का प्रदर्शन

# लोड शेडिंग के कारण गांवों के साथ शहर में भी त्राहिमाम वाली स्थिति : भरत कांशी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी ने बुधवार को राज्य में अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन किया। रांची में जिले के सभी प्रखंडों के पावर सब स्टेशन में एकदिवसीय धरना- प्रदर्शन किया गया। मौके पर आजसू पार्टी के हटिया विधान सभा प्रभारी भरत कांशी ने कहा कि सरकार की निष्क्रियता एवं जनसमस्याओं को लेकर असंवेदनशीलता के कारण पूरे राज्य में बिजली की स्थिति बदतर हो गई है। बिजली की भारी लोड शेडिंग के कारण जनजीवन मुश्किल में है। लोड शेडिंग के कारण गांवों के साथ साथ अब शहरों में भी त्राहिमाम की स्थिति है। प्रतिदिन लाखों लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है।



आजसू पार्टी के रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में प्रतिदिन करीब 12 घंटे की बिजली कटौती की जा रही है। बिजली गुल रहने से कई काम-काज ठप हो रहे हैं। व्यापारी, किसान, छात्र, अभ्यर्थी सभी परेशान हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बिजली कटौती का बुरा असर पड़ा है। आजसू पार्टी यह मांग करती है कि सरकार इस संकट पर गंभीरता दिखाए। लोड शेडिंग की समस्या से राज्यवासियों और खास कर ग्रामीणों को निजात दिलाये।

धरना-प्रदर्शन के दौरान संजय महतो, निर्मला भगत ज्ञान सिन्हा, जयपाल सिंह, वीणा चौधरी, जितेंद्र बड़ाइक, अनिल मांझी, जगरनाथ महतो, जलनाथ चौधरी, शंकर मुंडा सहित सभी प्रखंड के अध्यक्ष, पंचायत कमिटी, प्रखंड कमिटी, रांची महानगर कमिटी, जिला कमिटी, केंद्रीय कमिटी के पदाधिकारी तथा अन्य मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### डरे हुए हैं राज्य के कुछ अधिकारी : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि घपले-घोटाले में फंसने की आशंका से कुछ सरकारी अधिकारी डरे-सहमे हुए हैं। श्री मरांडी अपने मुख्यमंत्रित्व काल का एक अनुभव सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए ब्यूरोक्रेसी से आग्रह किया है कि इतिहास के पन्ने पलट कर देखें और सोचें कि गलत का अंजाम खतरनाक ही होता है।

### टेट पास पारा शिक्षक मामले में फैसला सुरक्षित

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में टेट पास पारा शिक्षकों के समायोजन से जुड़े मामले पर बुधवार को सुनवाई हुई। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि पिछली सुनवाई को दौरान अदालत ने सरकार से पूछा था कि टेट पास शिक्षकों के समायोजन को लेकर क्या कदम उठाये गये हैं। जिसपर सरकार ने अदालत को बताया कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा गठित कमेटी ने कई सुझाव दिये हैं। बता दें कि प्रार्थी सुनील कुमार यादव एवं अन्य के द्वारा करीब 111 याचिकाएं पारा शिक्षकों के सहायक शिक्षक के रूप में वेतन एवं नियमितिकरण के मामले में हाईकोर्ट में दाखिल की गयी है। याचिका में कहा गया है कि पारा शिक्षक 15 वर्ष से अधिक समय से काम कर रहे हैं। वे शिक्षक पद की अहर्ता भी पूरी करते हैं। याचिका में मुख्य मांग यह की गई है कि राज्य सरकार उनकी सेवा स्थाई करे और उन्हें सहायक शिक्षक के पद पर समायोजित करे।

### रिटायर्ड आइएएस गणेश कुमार और कमल जॉन लकड़ा बनाये गये विभागीय जांच पदाधिकारी

**रांची।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो रिटायर्ड अधिकारी गणेश कुमार व कमल जॉन लकड़ा को राज्य सरकार ने संविदा के आधार पर विभागीय जांच पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति प्रदान करने की सहमति दी है। इन पदाधिकारियों को योगदान की तिथि से एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर विभागीय जांच पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। दोनों पदाधिकारियों के समक्ष विभागीय पदाधिकारियों से जुड़े आरोपों की जांच के लिए संचिका दी जायेगी।

### दो महीने में अपर लोक अभियोजक की नियुक्ति करे जेपीएससी : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दो महीने के अंदर एपीपी (अपर लोक अभियोजक) की नियुक्ति करने का आदेश दिया है। झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डॉ रविरंजन और जस्टिस संजय द्विवेदी की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया है। कोर्ट ने जेपीएससी और जेएसएससी को यह निर्देश दिया है कि जेपीएससी नियुक्ति से संबंधित रिजल्ट जारी कर नियुक्ति की जाए। एपीपी नियुक्ति के लिए परीक्षा ले ली थी। अभ्यर्थियों का इंटरव्यू भी पूरा हो गया था। लेकिन रिजल्ट जारी नहीं किया जा रहा था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद लगभग 143 अपर लोक अभियोजकों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है।

### बड़कागांव की पूर्व विधायक निर्मला देवी के खिलाफ दायर याचिका हाईकोर्ट से खारिज

**रांची।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक निर्मला देवी के खिलाफ दायर निर्वाचन याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। वर्ष 2014 विधानसभा चुनाव में बड़कागांव से विजयी निर्मला देवी के निर्वाचन को आजसू पार्टी के उम्मीदवार रोशन लाल चौधरी ने चुनौती दी थी। लंबी सुनवाई के बाद जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने कहा कि प्रार्थी की ओर से लगाये गये एक भी आरोप का साक्ष्य नहीं दिया गया है। मतगणना में गड़बड़ी का जो आरोप लगाया गया था उसे भी साबित नहीं किया जा सका है। ऐसे में याचिका खारिज की जाती है। बता दें कि रोशन लाल चौधरी ने निर्मला देवी के निर्वाचन को चुनौती दी थी। उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि मतगणना में गड़बड़ी की गयी है। कई बूथों पर जितने वोट डाले गए थे उससे अधिक की मतगणना की गयी थी। परिणाम आने के बाद ही उन्होंने सक्षम पदाधिकारी से शिकायत की थी, लेकिन उनकी शिकायतों पर गौर नहीं किया गया।

## बाबूलाल मरांडी के दलबदल मामले में हाइकोर्ट में हुई सुनवाई

# विधानसभा ने कहा- हाइकोर्ट को मामले को सुनने का नहीं है पावर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दलबदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में फैसला सुरक्षित रखे जाने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। विधानसभा की ओर से कहा गया कि बाबूलाल मरांडी की ओर से दाखिल रिट याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। यह भी कहा गया कि हाइकोर्ट को इस मामले को सुनने का पावर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायादेश के आलोक में इस याचिका पर हाइकोर्ट की ओर से कोई आदेश पारित करना उचित नहीं है। यह भी कहा गया की किसी राजनीतिक दल का विलय करना या न करना यह विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र में आता है। मामले में सुनवाई जारी रही। आज गुरुवार को मामले की फिर सुनवाई होगी।

झारखंड विधानसभा की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता संजय हेगड़े और झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की।



पूर्व की सुनवाई में विधानसभा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अभी इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण की ओर से कोई जजमेंट पास नहीं हुआ है।प्रार्थी के पक्ष में भी फैसला आ सकता है। इसलिए यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। वहीं प्रार्थी की ओर से कहा गया था कि बिना गवाही कराये ही स्पीकर के न्यायाधिकरण ने फैसला सुरक्षित रखा है। स्पीकर के न्यायाधिकरण में बाबूलाल मरांडी और प्रदीप यादव के मामले में अलग-अलग तरीके से सुनवाई हो रही है, जो अनुचित है। यह सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में हुई। प्रार्थी की ओर वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह और अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने पैरवी की।

**क्या है याचिका में :** रिट याचिका में कहा गया है कि स्पीकर ने नियम संगत सुनवाई नहीं की है। स्पीकर के न्यायाधिकरण में संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत सुनवाई में भेदभाव हो रहा है। गवाही खत्म होने के बाद उन्हें पक्ष रखने का मौका नहीं दिया गया है। 30 सितंबर को सुनवाई खत्म कर ली गई है। फैसला कभी भी सुनाया जा सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि बाबूलाल मरांडी वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झाविमो उम्मीदवार के रूप में जीते थे लेकिन उसके बाद उन्होंने जेवीएम का विलय भाजपा में कर दिया था। जिसे लेकर उनके खिलाफ विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष दल बदल का मामला दर्ज किया गया है।

## कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिले कांग्रेसी दिग्गज

# झारखंड के वर्तमान राजनीतिक हालात का जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, नेता विधायक दल और मंत्री आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख व विधायक प्रदीप यादव पार्टी के सांगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिले। कांग्रेस नेता इंदौर में राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा में भाग लेने के बाद झारखंड वापसी के क्रम में बुधवार को दिल्ली पहुंच कर पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिले। नेताओं ने श्री वेणुगोपाल को झारखंड के राजनीतिक घटनाक्रम और संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी।



इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संगठन महासचिव को प्रदेश में बारह जिलों में अब तक आयोजित भारत जोड़ो यात्रा की जानकारी दी। साथ ही संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत प्रदेश में की गयी समितियों के सशक्तीकरण कार्यक्रम के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि विगत दिनों झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे की मौजूदगी में सभी नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रतिनिधियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही साथ उन्हें अपने दायित्व एवं कर्तव्यों के पालन का प्रशिक्षण भी दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संगठनात्मक कार्यक्रम के साथ साथ पार्टी की ओर से प्रदेश एवं जिलास्तर पर केंद्र सरकार के द्वारा केंद्रीय एजेंसियों और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के विरोध में आंदोलनों की भी जानकारी दी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने प्रदेश के नेताओं की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा को आम लोगों का अपार समर्थन मिला है।

## दस्तुरी में ₹51 हजार नहीं मिलने पर किन्नरों ने खूब मचाया उत्पात

### थाने में दोनों पक्षों ने की लिखित शिकायत



**बरियातु थाना क्षेत्र के एदलहातू के एक घर में किन्नरों ने की तोड़-फोड़**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शादी विवाह या बच्चों के जन्म या कोई खुशी में बधाई देने किनारों के पहुंचने का दस्तूर पुराना है लेकिन, वर्तमान में यह दस्तूर रंगदारी का रूप लेता हुआ नजर आ रहा है। इसकी बानगी बरियातू थाना क्षेत्र के एदलहातू इलाके में देखने को मिली। यहां मन मांगी रकम न मिलने केबाद किन्नरों ने बवाल शुरू कर दिया। किन्नरों ने स्थानीय लोगों से मारपीट की और घरों में ईंट-पत्थर फेंका। इसके बाद लोगों से भी भिड़ गये थे। पूरे प्रकरण में दो स्थानीय व पांच किन्नर चोटिल हुये हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार उमाशंकर प्रसाद की बेटी की शादी हुई थी। किन्नर उनके घर बधाई देने पहुंचे थे। इस दरम्यान किन्नरों ने 51 हजार रुपये की मांग की। जिसे उमाशंकर प्रसाद ने देने में असमर्थता जताई। इसके बाद बवाल गहरा गया। बात तू-तू, मैं-मैं तक होने के बाद मारपीट तक पहुंच गई। जिसके बाद जमकर मारपीट भी हुई। वहीं, स्थानीय लोगों ने भी किन्नरों के साथ मारपीट की। मामले को लेकर किन्नरों का कहना है कि उन्होंने महज 5100 रुपए की मांग की थी। जिसे बढ़ा चढ़ाकर बताया जा रहा है। वहीं, उनके साथ रास्ते में भी मारपीट की गई। इनकी गाड़ियों को भी तोड़ दिया गया। पूरे मामले पर घरवालों का कहना है कि 51 हजार रूप की मांग किन्नरों के द्वारा की गई थी। जिसे उन्होंने नहीं दिया तो किन्नरों ने बवाल काटा।

### जैप-4 के 66 सिपाहियों के स्थानांतरण पर लगी रोक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मोहन प्रसाद यादव व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए जैप 4 के 66 सिपाहियों के ट्रांसफर पर रोक लगा दी है। एडीजी जैप ने 23 नवंबर 2022 को आदेश निकाल कर इन 66 सिपाहियों को अलग-अलग वाहिनी में तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर करने का आदेश दिया था। इसके बाद इनमें से 22 सिपाहियों ने एडीजी जैप को आवेदन देकर ट्रांसफर रोकने की गुहार लगाई थी। जिसके बाद एडीजी जैप ने समादेष्टा जैप 4 बोकारो को आदेश दिया कि जिन 22 लोगों ने ट्रांसफर रुकवाने के लिए आवेदन दिया है उन्हें तत्काल प्रभाव से विरमित करते हुए उनका तबादला सुनिश्चित किया जाए। जिसको लेकर प्रार्थी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। प्रार्थी की ओर से कहा गया था कि उनका ट्रांसफर का आदेश न्याय संगत नहीं है। पुलिस मैनुअल के नियम 778 की अवहेलना है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पैरवी की। बुधवार को मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने एडीजी के 23 नवंबर 2022 के ट्रांसफर आदेश पर रोक लगा दी।

### अवैध संबंध के शक में पत्नी, बेटा और बेटी की कर दी थी हत्या

# तीहरे हत्याकांड में विशेष शाखा के चालक को उम्र कैद की सजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एसएम शहजाद की अदालत ने बुधवार को तिहरे हत्याकांड के दोषी पलामू निवासी अभियुक्त विशेष शाखा के पुलिस चालक ब्रजेश कुमार तिवारी (45) को उम्र कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, अभियुक्त पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अभियुक्त पर 15 वर्ष की बेटी खुशबू, 13 साल का बेटा बादल और 35 वर्षीय पत्नी रीना तिवारी की हथौड़ा से मारकर और चाकू घोंप कर हत्या करने का आरोप था। घटना को अंजाम 31 जनवरी 2020 की देर रात्रि को दी गई थी। तीनों की हत्या करने के बाद अभियुक्त ने भी कीटनाशक दवा खा ली थी। वह घटना के बाद से ही लगातार जेल में है। ऐसी वारदात के कारण अभियुक्त की जमानत अर्जी सिविल कोर्ट के साथ झारखंड हाईकोर्ट ने भी दो-दो खारिज कर दी थी। इस घटना के पीछे बेटी खुशबू का एक लड़के से संपर्क होने से खफा था। इसी बात को लेकर सदर थाना क्षेत्र के बड़गाई स्थित किराये के घर में उसने बेटी, बेटा और पत्नी की हत्या कर दी थी। घटना को लेकर अभियुक्त के खिलाफ सदर थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 55/2020 दर्ज की गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान एपीपी ने आठ गवाहों को प्रस्तुत किया था।



फाइल फोटो

### बेटी के प्रेम संबंधों से नाराज होकर दिया घटना का अंजाम, खुद को भी मारने का किया प्रयास

बेटी के प्रेम संबंधों से नाराज गढ़वा निवासी ब्रजेश तिवारी ने 31 जनवरी 2020 को अपने पूरे परिवार का खात्मा कर दिया था। फिर जहर खाकर जान देने की कोशिश की। जिसे बचा लिया गया। घटना के दिन अभियुक्त की पत्नी मायके गढ़वा से आई थी। अभियुक्त ने ही स्टेशन से उसे रात 9 .30 बजे घर लाया था। उसी दिन रात में बेटी के प्रेम प्रसंग को लेकर बहस हुई। इसी दौरान वह बेटी से उलझ पड़ा और बेडरूम के पास पड़ा हथौड़ा से हमला कर उसकी हत्या कर दी। बीच-बचाव कर रही पत्नी,बेटे को भी हथौड़े से मार डाला। जल्दी प्राण निकल जायें, इसलिए चाकू से गला रेत दिया था।

गौरतलब है कि अभियुक्त ब्रजेश तिवारी की सजा के बिन्दु पर सुनवाई के दौरान एपीपी श्याम चौधरी ने कहा कि जघन्य अपराध किया है। इसको देखते हुए कठोर से कठोर सजा दी जाये। इसका विरोध बचाव पक्ष के अधिवक्ता नृत्यानंद सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि मेरे मुवक्किल ने आवेश में आकर ऐसा अपराध किया। इसके पहले उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। कम से कम सजा देने का अनुरोध किया। अभियुक्त को डालसा की ओर से अदालत में उसका पक्ष रखने के लिए अधिवक्ता मुहैया कराया गया था।

## राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग मामले की जांच कर सकती है ईडी, एसएसपी से मांगे दस्तावेज

### पूर्व सीएम रघुवर दास, एडीजी अनुराग गुप्ता की बढ़ सकती है मुश्किलें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) राज्य में कई घपले-घोटाले की जांच कर रही है। अब, ईडी की नजर 2016 के राज्यसभा हार्स ट्रेडिंग पर है। मामले में ईडी ने पुलिस अधिकारी और रांची एसएसपी को पत्र लिख कर हॉर्स ट्रेडिंग से संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। ईडी इन दस्तावेजों की पड़ताल करेगी। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज कर सकती है। इससे पूर्व सीएम रघुवर समेत अन्य की मुश्किलें बढ़ सकती है। दरअसल, राज्यसभा हार्स ट्रेडिंग में चुनाव आयोग के निर्देश पर जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। वर्ष 2018 में दर्ज प्राथमिकी में अनुसंधान के दौरान कांग्रेस से बड़कागांव की तत्कालीन विधायक निर्मला देवी व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने पुलिस की पूछताछ में यह बयान दिया था कि राज्यसभा चुनाव 2016 में मतदान के तत्कालीन सीएम रघुवर दास, विशेष शाखा के तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता, तत्कालीन सीएम के सलाहकार अजय कुमार ने उन्हें एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मतदान के एवज में पांच करोड़ रुपये का लालच दिया था। मतदान के लिए आफर व धमकाने संबंधित एक आडियो भी रिकार्ड किया गया था।

उल्लेखनीय है कि राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग 2016 की जांच कर रहे अनुसंधानकर्ता डीएसपी राजा मित्रा ने मामले को बंद करने की सिफारिश की है। इस पर रांची के तत्कालीन सिटी एसपी अंशुमान ने 17 नवंबर 2022 को अपने सुपरविजन में कहा है कि मामले के वर्तमान अनुसंधानकर्ता हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने कांड दैनिकी समर्पित की है। अनुसंधानकर्ता ने गांधीनगर के विधि विज्ञान प्रयोगशाला के ऑब्जर्वेशन ओपिनियन में बिंदु 12 और 13 का उल्लेख नहीं किया है।

### अब तक सिर्फ 35 फीसदी हुआ खर्च

## चालू वित्त वर्ष में चार माह शेष खर्च करने होंगे 38 हजार करोड़ रुपये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड को अगले चार माह में बजट का 38 हजार करोड़ से अधिक की राशि खर्च करनी होगी। वर्तमान वित्त वर्ष 2022-23 में अब तक राज्य सरकार महज 20723 करोड़ राशि ही खर्च कर सकी है। जबकि केंद्र व राज्य दोनों को मिलाकर बजट 59464 करोड़ रुपये का है। कुल बजट का लगभग 35 फीसदी राशि ही विगत आठ माह में खर्च हो पाया है। हालांकि, उर्जा विभाग 87 फीसदी राशि खर्च कर दिया है। वहीं, पथ निर्माण, समाज कल्याण विभाग बजटीय प्रावधान का आधे से भी कम खर्च कर पाया है। सबसे खराब स्थिति नगर विकास, कृषि, स्कूली शिक्षा, ग्रामीण कार्य विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग आदि की है। बजटीय आंकड़े देखने से स्पष्ट हो रहा है कि कई महत्वपूर्ण विभाग आशा के अनुरूप राशि खर्च नहीं कर सके हैं। कुल बजट राशि 59, 464.24 करोड़ था। जिसमें कुल 59464.24 और 34.88 प्रतिशत खर्च हुआ है।



## आंदोलन करेंगे पंचायत स्वयंसेवक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की बैठक बुधवार को हुई। इस दौरान प्रदेश कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इसमें तरुण कुमार मुर्मू को प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश, चंद्रदीप कुमार को सचिव और संजय कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवकों की मांग और आंदोलन पर चर्चा की गयी। संघ के सदस्यों ने आंदोलन को फिर से तेज करने पर चर्चा की। वहीं चर्चा के दौरान अध्यक्ष तरूण कुमार मुर्मू ने कहा कि हेमंत सरकार अगर संघ की लंबित मांगों को पूरा नहीं करती है, तो चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। इसके लिए पंचायत स्वयंसेवकों को एकजुट होना होगा। साथ ही अलग अलग जिलों में बैठक समेत अन्य मुद्दों पर बात की गयी। बैठक मोरहाबादी ऑक्सीजन पार्क में की गयी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश सचिव चंद्रदीप कुमार ने की।

**राज्य सरकार कर रही सौतेला व्यवहार :** वहीं, सचिव चन्द्रदीप कुमार ने कहा कि सरकार पंचायत स्वयंसेवकों के साथ मे सौतेला व्यवहार कर रही है। संघ की लंबित मामलों के लिए सरकार अपने वादे से मुकर रही है। अगर संघ की मांगे पूरी नही होती है तो राज्य मे जोरदार आंदोलन किया जायेगा।

**संघ की लंबित मांग :** प्रोत्साहन राशि हो हटाकर मानदेय लागू हो, पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक का नाम हटाकर पंचायत सहायक किया जाये, स्थायी किया जाए।



सिटी की अन्य खबरें पेज 10 पर




राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड सरकार
PR NO.283894(Revenue, Registration & Land Reform) IPRD22-23

## आज का राशिफल
01-12-2022

मेष : धन प्राप्ति सुगम होगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। नवीन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए दिन अच्छा होने की संभावना है। परिवार में मेल-मिलाप बढ़ेगा।

वृष : रुके कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। माता के स्वास्थ्य की ओर ध्यान देना आवश्यक। पुराने रुके कामों, लेनदेन में सफलता की संभावना है। विद्यार्थियों को शिक्षा में सफलता मिलेगा।

मिथुन : लाभ के अवसर मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विशेष लाभ का योग है। आर्थिक उन्नति होगी। सामाजिक उत्तरदायित्व की पूर्ति करेंगे।

कर्क : पेट मे कोई कष्ट हो सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। संतान की गतिविधियों पर नजर रखना होगी। कामकाज का बोझ बढ़ने से व्यापार पर विपरीत असर हो सकता है। वाद-विवाद से दूर रहें।

सिंह : यात्रा से मन मे प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। सोच-समझकर कार्य करना लाभप्रद रहेगा। पुरुषार्थ सफल होगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखना चाहिए। व्यापार में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे।

कन्या : वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मसम्मान बना रहेगा। सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगे। पारिवारिक सुख-शांति बरकरार रहेगी। जोखिम के कार्यों से दूर रहें।

तुला : मान-सम्मान मिलेगा। धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सुख एवं पत्नी के सहयोग से मन प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। किसी से बहस न करें। काम-धंधे में सफलता के शुभ संकेत हैं।

वृश्चिक : दुःखद समाचार मिल सकता है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर संयम रखें। विरोधियों से सावधान रहें। परिवार की परेशानी का हल संभव है। भागीदारी के कामों में सफलता मिलेगी।

धनु : बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। अधूरे काम समय से पूरे होने के योग हैं। नए कार्यों से लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। धन का संग्रह होगा।

मकर : उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। संतान की प्रगति होगी। व्यापार-व्यवसाय में प्रगतिकारक वातावरण का सृजन होगा। पारिवारिक स्थिति आनंददायक रहेगी। मन प्रफुल्लित रहेगा।

कुंभ : प्रसन्नता रहेगी। संतान के संबंध में संतोष रहेगा। व्यावसायिक अथवा आजीविका संबंधी समस्या का समाधान हो सकेगा। पुरुषार्थ का पूर्ण फल मिलेगा।

मीन : जोखिम व जमानत के कार्य टालें। खर्च का बोझ बढ़ेगा। किसी पर अत्यधिक भरोसा न करें। व्यापार, नौकरी में अड़चनें आने से मनोबल में कमी आ सकती है।

# उपभोक्ता जल शुल्क का भुगतान ससमय करें : अपर नगर आयुक्त

## रांची नगर निगम की जलापूर्ति शाखा ने आम सूचना जारी कर सभी को सूचित किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नगर निगम रांची की जलापूर्ति शाखा ने बतौर आम सूचना रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सभी नागरिकों सूचित करते हुए कहा है कि झारखंड नगरपालिका जल कार्य, जल अधिभार एवं जल संयोजन नियमावली 2020 के धाराओं के अंतर्गत धारा 11 उपधारा (4) के तहत मीटर खराब होने की स्थिति में इसकी सूचना उपभोक्ता द्वारा रांची नगर निगम रांची को दी जायेगी। मीटर खराब रहने की स्थिति में मासिक जल शुल्क का निर्धारण उपभोक्ता के विगत तीन माह के विपत्र का औसत परिगणित करते हुए वसुल की जायेगी।

रांची नगर निगम के अपर नगर आयुक्त ने यह जानकारी देते हुए कहा है कि इसके अलावा धारा 11 उपधारा (5) के तहत नये आइएसआइ प्रमाणित मीटर उपभोक्ता द्वारा स्वयं क्रय किया जायेगा। निगम द्वारा मीटर अधिष्ठापित किये जाने की स्थिति में मीटर का मूल्य उपभोक्ता से वसूला जायेगा। इस क्रम में आम नागरिकों को यह भी सूचित किया गया है कि धारा 14 उपधारा (1) के तहत जल शुल्क का भुगतान लगातार दो महीनों तक नहीं किये जाने की स्थिति में रांची नगर निगम द्वारा उपभोक्ता से 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह व्याज के साथ मासिक जल शुल्क की वसूली की जायेगी।

अपर नगर आयुक्त ने इस सूचना में यह भी बताया है कि धारा 14 उपधारा (2) के तहत लगातार



**अवैध जल संयोजन को यथाशीघ्र वैध मीटर युक्त जल संयोजन में परिवर्तित करने को कहा**

छह माह तक जल शुल्क भुगतान नहीं किये जाने की स्थिति में उपभोक्ता का जल संयोजन बाधित कर दी जायेगी एवं बकाया राशि दोगुना दर से वसूल की जायेगी। साथ ही, ऐसी स्थिति में उपभोक्ता को पुनः नये जल संयोजन अधिष्ठापित करना अनिवार्य होगा। आवाम को यह भी सूचित किया गया है कि धारा 16 उपधारा (1)के तहत अवैध जल संयोजन की स्थिति में शहरी स्थानीय निकायों द्वारा झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 208 के आलोक में घरेलू प्रयोजनार्थ जल उपभोग की स्थिति में 4,000 रुपये एकमुश्त जुर्माना उपभोक्ता से वसूल किया जायेगा। गैर घरेलू प्रयोजनार्थ (औद्योगिक, वाणिज्यिक, संस्थागत एवं सरकारी) अवैध जल संयोजन की स्थिति में 10,000 (दस हजार) रुपये एकमुशत जुर्माना उपभोक्ता से वसूल किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जल संयोजन अधिष्ठापन शुल्क भी देय होगा।

अपर नगर आयुक्त ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि अपने जल शुल्क का भुगतान ससमय करें। बकाया डिमांड का भुगतान ऑनलाइन के माध्यम से भी किया जा सकता है। अगर टैक्स कलेक्टर द्वारा किसी कारणवश मीटर रीडिंग पर बिल डिमांड नहीं किया जा सका है, तो आप अपने मीटर का फोटो लेकर जन सुनधा केंद्र में बिल डिमांड जेनरेट कराके बिल का भुगतान कर सकते हैं। साथ ही, अपने अवैध जल संयोजन को वैध मीटर युक्त जल संयोजन में परिवर्तित कर लें, अन्यथा अवैध जल संयोजन पाये जाने पर नियमानुसार कारवाई की जायेगी।

## सीआइटी में 'महिलाओं के खिलाफ भेदभाव' पर जागरूकता पखवाड़ा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआइटी) में 'महिलाओं के खिलाफ भेदभाव' विषय पर जागरूकता पखवाड़े का आयोजन किया गया। सत्र का उद्घाटन प्राचार्य डॉ एन हरि बाबू ने किया। मौके पर सीआइटी (आर) के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ पल्लवी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थीं।

कार्यक्रम के दौरान पैनल चर्चा में कार्यस्थल पर महिलाओं से लैंगिक भेदभाव, यौन उत्पीड़न, समाज में महिलाओं के साथ विसंगति आदि मुद्दों पर चर्चा की गयी। सत्र को संबोधित करते हुए वीमेन सेल की मेंबर सेक्रेट्री डॉ शालिनी सिंह ने कहा कि पूरे पखवाड़े के दौरान विद्वत रिसोर्स पर्सनों द्वारा विषय पर व्याख्यान दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत आसपास की महिलाओं से जनसंपर्क कर उन्हें इस विषय पर जागरूक करने और इसकी रोकथाम के लिए उन्हें प्रेरित करने का कार्य किया जायेगा। मौके पर महिला प्रकोष्ठ की सदस्य प्रो. रसिका नवनीत सिंह, सुनीता नाथ, संगीता सिंह के अलावे संस्थान की महिला शिक्षिकाएं और कर्मी उपस्थित थे। डॉ शालिनी सिंह ने बताया की यह कार्यक्रम एआइसीटीइ के निर्देश पर आयोजित किया गया है।

## राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता को आचार्यकुलम के दो विद्यार्थी चयनित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से डीवीसी के तत्वावधान में रांची में गत 26 नवंबर को राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी, जिसमें आचार्यकुलम रांची के विद्यार्थियों ने विजयी ध्वजा लहराया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौर ने छात्रों को बधाई दी है।

प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से एक सौ छात्रों का राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया था। इनमें जूनियर ग्रुप-ए में आचार्यकुलम रांची की छात्रा निधि रानी को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 30,000 और शिवम कुमार कौशल को तृतीय पुरस्कार के रुप में 20,000 रुपये का पारितोषिक प्राप्त हुआ। सीनियर ग्रुप-बी में प्रत्यूष कुमार को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 7,500 रुपये का पारितोषिक प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष आचार्यकुलम रांची के विद्यार्थी कला के क्षेत्र में कला शिक्षक बिजय कुमार जयसवाल के मार्गदर्शन में नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

## चिल्ड्रेन साइंस कांग्रेस जूनियर ग्रुप में डीएवी बरियातू की प्रियाषा एंड टीम प्रथम

### 30वें जिलास्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस एवं 25वें बाल अधिकार कांग्रेस का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में साइंस फॉर सोसायटी की ओर से बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में 30वां जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस एवं 25वां बाल अधिकार कांग्रेस का आयोजन किया गया। इसमें नेशनल चिल्ड्रेन साइंस कांग्रेस के झारखंड स्टेट एकेडमिक कॉर्डिनेटर राजेंद्र कुमार और उनके नेतृत्व में साइंस फॉर सोसायटी के रिसोर्स पर्सन सुनील कुमार राय, सुरेंद्र प्रसाद सिंह और प्रिय रंजन कुमार वर्मा उपस्थित थे। इसमें डीएवी बरियातू, डीएवी हेहल, डीएवी पुंदाग, डीएवी गांधीनगर कांके और नीरजा सहाय डीएवी कांके के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की।



प्रत्येक विद्यालय से जूनियर और सीनियर ग्रुप में एक-एक टीम ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने परिवेश की समझ और बेहतर स्वास्थ्य को उसकी सुरक्षा और संरक्षा शीर्षक पर अपने मॉडल प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य विनय कुमार पांडेय और चाइल्ड राइट्स कांग्रेस के सदस्यों ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने स्कूली जीवन से ही अपने परिवेश के प्रति संवेदनशीलता और बढ़ती आबादी एवं ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे अपने रचनात्मक एवं नवाचार खोजी प्रतिभा से समस्याओं का समाधान और निराकरण प्रस्तुत कर सकें। विद्यार्थियों के मॉडल के मूल्यांकन के लिए शिक्षाविदों की निर्णायक मंडली में डीएसपीएमयू की सहायक प्राध्यापक डॉ शालिनी लाल, डॉ गीतांजलि सिंह, डॉ एके पाल, रांची विवि से सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ अभिजीत दत्ता, सीएमपीडीआइ के चीफ मैनेजर डॉ राकेश कुमार और सेंट्रल तसर रिसर्च इंस्टीट्यूट रांची के सेवानिवृत्त निदेशक डा. आलोक सहाय थे।

नेशनल चिल्ड्रेन साइंस कांग्रेस जूनियर ग्रुप में डीएवी बरियातू की प्रियाषा एंड टीम प्रथम और नीरजा सहाय डीएवी के मो. नावेद एंड टीम द्वितीय स्थान पर रहे। सीनियर ग्रुप में नीरजा सहाय डीएवी की सिमरा एंड टीम और डीएवी पुंदाग की सुरभि रानी एंड टीम क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे। चिल्ड्रेन राइट्स कांग्रेस के जूनियर ग्रुप में डीएवी नीरजा सहाय की श्रेया मिश्रा एंड टीम प्रथम, डीएवी हेहल की मुस्कान शर्मा एंड टीम द्वितीय और डीएवी बरियातु की वाची सिन्हा एंड टीम तृतीय स्थान पर रही। सीनियर ग्रुप में डीएवी हेहल की रिमझिम एंड टीम पहले, डीएवी पुंदाग के अभिषेक हाजरा एंड टीम दूसरे और डीएवी गांधीनगर कांके के जाह्नवी जायसवाल एंड टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभिगी के ग्रुप लीडर आठ से दस दिसंबर 2022 को डीपीएस बोकारो में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## श्याम मंदिर में हुआ श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा का पाठ



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 26वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। मंडल के उप मंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा, चना, गुड़, केला फल का प्रसाद अर्पित किया। सुगंधित इत्र चढ़ाकर श्री रामचरितमानस पाठ वाचक का पूजन किया। इसके बाद पाठ वाचक मनीष सारस्वत व हरिओम शर्मा ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। पाठ वाचक ने उपस्थित सैकड़ों भक्तों से संगीत में श्री सुंदरकांड का भक्ति भाव से पाठ करवाया। श्री हनुमान जी महाराज के दिव्य पावन अखंड ज्योति में सैकड़ों भक्तों ने आहुति देकर अपने लिए सुख समृद्धि की कामना निवेदित की। श्री सुंदरकांड के पाठ के बाद पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार (3 दिसंबर) को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में संध्या 5:00 बजे से 39वां श्री श्याम भंडारा होगा।

## पासवा का शिक्षक सम्मान समारोह 4 को

**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) झारखंड प्रदेश आगामी 4 दिसंबर को मोरहाबादी स्थित रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कर रहा है। साथ ही, 'शिक्षकों के लिए बच्चों द्वारा मोबाइल का इस्तेमाल एक चुनौती' विषय पर कार्यशाला भी आयोजित आयोजित की जायेगी। झारखंड सरकार के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शिक्षक सम्मान समारोह में लगभग 2000 शिक्षकों को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करेंगे। कार्यशाला में रिनपास की डायरेक्टर डॉ जयती सिमलई एवं डीएवी के पूर्व निदेशक शिक्षाविद् एलआर सैनी व्याख्यान देंगे। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि शिक्षक सम्मान समारोह पहले आर्यभट्ट सभागार में होना तय किया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम होने के कारण आर्यभट्ट की जगह अब दीक्षांत मंडप, मोरहाबादी रांची विश्वविद्यालय में आयोजित किया जायेगा।

## संत जेवियर्स कॉलेज में फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के तत्वावधान में इंटर डिपार्टमेंटल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें इंटरमीडियट ब्वॉयज सेक्शन में आइए फर्स्ट ईयर सेक्शन बी की टीम ने आइए फर्स्ट ईयर सेक्शन ए की टीम को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता में कुल 20 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें नमन किस्पोट्टा मैन ऑफ द मैच और आलोक तांबा मैन ऑफ द सीरिज घोषित किये गये।

वहीं, गर्ल्स डिग्री सेक्शन में कुल छह टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें इतिहास विभाग विजेता और हिंदी विभाग उपविजेता घोषित किये गये। इसमें रिस्मा मिंज प्लेयर ऑफ द मैच और सैनी गिद्ध प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनी। ब्वॉयज डिग्री सेक्शन में हिंदी विभाग की टीम विजेता बनी, जबकि बीकॉम की टीम उप विजेता बनी। इसमें प्रभात लकड़ा मैन ऑफ द मैच और रेमीश किस्पोट्टा प्लेयर ऑफ द टूनामेंट घोषित किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रांची विवि के परीक्षा नियंत्रक एके झा, संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य फादर नोबोर लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## रांची विवि में सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी विदाई

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के सभागार में बुधवार को सेवानिवृत्त शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों को सम्मान पूर्वक विदाई दी गयी। इनमें स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सुधा सिंह, केंद्रीय पुस्तकालय के शिक्षकेतर कर्मचारी बीएन उरांव एवं बी बागजी तथा हिंदी विभाग के विनोद गुप्ता शामिल हैं। विदाई समारोह के अवसर पर कुलपति डॉ अजीत सिन्हा ने कहा कि आपने कार्यक्षेत्र में बेहतरीन तरीके से विश्वविद्यालय के विकास में योगदान दिया है। भविष्य में विश्वविद्यालय को कभी आपकी जरूरत पड़े, तो आप सबके सहयोग की अपेक्षा रहेगी। आप सबके सुखद और मंगलमय जीवन की कामना करता हूं। कुलपति ने सभी को पुष्प गुच्छ एवं शाल देकर सम्मानित किया तथा साथ में पीएफ की राशि और पेंशन पेपर भी दिया। इस कार्यक्रम में प्रोवीसी डॉ अरुण कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ एमसी मेहता, एफओ डॉ एएन शाहदेव, डॉ स्मृति सिंह, वीके देवघरीया आदि उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### प्रणामी ट्रस्ट ने 135 जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल, मफलर और ऊनी मोजे



**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची एवं स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सदस्यों ने सयुंक्त तत्वाधान में बुधवार को नामकुम प्रखंड के कोलाड ग्राम में 135 जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच ठंड के प्रकोप को देखते हुए बचाव को कंबल, मफलर एवं ऊनी मोजे जैसे गर्म वस्त्रों का वितरण किया। कार्यक्रम के समापन होने पर कोलाड गांव के ग्रामीणों ने संस्था के सदस्यों का बहुत- बहुत आभार प्रकट किया।

### एकता कमेटी ने काली स्थान रोड में जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**रांची।** एकता कमेटी ने तत्वावधान में बुधवार को लोअर बाजार थानाके समीप काली स्थान रोड में गरीब,जरुरतमंद व बुजुर्गों को ठंड के बढ़ते प्रकोप से बचाव के लिए दूसरी बार पुनः कंबल वितरण किया गया। लोअर बाजार थाना प्रभारी - सह - इंस्पेक्टर श्री संजय कुमार ने जरूरतमंदों को अपने हाथों से कंबल देते हुए जाड़े में उसका उपयोग करने और ठंड से बचने को कहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार को माला पहनाकर व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि संजय कुमार ने भारतीय एकता कमेटी के द्वारा गरीबों के बीच कंबल वितरण के इस कार्य को एक पुनीत सेवा कार्य व इबादत की संज्ञा दी।

## आगमन काल प्रार्थना और ध्यान के अभ्यास का समय

### जेसीवाईए के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने कहा- वक्त है साल भर की गतिविधियों के मूल्यांकन करने का

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** किसी विद्वान का कथन कहें या सत्य वचन कहें, जिसमें कहा गया है कि यदि मन में बैर है, तो मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च जाने का कोई औचित्य ही नहीं। यह महज एक सैर माना जा सकता है और कुछ नहीं। पूरे जगत के मसीहियों के लिए जो प्रभु येसु ख्रीस्त के विश्वास में बढ़ते हैं, प्रत्येक वर्ष ख्रीस्त जन्मोत्सव से पूर्व का चार सप्ताह, जिसे आगमन काल कहते हैं, भी कुछ इसी तरह का है। वास्तव में आगमन काल लैटिन वाक्यांश का हिंदी रूपांतर है, जो दुनिया में येसु मसीह के आगमन को संदर्भित करता है।

झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन (जेसीवाईए) के अध्यक्ष कुलदीप तिर्की ने खबर मन्त्र को उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आगमन को अक्सर एक खुशी के अवसर के रूप में देखा जाता है। मसीही विश्वासियों के लिए आगमन काल की यह अवधि, चालीसा महाउपवास काल (लेंट) के समान आध्यात्मिक तौर पर आंतरिक व सांसारिक तौर पर वाह्य तैयारी का मौसम है। मसीहियों के लिए आगमन काल का यह समय प्रार्थना और ध्यान का अभ्यास करने का है।



हालांकि, एडवेंट (आगमन), लेंट (चालीसा) की तरह बहुत कड़ा या सख्त नहीं है, लेकिन इसका उद्देश्य आत्म-तैयारी का समय होना है।

उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों बाद यह वर्ष बीता हुआ वर्ष हो जायेगा और ऐसे समय में थोड़ा ठहर कर सोचने की जरूरत है। वक्त है साल भर की गतिविधियों का मूल्यांकन करने और हमने इस वर्ष क्या पाया क्या खोया, उन्हें जानने का। इनमें कुछ घटनाएं ऐसी होंगी, जो हमे खट्टे अनुभव देती है, फिर भी उसको छोड़ते हुए हमें आगे बढ़ना है। इन सबके बीच बालक येसु का जन्मदिन हमारे दिल के दरवाजे पर दस्तक दे रहा है और कह रहा है आओ कुछ नयेपन के साथ नये वर्ष में प्रवेश करें।

उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन खोखले दिखावे से ऊपर उठकर करने का है। इस परिवर्तन में सामाजिक अच्छाइयां, पारिवारिक कल्याण में भागीदारी लेकर, अपने मन को साफ कर किसी के प्रति बैर की भावना न रख कर खुद से ज्यादा दूसरों में खुशी बांटना होगा। इस परिवर्तन के क्रम में हम अपने पिछले खराब आदतों से दूरी बनायेंगे। क्रिसमस नये दौर के आगाज की तरह है और इसकी खुशियों को हम सिर्फ खुद तक सीमित नहीं रख सकते। इस खुशी को सभी तक बांटना हमारा कर्तव्य है और ऐसा करने से सही अर्थ में क्रिसमस हमें आत्मिक खुशी देगा।

## संविधान सप्ताह पर डालसा ने संविधान के उद्देश्य व मौलिक कर्तव्यों की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निदेर्शानुसार, न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के मार्गदर्शन में नगड़ी प्रखंड के नारो गांव में संविधान सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में रीना लिंडा, बेबी देवी, उमेश कुमार, सतीश कुमार एवं राजा का सहयोग रहा।

इस अवसर पर डालसा के पीएलवी बेबी देवी द्वारा डायन बिसाही, वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन योजना, फसल बीमा योजना, राशन कार्ड, रोड दुर्घटना, लेबर कार्ड, बाल विवाह आदि के बारे



में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। रीना लिंडा एवं बेबी देवी ने उपस्थित बच्चों को गुड टच, बैड टच एवं संविधान के मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उमेश कुमार एवं सतीश कुमार द्वारा संविधान के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। इसके अलावा, उन्हें मूल अधिकार तथा मूल कर्तव्य की जानकारी भी दी गयी। पीएलवी ने पीड़ित मुआवजा एवं एसिड अटैक में प्राप्त होने वाले मुआवजा के बारे में भी जानकारी दी। अंत में ग्रामीणों, बच्चों एवं आगंतुकों के बीच पम्पलेट, लिफलेट एवं कानून संबंधित पुस्तिका का वितरण किया गया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

स्पीड न्यूज

## राहे प्रखंड में बालू घाटों का निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान अधिकारी।

**राहे।** प्रखंड के बासाहातू घाट और पोगड़ा घाट में बालू घाट बंदोबस्ती को लेकर बुधवार को अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिला खान निरीक्षक विश्वनाथ उरांव, सीओ महेंद्र छोटन उरांव ओर ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान की टीम ने प्रखंड के दोनों घाट में जाकर निरीक्षण किये। इस दौरान अधिकारियों ने कई बिंदुओं का सत्यापन किये। जिला खान निरीक्षक विश्वनाथ उरांव ने कहा कि प्रखंड में दो बालू घाट का बंदोबस्ती करने की तैयारी की जा रही है। इसी के आलोक में घाट का निरीक्षण किया गया।

## किसान को सब्सिडी में मिला ट्रैक्टर


किसान को ट्रैक्टर देते अधिकारी।

**राहे।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय में कल्याण विभाग से 40 प्रतिशत सब्सिटी में 45HP का ट्रैक्टर का वितरण लोवाहातू पंचायत के गोवाली गांव के श्रवण सिंह मुंडा को कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर दिया गया। मौके पर बीडीओ हारून रशीद, सीओ महेंद्र छोटन उरांव, कल्याण पदाधिकारी ऐनुल हक, विधायक प्रतिनिधि संजय सिद्धार्थ, जिला परिषद सदस्य बादल महतो, प्रमुख लीलमनी देवी, उपप्रमुख उमेश प्रसाद, रंग बहादुर महतो, आदि उपस्थित थे।

## बिजली का पोल गाड़ कर की जा रही है सरकारी राशि का दुरूपयोग

**अनगड़ा।** गोंदली पोखर से विकास सड़क के किनारे सालहन गांव के पास सड़क से मात्र दो फीट की दूरी पर संबंधित विभाग के द्वारा बिजली का पोल गाड़ कर सरकारी राशि का दुरुपयोग एवं बंदरबांट किया जा रहा है। जबकि नियमत: पक्की सड़क से दस फीट की दूरी पर बिजली का पोल होना चाहिए। बताया गया कि इस सड़क का निकट भविष्य मे चौड़ीकरण कार्य होना। इसके लिए पथ निर्माण विभाग से38 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत हुई है। सड़क को दोनो किनारे करीब दस-दस फीट चौड़ा किया जाना है सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने पर इन बिजली के खंभो को उखाड़ना पडेगा जिससे सरकारी राशि की बवार्दी होगी। समाजसेवी डॉ रिझू नायक ग्राम प्रधान शिबु मुन्डा एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सिकंदर अंसारी ने इसका विरोध किया है तथा संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि बिजली का पोल सही जगह पर गाड़ा जाय ताकि सरकारी राशि का दुरुपयोग न हो साथ ही होने वाले सड़क दूर्घटना से बचा जा सके।

## सरस्वती शिशु विद्या स्कूल का निरीक्षण



**बेड़ो।** विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव जी ने बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो का औचक निरीक्षण किया। मौके पर गुमला विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र, रांची विभाग के निरीक्षक फनींद्र नाथ आदि मौजूद थे। वहीं अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश नारायण सिंह ने कराया। राव जी ने आचार्य के साथ बैठक में लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति एवं भारतीय शिक्षा नीति पर व्याख्यान दिया । उन्होंने भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के अनुरूप शिक्षा देते हुए सर्वांगीण विकास की चर्चा किया' इस दौरान उन्होंने शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास हेतु खेलकूद और योग पर चर्चा किया ' वहीं मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष भवानी शरण सिंह, सचिव वाणी कुमार राय, कोषाध्यक्ष भीखा उरांव समेत सभी आचार्य एवं शिक्षिका मौजूद थे।

# आजसू ने धरना प्रदर्शन कर, मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौपा

खबर मन्त्र संवाददाता


राहे पावर हाउस में प्रदर्शन करते कार्यकर्ता।

**सोनाहातू/ राहे।** प्रखंड क्षेत्र में लचर विद्युत व्यवस्था के खिलाफ पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को आजसू पार्टी कार्यकताओं ने बिजली उपकेंद्र चंदनडीह के समीप धरना प्रदर्शन किया। धरना स्थल पर पहुंचे राहे बीडीओ हारून रशीद को प्रभारी संजय सिद्धार्थ, प्रमुख लीलमणि देवी, उपप्रमुख उमेश महतो, प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो, प्रकाश सिन्हा, जगन्नाथ मुखर्जी, म्युकभूषन महतो, आदि ने मुख्यमंत्री सह ऊर्जा मंत्री झारखंड सरकार के नाम 6 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन पत्र में आजसू पार्टी ने क्षेत्र में निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति करने, बीपीएल परिवारों को मुफ्त बिजली देने, एक सौ यूनिट तक बिजली माफ करने, बिजली उपभोक्ताओं को फर्जी बिल देना बंद करने, बिजली बिल एवं मीटर रीडिंग में संशोधन करने के अलावा सभी फीडरों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति करने की मांग शामिल है। इस दौरान धरने पर बैठे आजसू कार्यकताओं ने विजली उपकेंद्र के समीप रोषपूर्ण प्रदर्शन किया और व्यवस्था के विरोध में नारेबाजी की। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में आजसू पार्टी के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे। आजसू कार्यकताओं ने बिजली विभाग के पदाधिकारियों व कर्मचारियों पर व्यवस्था में लापरवाही का आरोप लगाया। मौके पर रमेश महतो प्रमोद सिंह, मनोरंजन भोक्ता, किरीटी महतो, छोटन मुंडा, सुभाष महतो, तुसुमनी देवी, राजू महतो, दुर्लभ महतो, लहरू महली, आदि उपस्थित थे। इधर सोनाहातू विद्युत सबस्टेशन में प्रभारी सुनील सिंह के नेतृत्व में आजसू कार्यकताओं ने रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा की अनियमित बिजली आपूर्ति से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी होती है। जिसमें विद्यार्थी, व्यवसाई, कृषक तथा अन्य लोगों को लचर व्यवस्था का दंश झेलना पड़ रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर आजसू गंभीर है। यदि विभाग 15 दिनों में व्यवस्था में दुरुस्त करने की दिशा में पहल नहीं की तो पार्टी उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होगा। कार्यकताओं ने सोनाहातू बीडीओ सुचित्रा मिंज को मुख्यमंत्री के नाम 6 सूत्री ज्ञापन सौपा। मौके पर चितरंजन महतो, तारणी सिंह मुंडा,सुषेन प्रामाणिक, रमेश सिंह मुंडा, रुप कुमार साहू, मिहिर महतो, दिलीप कोइरी, समेत आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आजसू ने कांके क्षेत्र में बिजली की सुधार के लिए ज्ञापन सौंपा

**पिठोरिया।** बुधवार को आजसू पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार राज्य भर मैं खराब लाचार बिजली व्यवस्था को लेकर कांके आजसू पार्टी प्रखंड समिति के तत्वधान से विद्युत कार्यालय कांके में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने, एवं आम जनों की समस्याओं को लेकर काके के सहायक अभियंता साबिर अली को ज्ञापन सौंप समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही व्यवस्था को ठीक करने का आग्रह के साथ ही चेतावनी दिया कि जल्द से जल्द व्यवस्था ठीक नहीं होगी तो पार्टी के द्वारा विद्युत कार्यालय में जबरदस्त तरीके से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर रांची जिला अध्यक्ष संजय कुमार महतो, संगठन सचिव रांची जिला अभिषेक राज हेरेंज ,जिला उपाध्यक्ष एतवा उरांव ,कोषाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष सैफुल्ला अंसारी, प्रवक्ता सूरज कुमार मिश्रा, राजेश महतो, संदीप कुमार, प्रखंड सचिव सुरेंद्र महतो प्रखंड महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती बबली कुमारी, जिला सचिव शिवाजी पाटील अमित महतो ,आनंद महतो, सचिन महतो सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम


प्रतिमा पर माल्यार्पण करते राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू।

- आदिवासी असतित्व बचाने के लिए समाज को मंतातरण बचाना होगा
- अंग्रेजी हुकूमत पर भगवान बिरसा मुंडा ने की थी पहला उलगुलान

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारत मुंडा समाज द्वारा गुरूवार को बारह पड़हा मैदान पुंदाग ओरमांझी में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालक और बालिकाओं का फुटबॉल मैच का आयोजन व मैट्रीक परिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्षन करने वाले क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव के स्कूली बच्चों सम्मानित किया गया। वहीं रात्रि में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विजेता टीम के खिलाड़ी व स्कूली बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आदित्स साहू ने कहा गरीबों के सोषन के खिलाफ जनमानस को जगाने वाले बिरसा मुंडा अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ पहला उलगुलान किया था। यही कारण था कि लोग उन्हे भगवान की उपाधी दी। उन्होने कहा झारखंड के गरीब व भोले-भाले आदिवासी समाज को मंतातरण किया जा रहा है। झारखंड में आदिवासी समाज के अस्तित्व बचाने के आदिवासी समाज को जागरूक व शिक्षित बनाना होगा। उन्होने कहा केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा एक आदिवासी महिला को महामहीम द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाकर आदिवासियों को सम्मान देने का कार्य किया गया है। भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा में माल्यार्पण करने वालों में मुख्य रूप से कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, जिप सदस्य सरिता देवी, खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्यासी सह आजसू जिला सचिव रामधान बेदिया, पंसस रष्मि रेखा मुंडा, मुखिया रीना देवी, कलावती देवी, समाज सेवी चतुर साहू, शैलेंद्र मिश्रा, मोतीलाल महतो, आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, सचिव संजय मुंडा, भीम मुंडा, राजु मुंडा, कामेश्वर मुंडा, गोपाल मुंडा, सूरज मुंडा, शीतल मुंडा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थें।

# बिजली की लचर व्यवस्था से परेशान हैं उपभोक्ता

- आजसू ने सब स्टेशन में किया धरना प्रदर्शन
- एसडीओ को सौंपा ज्ञापन
- सुधार को दिया दस दिन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** बिजली की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान हैं। आजसू के विधान सभा प्रभारी भरत साहू कांसी और जिप अध्यक्ष निर्मला भगत की अगुआई में सैकड़ों कार्यकत्ताओं ने विद्युत सब स्टेशन के समक्ष धरना दिया और प्रदर्शन भी किया। श्री कांसी और श्रीमती भगत ने बिजली की आंख मिचौनी से बच्चों के पठन-पाठन में हो रही कठिनाइयों से विभागीय अधिकारी व अभियंताओं को अवगत कराया। उन्होंने एसडीओ को 8 सूत्री ज्ञापन सौंप दस दिनों के अंदर स्थिति में सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। प्रदर्शन कारियों को राजीव रंजन उर्फ चिंटू मिश्र, जिप सदस्य मनीषा देवी, आजम अंसारी, राजाराम महतो, प्रेम प्रकाश नाथ शाहदेव, सलगी उरांव व अनिता तिग्गा ने भी संबोधित किया।

### जानें क्या है मांगे

बिजली की अव्यवस्था को दूर करना, अघोषित बिजली कटौती को समाप्त करना, गांवों में जरूरत के हिसाब से तार, खंभे व ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने, नये कनेक्शन में रिश्वतखोरी बंद करने, जर्जर तार और पोल को अविलंब बदलने, परहेपाट और कन्नौज में तार, पोल व ट्रांफार्मर उपलब्ध कराने, अभियंताओं से समय पर ऑफिस आने तथा लंबित आवेदन का शीघ्र निष्पादन करने आदि।

## एक नजर में

### बेलांगी स्टेडियम में फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज

- बेथनी कॉन्वेंट स्कूल ने हुरहुरी को हराया
- 40 टीमें ले रही हिस्सा
- तीन को होगा समापन


खिलाड़ियों से परिचय लेते अतिथि।

**रातू।** प्रखंड में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता शुरू हो गयी है। बेलांगी स्टेडियम में आयोजित चार दिनी प्रतियोगिता का शुभारंभ जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रमुख संगीता तिर्की, जिप सदस्य मनीषा देवी, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। हुरहुरी और बेथनी कॉन्वेंट स्कूल के बीच उद्घाटन मैच खेला गया। इसमें कॉन्वेंट ने पेनाल्टी के जरिये हुरहुरी को 4-3 से पराजित कर दिया। इससे पूर्व अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग की 40 टीमें भाग ले रही हैं। इसका समापन 3 दिसंबर को होगा। संचालन बीपीएम तैयब अंसारी कर रहे हैं। मौके पर बीडीओ हरिशंकर बारिक, सीओ प्रदीप कुमार, झामुमो नेता महावीर विश्वकर्मा, देवेंद्र पांडेय, लहना के पूर्व मुखिया लक्ष्मी भगत, आजसू नेता राजीव रंजन मिश्रा, विशाल साहू, आजम अंसारी व अब्दुल सुभान अंसारी आदि मौजूद थे।

### बीडीओ ने बीसीईओ को दिया प्रशस्ति पत्र

- विवादरहित रहे विनय कुमार
- जल्द होगा विदाई समारोह


जल्द होगा विदाई समारोह।

**रातू।** प्रखंड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी विनय कुमार बुधवार को सेवानिवृत हो गये। वह कृषि पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में भी थे। श्री कुमार का कार्यकाल विवादरहित रहा। मृदु स्वभाव के धनी श्री कुमार ने दोनों ही पदों का निर्वहन बखूबी निभाया और प्रशासनिक महकमे में अमिट छाप छोड़ी। उनके कुशल कार्य प्रणाली से सहकारिता को यहां नया आयाम मिला। बीडीओ हरिशंकर बारिक ने अपने कार्यालय कक्ष में उन्हें बेहत्तर सेवा के लिये प्रशस्ति पत्र दिया और उनके दीघार्यु होने की कामना की। श्री बारिक ने बताया कि विनय कुमार के सम्मान में जल्द ही भव्य विदाई समारोह आयोजित किया जायेगा। मौके पर सहकारिता पदाधिकारी देवेंद्र पांडेय, प्रधान सहायक राजीव कुमार व लिपिक मो जमालुद्दीन मौजूद थे।

### बीआरसी भवन में कार्यक्रम आयोजित


बीईईओ को बुके देकर सम्मानि करते।

**इटकी।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अनुराधा रानी बुधवार को सेवानिवृत्त हो गईं। राजकीयकृत गजेंद्र मध्य विद्यालय परिसर स्थित बीआरसी भवन में एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विदाई दी गयी। मौके पर बीआरसी, सीआरसी की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर व बुके देकर सम्मानित किया गया। अनुराधा रानी ने अपनी संक्षिप्त संबोधन में कहा कि हमे अपने काम के प्रति पूरी तरह से ईमानदार होना चाहिए। तभी हम पूर्ण रूप से सफल हो सकते है। मौके पर रुबाना परवीन, पम्मी सिन्हा, आभा कुमारी, नूतन तिर्की, वसीम अहमद, वहाब हमजा,शंकर महतो, बंधना उरांव, श्याम कुमार, दानिश निजाम, अनिरुद्ध कुमार, मो जुबैर व प्रशांत कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर आजसू का प्रदर्शन

**अनगड़ा।** प्रखंड के बेड़वारी पॉवर सब-स्टेशन में बुधवार को बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर आजसू पार्टी के कार्यकर्तओं ने धरना प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकताओं ने बिजली की कटौती को लेकर सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी किए। उन्होंने सरकार से बिजली की लचर व्यवस्था मे तत्काल सुधार करने की मांग की। बाद मेआजसू अनगड़ा प्रखंड कमिटी ने विभाग के एसडीओ और जेई को ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी की यदि एक सप्ताह के अंदर बिजली आपूर्ति मे सुधार नहीं हुआ तो पार्टी की ओर से उग्र आंदोलन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में मौके पर आजसू के जिला उपाध्यक्ष विरेन्द्र सिंह भोगता, जलनाथ चौधरी, वीणा देवी, जिला प्रवक्ता सह मुखिया रोशन लाल मुंडा, जगरनाथ महतो, जलेन्द्र चौधरी, धमेंद्र सिंह, ज्योतिष महतो, अमर सिंह मुंडा, राजू महली, शंकर बेदिया, फुलमनी देवी, साहेबराम महतो, धीरेन्द्र सिंह, सुरेश प्रजापति, मनोज महतो समेत सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी सेविका 10 दिनों से रिम्स में भर्ती


पोषाहार के इंतारज में बैठक बिरहोर बच्चें।

**ओरमांझी।** बिरहोर टोली दोहाकातु की आंगनबाड़ी सेविका फुलमनी बिरहोर पिछले 10 दिनों से बीमार है। तबियत ज्यादा बिगड़ने के बाद उसे उपचार के रिम्स में भर्ती किया गया है। फुलमनी बिरहोर को रिम्स में उसके पति बाबुलाल बिरहोर देखभाल कर रही है। वहीं बेटा अनिल बिरहोर ने इसकी जानकरी दी और बताया कि ठंड के कारण फुलमनी बिरहोर बीमार हुई है। फुलमनी बिरहोर के बीमार होने से बिरहोर बच्चों को दोहाकातु गांव की साहिका पोषाहार (भोजन) बना कर खिलाकर चली जाती है। वहीं गांव के अन्य बिरहोर मजदूरी व अन्य काम पर चले जाते हैं। बिरहोर बच्चों को भी देख-भाल करने की जरूरत है। गांव के बिरहोर समाज के लोगों ने कहा ठंड में उन्हे मदद की जरूरत है। वहीं आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि बिरहोर बस्ती रामगढ़ जिला में पड़ता है, और बिरहोर बस्ती रांची के ओरमांझी प्रखंड स्थित होने के कारण उन्हे रामगढ़ जिला स्तर से मदद नही मिल पाता है।

### रातू : दलादिली बाजार से बाइक की चोरी

**रातू।** दलादिली बाजार से बुधवार की शाम अपराधियों ने भोंडा निवासी इमरान अंसारी की मोटर साइकिल जेएच 01बीडब्लू 6461 की चोरी कर ली। वह सब्जी खरीदने आये थे। बाइक को रिंग रोड के किनारे खड़ी कर बाजार गये। बीस मिनट बाद वापस आये, तो बाइक गायब थी। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

## हेमंत सरकार विकास के झूठे वादे करने में मस्त


सड़क का उद्घाटन करते सांसद व अन्य।

**ठाकुरगांव।** राज्य सरकार सिर्फ झारखंडवासियों को हसीन सपने दिखाने का कार्य कर रही है। राज्य की हेमंत सरकार विकास के झूठे वादे करने में मस्त है। उक्त बातें राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहु ने बुधवार को ठाकुरगांव स्थित मुड़लाटोली में अपने मद से निर्मित पेवर ब्लॉक सड़क के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही। साथ ही सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी किया। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, गंगोत्री कुजूर, मंडल अध्यक्ष उतपल शाहदेव, रामकुमार दुबे ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व अतिथियों ने मुड़लाटोली हनुमान मंदिर से अखरा तक पेवर ब्लॉक सड़क का उद्घाटन किया। मौके पर बिंटू शाहदेव, अमृत महतो,सुरेश ठाकुर समेत अन्य मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने किया नया विधुत्त ट्रांसफर का उद्घाटन

**अनगड़ा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बोंगइबेड़ा पंचायत के बेनिया जारा गांव मे पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने सोमवार को नया ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया। मालुम हो कि उक्त गांव में ट्रांसफार्मर महीनों से खराब था। ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे। समस्या से पूर्व विधायक को अवगत कराया गया। इनके प्रयास से ग्रामीणों को नया ट्रांसफार्मर मिला जिसका बुधवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, धनीराम महतो, सुनील महतो, अगमालाल महतो, जागेश्वर महतो, समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## चार दिनों से स्पर्धा का वार्षिक खेल महोत्सव समापन



**मांडर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मेनेजमेंट रांची में चल रहे चार दिनों से स्पर्धा का वार्षिक खेल महोत्सव का बुधवार को फुटबॉल मैच के साथ समापन किया गया। फुटबॉल टूनामेंट में निर्णायक मैच प्राचार्य एलेवन और टीम आईटी (द्वितीय वर्ष) बी. एससी पाठ्यक्रम के बीच खेला गया जिसमें प्राचार्य एलेवन द्वारा शानदार जीत दर्ज कर खिताब पर कब्जा किए। संस्थान के प्राचार्य तथा प्राचार्य एलेवन टीम के कप्तान एवम गोलकीपर के रूप में डॉ. भूपेश कुमार ने शानदार प्रदर्शन दिखाया तथा अपनी टीम को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। साथ हीं प्लेयर ऑफ टूनामेंट अनुपम तिग्गा एवम बेस्ट फुटबॉल प्लेयर महादेव तिग्गा को चुना गया। छात्रों के लिए आयोजित बैडमिंटन टूनामेंट में बी. एस सी पाठ्यक्रम के तृतीय वर्ष के मैक्सिमिलन प्यूरिफिकेशन और भानु प्रताप विजेता रहें तथा प्रवीण कुमार महतो एवम अमन कुमार उपविजेता घोषित हुए वहीं छात्राओं में तृतीय वर्ष की सुधा कुमारी, विजेता एवम कुमारी मनीषा शर्मा, उपविजेता रहीं।

## भाजपा ने कंबल का वितरण किया

**सिकिदिरी।** भाजपा सिकिदिरी मंडल ने बढ़ती ठंड को देखते हुए बुधवार को सहेदा गांव में 100 गरीब-असहाय वृद्ध महिला-पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल का वितरण रांची की मेयर आशा लाकड़ा जी के सौजन्य से किया गया। उन्होने कहा की गरीबों की सेवा से ईश्वर का सान्निध्य प्राप्त होता है। कंबल वितरण करने वालों में सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, महेश महतो सांसद प्रतिनिधि नंदलाल राम, उपाध्यक्ष धनेश्वर बेदिया, मनमोहन भोक्ता, खेमलाल महतो, दशरथ करमाली, विजय करमाली आदि शामिल है।

## ऑक्सफोर्ड विद्यालय की संचालिका शिखा सरकार का निधन, शोक की लहर



**सिल्ली।** ऑक्सफोर्ड विद्यालय के संचालिक सह प्राचार्या शिखा सरकार (70) की बुधवार की सुबह उनके विद्यालय परिसर स्थित निवास स्थान पर आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार मुरी स्वर्णरेखा नदी तट के मुक्तिधाम पर किया गया। वे न सिर्फ अपने विद्यालय के प्राचार्या थी बल्कि समाज सेवी, एवं सामाजिक कार्यक्रम में वह बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे वे पुर्व में उसुर्लाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल मुरी में भी शिक्षिका के रुप में सेवा दे चुकी थी। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।उनके निधन पर विधायक सुदेश कुमार महतो, गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, विद्यालय परिवार एवं शिक्षा जगत के लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

## कुएं से अज्ञात महिला का शव बरामद

**सिल्ली।** मुरी ओपी क्षेत्र के सुलुमजुड़ी के ईचाग गांव में सिल्ली निवासी भुवन आश के खेत पर स्थित कुएं से एक अज्ञात महिला का शव पुलिस ने बुधवार सुबह को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया। महिला की उम्र लगभग 50 वर्ष होगी । प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने पुलिस को कुएं में शव होने की सूचना दी। सुचना पाकर सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप एवं मुरी ओपी के एसआई शौरभ कुमार शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंच कर कुएं से महिला का शव निकाला। खबर लिखे जाने तक महिला का पहचान नहीं हो सकी थी। इस मामले को लेकर मुरी ओपी पुलिस ने एक यूडी केस दर्ज किया है।

## आजसु पार्टी ने दिया धरना प्रदर्शन

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के उलिडीह स्थित पॉवर ग्रिड में आजसु पार्टी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पार्टी के बरिष्ठ कार्यकताओं द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम का पांच सूत्री मांग पत्र सहायक अभियंता किशोर लमाई को सौंपा गया। मौके पर उपस्थित आजसु पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह पश्चिमी जिप सदस्य विजय सिंह मानकी ने कहा की तमाड़ पॉवर ग्रिड का निर्माण जिस उद्देश्य के साथ किया गया था। वह आज पुरा होता नही दिख रहा है। तमाड़ की जनता आज अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। जब आमजनों और पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को बिजली की जररूत होती है तो बिजली काट दी जाती है। सरकार तुरंत पहल करें अन्यथा पार्टी उग्र आन्दोलन करेगी। अनियमित बिजली आपुर्ति से जनता त्रस्त हैं। सरकार को शीघ्र पहल कर नियमित बिजली बहाल करना चाहिए।

## यत अंतर्गत उचरी गांव में संचालित

**मांडर।** नगड़ा पंचायत अंतर्गत उचरी गांव में संचालित रात्रि पाठशाला भवन में लाइब्रेरी मैन के रूप में प्रसिद्ध चाईबासा निवासी संजय कच्छप द्वारा कई प्रकार की सामग्रियां उपलब्ध कराई गई। पंचायत के मुखिया बहादुर उरांव ने बताया कि लाइब्रेरी मैंन ने प्राथमिक पाठशाला की लाइब्रेरी हेतु बैट्री, इनवर्टर, कंप्यूटर, प्रिंटर, प्रोजेक्टर सहित कई अन्य सामग्रियां प्रदान की। साथ ही बहादुर ने बताया कि यह वही लाइब्रेरी मैन संजय हैं जिन के विषय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मन की बात की थी। कार्यक्रम के दौरान इनकी तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह व्यक्ति गरीब बच्चों के सपनों को एक नई उड़ान दे रहे हैं। पुस्तकों की कमी के कारण कई बच्चों का भविष्य अंधकार में गुम न हो जाए इसलिए संजय झारखंड के कई जिलों में विद्यार्थियों के लिए लाइब्रेरी खोल रहे हैं जो कि एक सराहनीय कार्य है।

## पावर सबस्टेषन में आजसू का प्रदर्षन



**ओरमांझी।** बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ आजसू पार्टी द्वारा ओरमांझी के बिजली पावर सबस्टेषन इरबा में प्रदर्षन किया गया। केंद्रीय कमिटी के दिशा-निर्देश पर बुधवार को पावर सबस्टेशन में प्रदर्षन करने पहुंचे कार्यकताओं ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी की और एक ज्ञापन सौंप बिजली की लचर व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की गई। प्रदर्षन करने वालों में आजसू पार्टी के रांची जिला सचिव रामधन बेदिया, लक्ष्मी नारायण महतो, दिगंबर महतो, संजय तिर्की, विनोद महतो, श्रवण महली, संजय महतो, आर्यन महतो, आनंद महतो, दिलीप महतो, अमर महतो आदि शामिल थें।

# राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की समीक्षा बैठक पिपरवार में संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन की बैठक क्षेत्रीय कार्यालय बचरा में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह एवं संचालन क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद कासिम उर्फ मुन्ना ने किया। इस बैठक में आगामी 10 दिसंबर को राष्ट्रीय कोयला मजदूर रीजनल कमेटी की बैठक की तैयारी को लेकर समीक्षा किया गया। साथ ही रीजनल कमेटी की बैठक में राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के रीजनल कमेटी के अध्यक्ष बेरमो विधायक जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक में उपस्थित यूनियन प्रतिनिधियों ने रीजनल कमेटी की बैठक में सभी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं सचिव शाखा सचिव सहित यूनियन के सभी पदाधिकारियों से उपस्थित होने का आह्वान किया गया है साथ ही 10 दिसंबर को बैठक में शामिल होने को लेकर बचरा ऑफीसर्स क्लब में ज्यादा से ज्यादा की संख्या में आकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का आह्वान किया गया क बैठक में मुख्य रूप से नकुल प्रसाद, मिथिलेश शर्मा, सलीम जावेद, मोहम्मद आलम, मोहम्मद युसूफ, रामेश्वर, राजेंद्र राम, शंकर मुखर्जी, सुमन मिश्रा, मोहम्मद शहाबुद्दीन, भोला, राहुल, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# बेहतरीन लिंगानुपात

आज देश में उनकी स्थिति में सकारात्मक बदलाव हुआ है। नेशनल फैमिली एंड हेल्थ सर्वे के निष्कर्ष तो कम से कम यही संकेत दे रहे हैं कि देश में पहली बार महिलाओं की संख्या पुरुषों से ज्यादा हो गई है। वर्ष 1990 में देश के 1000 पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या 927 थी। वर्ष 2005-2006 में यह आंकड़ा बराबर हजार-हजार तक जा पहुंचा। वहीं वर्ष 2015-16 में यह घटकर 991 हो गया था। लेकिन इस बार महिलाएं पुरुषों से अधिक हो गई हैं। देश में हजार पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या 1020 हो गई है। इसकी एक वजह पुरुषों की जीवन प्रत्याशा के मुकाबले महिलाओं की जीवन प्रत्याशा दर अधिक होना है। इस सर्वे का जो दूसरा महत्वपूर्ण निष्कर्ष है, वह यह कि देश में प्रजनन दर में गिरावट आई है जो 2016 के 2.2 के मुकाबले अब सिर्फ 2 रह गयी है जो अंतर्राष्ट्रीय मानक प्रतिशत से भी कम है। सर्वे के अनुसार अब औसतन एक महिला के दो ही बच्चे हैं। जो इस बात का भी प्रमाण है कि देश में जागरूकता आई है और लोगों ने संतति निग्रह के उपायों का उपयोग करना शुरू किया है। जिसका एक मायने यह भी है कि हमारे देश में जनसंख्या स्थिरता की ओर बढ़ रही है। निस्संदेह राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के कई निष्कर्ष आने वाले भविष्य के लिये उम्मीद जगाने वाले हैं जो बताते हैं कि देश में शिक्षा के तेज प्रसार का असर हुआ है और बेटा-बेटी का भेद कम हुआ है। साथ ही बेटियों के हित में उठाये गये कदम जैसे नौकरियों और पढ़ाई में लगातार आरक्षण और वित्तीय मदद से स्थिति सुधरी है। यह भारत जैसे परम्परागत देश के लिये मील का पत्थर है। बिहार, यूपी, हरियाणा और राजस्थान सहित देश के हिंदी पट्टी के राज्यों पर लगा यह कलंक समाप्त हो गया है कि वहां पिछड़ापन और गरीबी के कारण बेटियों की संख्या कम है।

# सैन्य बलों में महिला

अब भारतीय सेना ने देश सेवा का सपना देख रही युवतियों-महिलाओं के लिए महिला सैन्य पुलिस में सैनिकों के रूप में भर्ती का अवसर मिलना आरंभ हो गया है। अभी तक शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए सेना की मेडिकल, सिग्नल, एजुकेशन और इंजीनियरिंग कोर में भर्ती की जाने वाली महिलाओं को सीधे मोर्चे पर लड़ाकू भूमिका में भेजने से परहेज था। पूछा जाता था कि क्या महिलाएं दुश्मन से मोर्चा लेने के लिए सरहद पर जाने और सीमा पर वापस आते ताबूतों को देखने के लिए तैयार हैं (संदर्भ-पिछले वर्ष सेना प्रमुख बिपिन रावत का बयान)। महिलाओं की दृढता पर सवाल उठाती आशंकाओं का ही प्रतिफल है कि थल सेना में महिलाओं की हिस्सेदारी सिर्फ 3.80 फीसद, वायु सेना में 13.09 फीसद और नौसेना में 6 फीसद है। करीब 14 लाख सशस्त्र बलों के 65 हजार अफसरों के कैडर में देखें तो थल सेना में 1500, वायु सेना में 1600 और नौसेना में मात्र 500 महिलाएं हैं। बेशक, सेना में महिलाओं को अब से दो की बजाय दस शाखाओं में परमानेंट कमीशन देने पर तो सहमति है, लेकिन उन्हें कमांड भूमिकाओं में अब भी नहीं लाया जाएगा। तात्पर्य यह कि महिलाओं को किसी यूनिट के नेतृत्व का मौका नहीं मिलेगा। कमांडिग अफसर बनने की बजाय परमानेंट कमीशन मिलने के बावजूद कर्नल के पद तक ही पहुंच सकेंगी। वैसे हर साल सशस्त्र सुरक्षा बलों की तीनों शाखाओं में करीब 3300 महिलाओं की भर्ती होती है, लेकिन वे सीधे दुश्मन से नहीं भिड़ती हैं। महिलाओं को लड़ाकू भूमिका नहीं देने को लेकर कुछ बाधाओं की बात कही जाती रही है। लेकिन वर्तमान समय में उनकी बहादुरी और होशियारी के साथ विश्व के विकसित देशों में जिस प्रकार की उन्हें जिम्मेदारी दी जा रही है उसकी चर्चा कम ही होती है। आज भारतीय परिवेश में उनकी भी एक समृद्ध परम्परा है।

# भारत की जी20 की अध्यक्षता की पारी शुरू



नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री




**जी20** की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आये। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे। अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव को उत्प्रेरित कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हम ऐसा कर सकते हैं। हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान, मानवता अभाव में रही। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा आदर्श बन गये।

दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं जब विभिन्न देश क्षेत्र या संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले ही अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों। कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाये?

भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य - हमारे भीतर और हमारे बीच भी- हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है।

> भारत का जी20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा। आइए हम भारत की जी20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नये प्रतिमान को स्वरूप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।

भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम - 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। ये सिर्फ एक नारा नहीं है। ये मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन करने के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है - हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिलकुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है। सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, वह डिजिटल प्रौद्योगिकियों की मापनीयता को प्रदर्शित करती है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है जहां विश्व की आबादी का छठवां हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी फरमान से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिला कर बनायी गयी है।

आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिये पर पड़े नागरिकों का भी ख्याल रखता है।हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाला 'जन आंदोलन' बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। जी20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हमारी जी20 प्राथमिकताओं को, न केवल हमारे जी20 भागीदारों, बल्कि वैश्विक दक्षिण में हमारे साथ-चलने वाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जायेगा।

हमारी प्राथमिकताएं हमारी 'एक पृथ्वी' को संरक्षित करने, हमारे 'एक परिवार' में सद्भाव पैदा करने और हमारे 'एक भविष्य' को आशान्वित करने पर केंद्रित होंगी। अपने प्लेनेट को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख-भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे। मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर-राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू-राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बनें। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए।

हमारी आने वाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए हम, बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होने वाली जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे।

भारत का जी20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा। आइए हम भारत की जी20 अध्यक्षता को संरक्षण, सद्भाव और उम्मीद की अध्यक्षता बनाने के लिए एकजुट हों। हम मानव-केंद्रित वैश्वीकरण के एक नये प्रतिमान को स्वरुप देने के लिए साथ मिलकर काम करें।

## खास बात

# सफलता-विफलता

**सूर्यकांत**

**यह** तो सच ही है कि प्रत्येक व्यक्ति सफल होना चाहता है। असफलता किसी को पसंद नहीं। लेकिन शायद ही हमने इस ओर ध्यान दिया हो कि सफलता और विफलता घटनाओं को इंगित करती हैं व्यक्ति को नहीं। या तो हम कुछ करते हुए सफल होते हैं, या हम किसी काम में विफल हो जाते हैं। इसका अर्थ यह नहीं है कि हम पूरी तरह से सफल हैं या पूरी तरह से विफल। हमारे कुछ पहलू ऐसे हो सकते हैं जिनमें हम पूरी तरह सफल न हों या किसी में पूरी तरह विफल न हों। एक सफलतम व्यक्ति का बड़ा बैंक बैलेंस हो सकता है, लेकिन साथ ही यह भी संभव है कि वह एक अभिभावक, पति या पत्नी या किसी अन्य रिश्ते में पूरी तरह नाकाम हो। इसी तरह कोई व्यक्ति किसी व्यवसाय में पूरी तरह नाकाम हो, लेकिन अविश्वसनीय रूप से वह अच्छा अभिभावक साबित हो सकता है।

क्या कभी हम इन बातों की तरफ ध्यान देते हैं कि मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से सफलता के मायने क्या हैं? हम क्यों हर बार, हर जगह सफल ही होना चाहते हैं। दरअसल यह हमारा 'बिलीफ सिस्टम' होता है जिसके कारण हम यह मान लेते हैं कि हम सफल हैं और हमारे बच्चों को भी सफल होना चाहिए। या हम यह मान लेते हैं कि हम नाकाम हैं लिहाजा ये सुनिश्चित कर लेना चाहते हैं कि हमारे बच्चे नाकाम न हो जाएं।

अगर बच्चा परीक्षा में फेल हो जाता है तो हम उसे नाकाम कहते हैं, हम इस तरह से पेश आते हैं जैसे कि वह जिंदगीभर नाकाम ही रहेगा। यानी एक बार मिली असफलता को अस्थायी मान बैठते हैं। हो सकता है एक परीक्षा में फेल बच्चा आगे सफलता की इबारत लिखे। हम यह मानने के लिए तैयार नहीं होते कि बच्चे खेल में अच्छे हो सकते हैं, वे बहुत बड़े कलाकार हो सकते हैं, अच्छे वक्ता या रचनात्मक समस्या को हल करने वाले हो सकते हैं। वे ईमानदार व मददगार हो सकते हैं। उनमें व्यक्ति के रूप में अनोखे गुण हो सकते हैं। हम इन सब चीजों को नजरअंदाज कर देते हैं और उन पर विफलता का ठप्पा लगा देते हैं सिर्फ इसलिए कि वह एक परीक्षा में फेल हुए हैं।

# मृग बना मारीच

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**मारीच** ने रावण से कहा - मुनि विश्वामित्र इनको लेकर बक्सर आये थे। इन दोनों राम और लक्ष्मण के हाथों में गजब की ताकत है और धनुष बाण चलाने की कल, लाघवता,एवं क्षमता अत्यंत ही बड़ी है। एक बाण में ही इन्होंने ताड़का का बध कर दिया था। सुबाहु लक्ष्मण के सामने पड़ गया था और उकसा वध लक्ष्मण ने किया था। मैं पड़ गया था राम के सामने। पता न उनके मन में क्या आया। बाणका नोक तोड़ दिये थे और बिना नोक का बाण मेरे ऊपर संधान किया था। मैं उस बाण से उड़ गया था।आज तक मैं डर से उधर झांका भी नहीं और आप कहते हैं कि मैं उधर जाऊं। मैं आपसे कहता हूं कि आप यह विचार छोड़ दीजिए। जो कुछ हुआ लेकिन आप उनकी पत्नी का हरण करने का विचार न बनाइये। रावण ने कहा - मैं जो सोच लेता हूं वह करता हूं। मैंने अगर योजना बना ली है तो मैं करूंगा। तुम साथ देते हो या नहीं देते हो बताओ। अगर साथ नहीं देते हो तो अभी तलवार से मौत की घाट उतार दूंगा। मारीच ने सोचा कि अगर मरना ही है तो क्यों इसके तलवार से मरें क्यों न राम के बाण से मरें? ऐसा सोचकर वह रावण के साथ हो गया। ज्योंही मारीच राम और सीता के पंचवटी में स्थित झोपड़ी के सामने आया। वह सुनहरे चमड़ों वाला मृग बन गया और सीता के सामने घूमने लगा। सीता अचंभित हो रही थी। वे राम की ओर देखी। राम समझ गये कि यह रावण की ही करतूत होगी। ये लोग पहले से तैयार थे नाटक करने के लिये। सीता बोली ये सुनहले चमड़ों वाला मृग है। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**वैराग्य** के पात्र में ही ज्ञान का अमृत टिकेगा।

संसार में वैराग्य ही अभय है। वैराग्यमेवाभयं

सप्रेम हरिस्मरण

**- रमेशभाई ओझा, कथावाचक**

## रोचक ट्वीट

**दुनिया** भर के गंजों को समर्पित.. आज से 40 साल पहले जब मैं मुंबई फि ल्मों में अपनी कि स्मत आजमाने आया था तो मेरे बाल झड़ रहे थे और अस्त व्यस्त थे। लोग इसे मेरी किस्मत कहते थे और मैं इसे अपनी खासियत कहता था।

**-अनुपम खेर अभिनेता**





**दुनिया** की आबादी आठ अरब से ज्यादा है। इसमें से कोई भी कष्ट उठाना नहीं चाहता और न ही कोई समस्याओं का सामना करना चाहता है। इसके बावजूद हम कई सारी समस्याओं का सामना कर रहे हैं जो खुद हमने खड़ी की हैं।

**-दलाई लामा**

# सुरक्षा बलों के जवान की मानसिक स्थिति और बढ़ता आक्रोश

**नागेन्द्र सिंह**

## समस्या

**अर्धसानिक** बलों के जवान उचित खानपान न मिलने, छुट्टियां न मिलने जैसी शिकायतें सोशल मीडिया पर भी करते रहे हैं। झारखंड के सरायकेला में एक जवान ने अपने असिस्टेंट कमांडेट सहित छह जवानों को मार डाला था। हत्यारोपी जवान अवसाद से पीड़ित था।

नक्सल प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आइटीबीपी) के एक जवान ने अपने ही छह साथी जवानों की गोली मार कर हत्या कर दी थी। दो दिन पहले झारखंड में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों में संघर्ष के दौरान गोलियां चलीं, जिसमें दो जवान मारे गए। ये घटनाएं विचलित करने वाली हैं। इन घटनाओं के कारण जो भी रहे हों, लेकिन इतना तय है कि हमारे अर्धसैनिक बलों की हालत अच्छी नहीं है। ये घटनाएं बता रही हैं कि सुरक्षा बलों के ज्यादातर जवान बुरी तरह अवसादग्रस्त और मानसिक दबाव में हैं, इसलिए इनके भीतर कहीं न कहीं गहरा असंतोष पनप रहा है। इसके कारण चाहे पारिवारिक हों अथवा विभागीय, लेकिन गौर करें तो साथी जवानों पर हमले और हत्याओं की घटनाएं नई बात नहीं हैं। कुछ साल पहले औरंगाबाद में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के एक जवान ने अपने ही चार साथियों को गोलियों से उड़ा दिया था। इसी तरह झारखंड के सरायकेला में एक जवान ने अपने असिस्टेंट कमांडेट सहित छह जवानों को मार डाला था। हत्यारोपी जवान अवसाद से पीड़ित था।

आमतौर पर आत्महत्या की प्रवृत्ति उन जवानों में सर्वाधिक देखी जाती है जो सीमा पर पहरा देते हैं या जोखिम भरे क्षेत्रों में काम करते हैं। अक्सर इन कार्यों में जवानों को अपनी जान भी गंवानी पड़ती है। आंकड़ों पर गौर करें तो भारत-पाक सीमा पर गोलीबारी, आतंकवादी और उग्रवादी गतिविधियों के कारण पिछले तीन वर्षों में सुरक्षा बलों के तकरीबन चार सौ से अधिक जवानों ने जान गंवाई है। इनमें सबसे अधिक जवान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के शहीद हुए हैं। इस बल ने 2015 से 2017 के दरम्यान एक सौ सड़सठ जवानों को खोया है। अपने साथी जवानों की शहादत को देख कर अन्य जवानों का विचलित होना स्वाभाविक है। मनोवैज्ञानिकों की मानें तो इनमें से कुछ जवान अवसाद में चले जाते हैं। गृह मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में जवानों की आत्महत्या और अवसाद के कई कारण गिनाए थे, जिसकी वजह से पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न अर्ध सैनिक बलों के चार सौ से अधिक जवानों ने आत्महत्या की और साथ ही अपने साढ़े तीन दर्जन से अधिक साथियों को निशाना बनाया। आमतौर पर अर्धसैनिक बलों के उच्चाधिकारी यह दलील देते हैं कि जवानों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति का मूल कारण उनका पारिवारिक तनाव है, न कि नौकरी के दौरान उपजने वाला मानसिक दबाव। इसमें कोई दो राय नहीं कि जवानों के आत्महत्या करने और नौकरी छोड़ने के पीछे पारिवारिक तनाव बड़ा कारण है। लेकिन दूसरे कारण भी हैं जो जवानों को विचलित करते रहते हैं। सच तो यह है कि नौकरी की कठिन सेवा शर्तें भी जवानों की परेशानी और आत्महत्या की बड़ी वजह है। कुछ वर्षों से सेना द्वारा नौकरी की सेवा-शर्ते एवं वेतन में व्याप्त विसंगतियों को लेकर सवाल उठाया जाता रहा है। कठिन सेवा शर्तें कई किस्म की परेशानियां खड़ी कर रही हैं। केवल सीआरपीएफ की ही बात करें तो अस्सी प्रतिशत जवानों को पिछले दो दशक से एक जगह पर स्थायी रूप से नियुक्ति नहीं मिल पाई है और वे समय-समय पर मिलने वाली प्रोन्नति से भी वंचित हैं। उनका जीवन खानाबदोशों की तरह हो गया है।

( दिशा संस्थान आजमगढ़ यूपी)

## कॉर्टून वर्ल्ड

शहर छोड़ना मजबूरी हो रही है



## लेटर टू एडिटर

### ममता की नीति

**ममता** बनर्जी ने यह सब मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति के तहत किया है। ऐसे नेता जो देश में विकास करने की जगह हिंदू-मुस्लिम करने की कोशिश करते हैं, इनसे देश कैसे उम्मीद रख सकता है? हमारे नेताओं को ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए। भारतीय कानून ने भले ही मतदान के वैयक्तिक अधिकार दिए हों, परन्तु व्यवहार में ऐसा नहीं होता है। ममता बनर्जी को नीति बदलना ही होगा।

**-रविकांत झा, खूंटी**

### महिलाओं का उत्पीड़न

**परिवार** और समाज के अन्य सदस्य, जिसे मतदान करते हैं, उसी को मतदान करने के लिए अन्य सदस्यों पर दबाव डालते हैं। हाल ही में झारखंड में एक महिला द्वारा अपने मनचाहे प्रत्याशी को मतदान करने पर उनके परिजनों ने प्रताड़ित किया। ऐसे कृत्यों पर रोक लगाना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। साथ ही, ऐसा किए जाने से मतदाताओं का किसी खास जाति-धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण पर भी रोक लगेगी। **-रवि, रांची**

# साइबर अपराध में बुरी तरह फंसते युवा

**अभिषेक कुमार**

## समाज

कंप्यूटर और इन्टरनेट के माध्यम से किये जानेवाले सभी प्रकार के गैर - कानूनी और धोखाधड़ी की एक्टिविटीज साइबर क्राइम की श्रेणी में शामिल किये जाते हैं । सूचना तकनीक के रूप में कंप्यूटर, मोबाइल और इन्टरनेट के बढ़ते प्रयोग के फलस्वरूप साइबर क्राइम का दायरा भी बड़ी तेजी से बढ़ता जा रहा है। किसी यूजर के कंप्यूटर से इन्टरनेट की मदद से उनके पर्सनल डाटा की चोरी से लेकर इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी के कॉपीराइट का गैरकानूनी प्रयोग, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, बुल्लियंग (डराना और ब्लैकमेलिंग), वित्तीय धोखाधड़ी से लेकर कई अन्य अपराध भी साइबर क्राइम के अंतर्गत आते हैं । इसके अतिरिक्त स्पैम मेल के द्वारा अपने वस्तु और सेवा का प्रमोशन करना, फिशिंग के माध्यम से किसी यूजर के प्राइवेट डाटा में सेंध लगा कर बैंकों से धन की निकासी करना, ड्रग ट्रैफिकिंग करने के अतिरिक्त कई अन्य गैरकानूनी कार्य भी साइबर अपराध की केटेगरी में सम्मिलित की जाती हैं । आज हम टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट के उस स्टेज पर पहुँच चुके हैं जहाँ पर हम इन्टरनेट और कंप्यूटर के बिना अपना काम बिलकुल नहीं चला सकते हैं ।

लिहाजा यह अनिवार्य है कि जब हम कंप्यूटर और इन्टरनेट का यूज कर रहे हों तो हमें कुछ ऐसी सावधानियों का अवश्य ध्यान रखना चाहिए जिससे हम साइबर क्राइम की घटनाओं से खुद की रक्षा कर पायें

**अपने कंप्यूटर के लिए एक स्ट्रौंग पासवर्ड सबसे अनिवार्य**

वैसे तो यह सामान्य - सी बात है कि जब आप अपने कंप्यूटर पर इन्टरनेट चला रहे हों तो आप अपने पीसी को एक स्ट्रौंग पासवर्ड से सिक्योर कर लें । किन्तु जब भी आप अपने कंप्यूटर को किसी पासवर्ड से सिक्योर करें तो इस बात का ध्यान रखें कि पासवर्ड हमेशा ही स्ट्रौंग होना चाहिए । पासवर्ड का क्रिएशन लेटर्स, सिम्बल्स और नुमेरल्स का मिक्सचर हो तो यह बहुत इफेक्टिव माना जाता है । इसके साथ-साथ आप पासवर्ड के लिए लोअर केस लेटर्स और अप्पर केस लेटर्स का भी यूज कर सकते हैं। यदि आप एक से अधिक एकाउंट्स का यूज कर रहे होते हैं तो आपको उन सब एकाउंट्स के लिए एक कॉमन पासवर्ड का यूज कभी नहीं करना चाहिए, क्योंकि ऐसी स्थिति में साइबर क्राइम का खतरा बढ़ जाता है । आप अपने मोबाइल नंबर, व्हीकल नंबर, हाउस नंबर, बर्थडे जैसे नंबर्स का भी यूज अपने पासवर्ड के लिए नहीं करें क्योंकि इस प्रकार के पासवर्ड को गेस करना कठिन कार्य नहीं होता है ।

**सोशल मीडिया के यूज के बारे में आपकी सतर्कता जरुरी**

सोशल मीडिया के रूप में फेसबुक, ट्विटर, ब्लॉग इत्यादि के यूज के बारे में हमें सावधान रहने की जरुरत है । सोशल मीडिया के इन साइट्स पर कुछ भी अपलोड करने पर वे सभी दुनिया भर के यूजर्स के लिए हमेशा के लिए पोस्ट हो जाते हैं । इसीलिए हमेशा इस बात की सावधानी रखनी चाहिए कि हम ऐसा कुछ भी पोस्ट नहीं करें जो हमारे लिए बेहद प्राइवेट और सेंसिटिव इनफार्मेशन वाला हो और जिनके लीक हो जाने पर हमें किसी खतरे का सामना करना पड़े।

**सेंसिटिव और पर्सनल इनफार्मेशन का प्रोटेक्शन जरुरी**

कई बार हमें ऑनलाइन शॉपिंग के अतिरिक्त इन्टरनेट बैंकिंग के यूज के लिए कई पर्सनल इनफार्मेशन शेयर करनी होती है । खासकर यूजर के एड्रेस, ईमेल और मोबाइल नंबर, बैंक्स अकाउंट नंबर इत्यादि की प्राइवेसी के बारे में ध्यान रखने की जरुरत है ।

लेखक आईटी विशेषज्ञ हैं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## अंबा बनी कोऑर्डिनेटर, पहुँची गुजरात

**बड़कागांव।** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद को गुजरात चुनाव में कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। अंबा प्रसाद को वडोदरा जिले के वाघोड़िया-135 विधानसभा क्षेत्र के लिए कोऑर्डिनेटर के रूप में पदभार देते हुए पार्टी ने भरोसा जताते हुए उक्त विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव में महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी सौंपी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा कोऑर्डिनेटर बनाए जाने के बाद विधायक अंबा प्रसाद का पार्टी में कद और बढ़ा है। विधायक अंबा प्रसाद पार्टी के नेता के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार करने गुजरात पहुंच गई है।

# चौपारण के भदान में मिनी विधानसभा चली

## मंत्री ने अधिकारियों को दिए कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



मंचासीन अतिथि

**चौपारण।** बुधवार को प्रखंड के दैहर पंचायत के ग्राम भदान के इन्द्रवा टांड में झारखंड सरकार के वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला, जुगसलाई विधायक सह निवेदन समिति सदस्य मंगल कालिंदी,उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, प्रशिक्षु आईएस शताब्दी मजूमदार, डीएफओ आर एन मिश्रा, एसी रौशन कुमार, डीएसओ अरविन्द कुमार,कांग्रेस जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह, एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नाजिर अख्तर का आगमन हुआ। जहां मंत्री व निवेदन समिति के सभापति के द्वारा भूमिहीन ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मंत्री श्री उरांव ने पदाधिकारियों को सरकारी भूमि का लिस्ट बनाने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि उसे भूमिहीनों को दान करने का काम करे। जिससे भूमिहीन युगों-युगों तक आपका नाम लेंगे। इससे विधायक आवास में जिप सदस्य रविशंकर अकेला भाग-2 व कार्यकताओं ने मंत्री व आगन्तुको का पुष्प गुच्छ देकर गर्मजोशी से समान्नित किया। वहीं उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि चौपारण के जंगली क्षेत्र में रहने वाले वनवासी भूमिहीनों का लंबे समय से समस्या है। जिसके लिए मंत्री सर, निवेदन समिति के सभापति व सदस्य, वन विभाग के डीएफओ के द्वारा प्रयास किया जा रहा है। निवेदन समिति के मंगल कालिंदी ने कहा कि धरती माता से जुड़ी समस्या के समाधान के लिए जिला के सभी अधिकारियों को लेकर झारखंड सरकार के मंत्री एवं सरकार के निवेदन समिति आपके घर आये हैं।

विधायक सह निवेदन समिति के सभापति अकेला ने कहा कि अनुसूचित जाति के लोग 100-200 वर्षो से रह रहे है। जो जंगल काट कर घर नही बनाये है। वे उस जगह में बसे है जहां पेड़-पौधा नही था। इस दौरान बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, मुखिया ब्रह्मदेव भुइयां, झापा मुखिया अन्नपूर्णा देवी समाज सेवी नागेंद्र कुशवाहा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

एक नजर में

## तीरंदाजी चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीते बादल कुमार

खबर मन्त्र संवाददाता



स्वर्ण पदक जीते बादल कुमार

**बड़कागांव।** 28 से 30 नवम्बर, 2022 हजारीबाग में 'खेलों झारखंड कार्यक्रम 2022' के तहत आयोजित जिला स्तरीय तीरंदाजी कार्यक्रम में कैंप के प्रतिभागियों में से एक - जुगरा, बड़कागांव के निवासी रामदुलार साव के पुत्र मास्टर बादल कुमार ने कर्ज़न ग्राउंड में हजारीबाग तीरंदाजी केंद्र मे आयोजित कार्यक्रम में स्वर्ण पदक जीता है। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइन ने तीरंदाजी के लिए पीएपी परिवारों के प्रतिभाशाली लड़कों और लड़कियों का चयन किया है और अपने सीकरी परिसर में उनके लिए नियमित प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई है। परियोजना के अधिकारी ने यह बताया की समय समय पर इन बच्चों का उत्साह वर्धन परियोजना के शीर्ष अधिकारियों द्वारा किया जाता है।

# 20 सूत्री की पहली बैठक में लिये गये कई अहम फैसले

## अनुपस्थित कर्मी पर स्पष्टीकरण



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**इचाक।** प्रखंड मुख्यालय में बुधवार को बीस सूत्री की पहली बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम व संचालन बीडीओ रिंकू कुमारी ने किया। इस दौरान सुदूरवर्ती गांव डाडी घाघर में सड़क की समस्या का मुद्दा मुख्य रूप से उठाया गया। अंचल कार्यालय से चोरी गए पंजी टू को अबतक न्यायलय से रिलीज नहीं कराने पर सीओ की भूमिका पर सवाल उठाया गया। नावाडीह पंचायत में 90 वर्षीय महिला पर मनरेगा के तहत गलत तरीके से मामला दर्ज करने का मुद्दा जोर शोर से बीस सूत्री द्वारा उठाया गया। इसके साथ ही अनुपस्थित रहने वाले सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया गया जिसमें बिजली विभाग, वन विभाग और मनरेगा के जेई सुनील कुमार, अफजल का नाम शामिल हैं।

## अज्ञात हमलावरों ने रोजगार सेवक के पिता पर किया कातिलाना हमला

**विष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के कुसुंभा पंचायत अंतर्गत अलखरी समीप मांझी बस्ती निवासी रोजगार सेवक संझलू हंसदा के पिता तालो मांझी उम्र तकरीबन 70 वर्ष पर अज्ञात हमलावरों ने कातिलाना हमला कर फरार हो गया। घटना मंगलवार रात तकरीबन 6:30 बजे की बताई गई। अलखरी निवासी संझलु हसदा प्रखंड के भेलवारा पंचायत के रोजगार सेवक के रूप में कार्यरत हैं, संझलु के द्वारा बताया गया कि घर से तकरीबन 300 मीटर की दूरी पर प्रज्ञा केंद्र और चाय पकोड़े का छोटा सा दुकान है जहां पिता और मेरा भतीजा था,पिता बाहर में आग सेक रहे थे भतीजा अंदर दुकान मे था इसी क्रम में अज्ञात व्यक्ति द्वारा अंधेरे का फायदा उठा पिता पर कातिलाना हमला कर, फरार हो गए। भतीजा कुछ देर बाद बाहर निकला तो देखा की दादा खून से लथपथ जमीन पर गिरे हुए हैं, भतीजा द्वारा दौड़कर घर में सूचना दिया, अगल बगल के लोग भी पहुंचे, घटना के वक्त मै बिष्णुगढ़ में ही था।

# विस्थापितों को मालिका हक दिलाने पर कांग्रेसियों की बैठक में आरोप-प्रत्योरप

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेसवार्ता करते कांग्रेस कार्यकर्ता

**बरही।** कांग्रेस पार्टी प्रायोजित कार्यक्रम के तहत श्रीनगर में विस्थापितों को मालिकाना हक दिलाने को लेकर निवेदन समिति की एक बैठक गांव में हुई। बैठक के पश्चात आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा बचाव की भी प्रक्रिया प्रारंभ हो गयी।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के पूर्व विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर के द्वारा दिये गए बयान को लेकर प्रखण्ड कार्यालय स्थित विधायक कक्ष में विधायक प्रतिनिधि समेत कांग्रेसियों ने प्रेस वार्ता आयोजित कर विरोधियों द्वारा दिये गए बयान का खंडन करते हुए कहा कि बरही विधायक न्यायप्रिय व्यक्ति है। बरही की जनता ने जबसे उन्हें विधानसभा का सदस्य बनाया है तब से लेकर वह विस्थापितों को लेकर मुखर रहे है।

इस दौरान कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि बरही विधायक उमाशंकर अकेला 2009 में भी विधायक बनें थे तबसे लेकर लगातार वह उन्हें न्याय दिलाने को लेकर संघर्षरत रहे है। उन्होंने पूर्व विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह बरही विस से चार बार विधायक रहे और संयुक्त बिहार में वन मंत्री रहते हुए भी उन्होंने मामले को लेकर अगर कभी सदन पटल पर रखा तो उसे जनता के सामने रखना चाहिए। वहीं विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप ने कहा कि डीवीसी के द्वारा श्रीनगर में 1953 इसवीं से लोग उपेक्षित होते आ रहे हैं। विस्थापित गांव के लोगों को आज तक उनका मालिकाना हक नही मिला है। प्रखण्ड के विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू ने कहा कि विधायक उमाशंकर अकेला न्यायप्रिय व्यक्ति हैं।

किसानों के दर्द को समझते हुए उन्होंने निवेदन समिति की बैठक गांव के विस्थापितों के साथ किया।

वार्ता में विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखण्ड प्रतिनिधि सुनील साहू, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, रघुवीर यादव, हड़ाही विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, राकेश रजक, मीणा देवी, देवचंद यादव, छोटेलाल यादव, फिरदौश खान शामिल रहे।

## दुबई जेल में बंद मजदूर के परिजनो ने सरकार से लगायी मदद की गुहार

खबर मन्त्र संवादाता



विनोद महतो (फाइल फोटो)

**विष्णुगढ़।** जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत मडमोनिवासी विनोद महतो एक महीने से दुबई में जेल में बंद हैं।बताया जा रहा हैं कि विनोद महतो को वीजा अवधि और इकामा समाप्त होने की सजा मिली हैं।दलालों के चंगुल में फंसे मजदूरों के वीजा का नवीनीकरण नहीं हो पाया था।मामले में परिजनों ने सरकार से गुहार लगाई है।बताते चले कि हजारीबाग बिष्णुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत मडमो निवासी तुलसी महतो के 25वर्षीय पुत्र विनोद कुमार महतो दुबई में फंसे हैं।विनोद कुमार महतो पिछले 1 नवम्बर 2022 की शाम को जब काम करके लौट रहा था। तभी उनकी बात परिवार के लोगों से हुई थी। तब से उनका मोबाइल बंद है। ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि विनोद कुमार महतो की वीजा व इकामा की अवधि फरवरी 2022 को समाप्त हो चुकी थी। जिस कारण दुबई पुलिस के अधिकारियों ने वीजा व इकामा अवधि खत्म होने के कारण उन्हें जेल भेज दिया होगा। इसको लेकर परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।पत्नी वीना देवी ने कहा कि विनोद कुमार महतो पिछले तीन वर्ष पूर्व नवम्बर 2019 को रोजी रोटी की तलाश में दुबई गये थे। जहां पर बिल्डिंग बनानेवाली कंपनी में कार्य करता था।

## शत - प्रतिशत उपस्थिति को लेकर मुखिया ने अभिभावकों से किया मंत्रणा

**बरही।** प्रखण्ड के राजकीय बुनियादी विद्यालय पंचमाधव के प्रांगण में बच्चों को पोशाक वितरण का कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचमाधव पंचायत की मुखिया नीलम देवी, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर रविदास, वार्ड सदस्य घनश्याम सिंह, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि लतीफ अंसारी, समाजसेवी वीरेंद्र सिंह, विद्यालय के प्रभारी शिक्षक संजय कुमार दुबे, सहायक अध्यापक मनोज कुमार घोष, दामोदर साहू, सरफराज खान, गायत्री देवी, बिंदिया देवी, सतीश यादव समेत विद्यालय के बच्चे शामिल हुए।कार्यक्रम में प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के 50 बच्चों के बीच मुखिया नीलम देवी के हाथों पोशाक का वितरण किया गया। मुखिया नीलम देवी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि बच्चे का शत-प्रतिशत उपस्थिति विद्यालय में कराया जाए ताकि बच्चे का भविष्य संवर सके। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक मनोज कुमार घोष, दामोदर साव, बिन्दिया देवी, गायत्री सिन्हा, प्रबंधन समिति की अध्यक्ष नीलम देवी उपस्थित हुई।

# वनोपज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड की वार्षिक आमसभा आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



वार्षिक आमसभा में सम्मानित होती महिलाये

**दारू।** दारू प्रखंड में जेएस एलपीएस के द्वारा संचालित वनोपज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड की वार्षिक आमसभा का आयोजन बासोबार फुटबॉल मैदान के प्रांगण मे आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कंपनी की चेयरमैन राखी कुमारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य , गीता देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय, अंचलाधिकारी नीतू अग्रवाल, प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता, इरगा मुखिया अनिता देवी, जिनगा पंचायत मुखिया पिंकी देवी, हरली मुखिया फरजाना खातून एस पीएम-एमकीसपी आरिफ अख्तर, पीएम एनकेएसपी खालिद हुसैन, जिला प्रबंधक जेएसएलपीएस शांति मारड़ी, अजय लाल डीएम एफ आई श्रुति किस्पोट्टा, रीजनल मैनेजर जेआरजीबी माधव चंद्र पाल, एसबीआई दारू के शाखा प्रबंधक, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए जीप सदस्य गीता देवी ने बताया कि महिलाओं के द्वारा वनोपज संबंधी कार्य की सराहना करते हुए वनोपज का उचित मूल्य प्रबंधन पर बल दिया एवं इसका लाभ अंतिम ग्रामीण तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित करने हेतु कहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया जिंनगा ने महिलाओं के शक्ति और संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस के द्वारा महिलाओं को हर्षित होने पर बधाई दिया और कहा कि समय बदल रहा है किसान।

कंपनी की डायरेक्टर पुष्पा कुशवाहा के द्वारा कंपनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2019 में कंपनी का आरंभ हुआ आज हमारे कंपनी में 1410 किसान जुड़ चुके हैं जिससे आने वाले समय में 3000 के लक्ष्य तक पहुंचाना है।

## विशाल भंडारा एवं भव्य देवी जागरण का आयोजन

**रजरप्पा।** आवासीय कॉलोनी स्थित श्री श्री पटवा हनुमान मंदिर का 37वां स्थापना दिवस मंगलवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर रात्रि में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अथिति आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशनलाल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने कहा कि विशाल भंडारा एवं भव्य देवी जागरण का आयोजन बहुत बड़ी बात है। यहां के लोग भक्ति भावना से पूरी तरह ओत प्रोत हैं। रजरप्पा में भक्ति की अविरल धारा बहती है। हर पर्व, त्यौहार के मौके पर सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यहां के लोगों में बेहतर कार्य करने की होड़ मची रहती है। ऐसी भक्ति भावना शायद ही कहीं देखने को मिले। वही भक्ति जागरण में एक से बढ़कर एक भक्ति में भजन की प्रस्तुति दी गई। भजन और गीत के माध्यम से सभी श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया।

## उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, स्वास्थ्य, क्षेत्र के विकास सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया । जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## कार्यकताओं ने कुजू में निकाली भारत जोड़ो यात्रा

**कुजू।** कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम के क्रम में कुजू में बुधवार को कांग्रेस जनों ने डटमा मोड़ से यात्रा प्रारंभ की। मांडू प्रखंड कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष सागर महतो के नेतृत्व में निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव रियाज अहमद, पार्टी के सिमरिया विधानसभा प्रभारी धर्मराज राम, अल्पसंख्यक मोर्चा रामगढ़ जिला अध्यक्ष मोहम्मद गुलजार शामिल थे। नारेबाजी में जात-पात का बंधन तोड़ो, भारत जोड़ो-भारत जोड़ो।

# नेत्र शरीर का अभिन्न अंग, इसकी देखभाल जरूरी : लायन राजेंद्र महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



मोतियाबिंद मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए रांची रवाना करते क्लब के लोग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब अफ भुरकुंडा के सौजन्य से राज नर्सिंग होम के बगल में एयरटेल टॉवर स्थित उत्सव मैरिज हल में मंगलवार को कार्यक्रम के प्रभारी लायन मो. मुमताज अंसारी के नेतृत्व में 14वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया गया था।

जांच में 118 में से 88 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण दिखाई दिए परंतु रक्तचाप एवं मधुमेह की अधिकता के कारण केवल 30 मरीजों को अपरेशन के लिए चिकित्सकों द्वारा चिन्हित किया गया था। राज नर्सिंग होम व उत्सव मैरिज हॉलेज के संचालक सह क्लब के अध्यक्ष एमजेएफ लायन राजेंद्र महतो, सचिव लायन विजयंत कुमार, कोषाध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा व क्लब के लोगों ने बुधवार को भुरकुंडा से बस के माध्यम से 21 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए हरी झंडी दिखाकर निरामया अस्पताल कोकर रांची के रवाना किया।

## बच्चों ने पुरातत्व स्थल के आस पास के क्षेत्र का गहन अध्ययन किया

**रजरप्पा।** माउन्ट एवेरेस्ट पब्लिक स्कूल में पुरातत्व एवं इतिहास से जुड़ाव (कनेक्ट) कार्यक्रम चल रहा है। बच्चे प्रति दिन इतिहास से जुड़े कुछ नया करने, सीखने एव खोजने की कोशिश कर रहे हैं। इसी संदर्भ में 30 नवंबर को बच्चों को अपनी आंखों देखी व्यवहारिक व क्रियाशील इतिहास के लिए दुलमी प्रखंड के इचातु गाँव में स्थित पुरातत्व एवं ऐतिहासिक स्थल का खोज यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल के बच्चों को स्कूल के शिक्षकों ने इस अभियान में बच्चों को पथप्रदर्शक करते रहे। बच्चों ने कई नई जानकारियों की खोज भी किया। यह कार्यक्रम दो सप्ताह तक चलेगा।

## लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध जागरूकता रैली व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**बरही।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में सखी मंडल की महिलाओं ने गांव में जागरूकता रैली व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिलाओं ने यह संदेश दिया कि अब घरेलू हिंसा के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान 25 नवंबर से 23 दिसंबर तक जोरशोर से चल रहा है। जिसमें महिलाएं अपने हक एवं अधिकार के लिए आगे बढ़ रही है। जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा व्यक्ति के आत्ममूल्य और आत्मसम्मान की भावना को कमजोर करती है। इसके अलावा उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से अधिक से अधिक आत्मनिर्भर बनने व स्वरोजगार से जुड़ने तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने को कहा। मौके पर बरही क्लस्टर से संकुल समन्वयक राखी देवी, जेंडर सीआरपी प्रियंका कुमारी, ललिता देवी, खोड़ाहर क्लस्टर से पायल देवी, बसंती कुमारी, विजैया क्लस्टर से संकुल समन्वयक चंदन कुमार, क्रांति कुमारी, बरसोत क्लस्टर से लीलावती एवं रीना देवी के नेतृत्व में सखी मंडल की तमाम दीदी कार्यक्रम में शामिल रही।

## एनटीपीसी ने किया कम्बल वितरण

**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के द्वारा परियोजना प्रभावित गावों में गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को 1200 कंबलों का वितरण किया। मौके पर उपस्थित केरेडरी परियोजना प्रमुख श्री फैज तैय्यब के मार्गदर्शन में एनटीपीसी की नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत यह कम्बल वितरण समारोह आयोजित किया गया था। श्री तैय्यब बताते है कि जरुरतमंदों की सहायता से बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं होता है। और उन्होने यह भी बताया कि ऐसे शीत मौसम में कांप रहे गरीबों में कंबल बांटने के साथ-साथ एनटीपीसी के निःशुल्क चिकित्सा शिविर को भी सुचारू रूप से जारी रखा जाएगा। इस समरोह में ग्राम मुखिया श्रीमती सतिबा खातुन, उप-मुखिया अनिल राम, पूर्व मूखिया राम स्वरूप ओझा एवं केरेडारी परियोजना के अपर महाप्रबंधक श्री एस.पी गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक श्री आशिश कुल्लु व अन्य गणमान्य भी उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने चार वर्षीय बालक को लिया चपेट में, गंभीर चोटें आई

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत तोपा बैरक के पास तेज गति से सड़क से गुजरने के दौरान एक अनियंत्रित मोटरसाइकिल घर के बाहर खेल रहे एक चार वर्षीय बालक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में नन्हे बालक को गंभीर चोटें आई। घटना के बाद मोटरसाइकिल पर सवार तीनों युवक मोटरसाइकिल छोड़कर भाग गए। मौके पर मौजूद लोग घायल बालक को इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए। गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसे रांची ले जाया गया है। घटना के बाद जबतक आस पास के लोग इकट्ठा हुए,तब तक मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक उक्त मोटरसाइकिल को छोड़कर वहां से भाग निकले। मोटरसाइकिल को लोगों ने जब्त कर लिया है।

## कोयले लदा पिकअप वाहन धराया

**चरही।** बीते रात चरही पुलिस के गश्ती दल ने कोयले लदे एक पिकअप वाहन को धरदबोचा।पकड़े गए उक्त वाहन को थाना लाया गया।जानकारी के अनुसार वाहन नंबर जेएच02एडी/7849 लगभग 80 बोरिया कोयले को लादकर मांडू से हजारीबाग की ओर तेज रफ्तार में जा रही थी।वाहन को भागते देख गश्ती दल के पुलिस कर्मियों ने उक्त वाहन को पीछा कर चरही घाटी में धरदबोचा।वाहन के चालक गाड़ी छोड़कर रात के अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा।पकड़े गए वाहन को जांच-पड़ताल करने के उपरांत उस पर ऊपर से लेकर नीचे तक करीब 80 बोरिया कोयला लदा पाया गया।इससे यह साबित होता है कि पुलिसिया कार्रवाई होने के बावजूद भी पुलिस की आंखों में धूल झोंककर छिटपुट कोयले की तस्करी अभी भी चल रही है। पकड़े गए वाहन,चालक और मालिक पर कांड संख्या 78/22 के धारा 414,34 भा दवि कोल माइंस 30 (卐卐) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया।

# बेहतर तालिम व संस्कार के साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय का उद्देश्य : आरके शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता





तमन्न वर्मा को सम्मानित करते विद्यालय परिवार व छात्र-छात्राओं के साथ तमन्न वर्मा

**भदानीनगर (रामगढ़)।** उत्तर प्रदेश मथुरा में आयोजित तृतीय खेलो इंडिया राष्ट्रीय महिला तीरंदाजी 2022 अंडर-16 प्रतियोगिता में लपंगा निवासी शेखर वर्मा व रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा ने 15वां स्थान लाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। तमन्ना की सफलता पर बुधवार को सुंदरनगर भुरकुंडा स्थित एसभीएम पब्लिक स्कूल में समारोह आयोजित कर तमन्ना को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निदेशक आरके शर्मा व सचिव इंदू शर्मा ने तमन्ना को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर इंदु शर्मा ने कहा कि इस स्कूल की विद्यार्थी तमन्ना वर्मा की सफलता से विद्यालय प्रफ्फुलित है। उन्होंने कहा कि तमन्ना देश के लिए गोल्ड मेडल लाकर अपना व क्षेत्र का नाम रोशन करे यही कामना है। तमन्ना ने तीरंदाजी में पूरे देश में 15वां रैंक लाकर विद्यालय व अपने परिवार को गौरवान्वित कराया है। यह पूरे कोयलांचल के लिए गर्व की बात है। प्रधानाध्यापक आरके शर्मा ने कहा कि हमारे विद्यालय में बेहतर तालिम व संस्कार के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। वहीं तमन्ना वर्मा ने कहा कि आज के दौरान लड़कियां हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही है। बेटियों को आगे बढ़ाने में अभिभावको को हर हाल में आगे आना चाहिए।

## स्पीड न्यूज

### राज्य में बेटियां सुरक्षित नहीं : नीरू



कुड़ू । आजसू महिला मोर्चा की बैठक मंगलवार को प्रखंड के दो पंचायतो ककरगढ़ तथा उडुमुडू में आयोजित की गई। बैठक में दोनों पंचायतों में आजसू महिला मोर्चा पंचायत समिति का गठन किया गया। इसमें ककरगढ़ पंचायत मे अध्यक्ष सुशांति उराँव सचिव कोयली देवी संगठन सचिव लुखिया उराँव तथा उडुमुडू पंचायत मे अध्यक्ष प्रतिमा उरांव सचिव ललिता उरांव तथा अन्य शामिल हैं। नीरू शांति भगत ने कहा कि महिलाओं के सम्मान में आजसू पार्टी है मैदान में । राज्य मे जब से झामुमो, कांग्रेस तथा राजद की गठबंधन सरकार बनी है राज्य में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। राज्य में महिला व बेटियां सुरक्षित नहीं है। दुमका की घटना हो या चतरा की सभी जगह बेटियों पर शोषण तथा अत्याचार बढ़ा है। मौके पर प्रवक्ता अंजू देवी जिला अध्यक्ष अनीता साहू प्रखंड अध्यक्ष बीणा उराँव, सीता उरांव सहित अन्य शामिल थे।

### स्कूलों में घटिया ड्रेस की हो रही आपूर्ति : आलोक

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने कहा कि झारखंड सरकार वित्तीय वर्ष 2022 –23में स्कूल के बच्चे बच्चियों को नया कलर हरा रंग का ड्रेस देने का निर्णय लिया है। उसके लिए सर्व शिक्षा अभियान विभाग को राशि भी उपलब्ध करा दी गई है । शिक्षा विभाग के निर्देश के बावजूद लोहरदगा सर्व शिक्षा अभियान विभाग के द्वारा सरकार के निर्णय का पालन नहीं कर बहुत से संकुलो में पुराने कलर का घटिया ड्रेस उपलब्ध करा कर सरकारी राशि का बंदरबांट करने का प्रयास किया जा रहा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । झारखंड के बहुत जिलों में नया हरा ड्रेस बच्चे बच्चियों को उपलब्ध करा दिया गया है लेकिन लोहरदगा में ऐसा नहीं किया गया है। स्कूल के बच्चे बच्चियां नया हरा रंग का ड्रेस का इंतजार कर रहे हैं कि कब उन्हें नया हरा कलर का ड्रेस मिलेगा। श्री साहू ने कहा कि एक साजिश के तहत पुराने कलर ड्रेस को स्कूल में नहीं भेज कर संकुल में गिरा दिया गया है। संकुल प्रभारी पुराना कलर के ड्रेस लेने से इंकार कर रहे थे की सरकार नया कलर का ड्रेस देने का आदेश दिया है तो पुराना कलर का ड्रेस क्यों दिया जा रहा है।

### डीआरडीए के लेखापाल हुए सेवानिवृत्त



लोहरदगा। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) के लेखापाल अनिल बाखला बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस मौके पर उन्हें जिला परिषद स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विदाई दी गई। श्री बाखला वर्ष 1990 से डीआरडीए, लोहरदगा में कार्यरत थे। इस मौके पर उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, परियोजना पदाधिकारी मनरेगा सुधीर मुर्मू, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद कनकलता भानु एक्का, स्टेनो देवानंद पाण्डेय समेत, गजेन्द्र राम, विवेक सिंह, जिला परिषद, डीआरडीए और विकास शाखा के सभी कर्मीगण उपस्थित थे।

### भंडरा में शेड और रोड पर अतिक्रमण



भंडरा । प्रखंड के तेतरपोका गांव में एक व्यक्ति द्वारा धौंस दिखाकर सरकारी रास्ता में अतिक्रमण करने की शिकायत स्थानीय ग्रामीणों ने भंडरा सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता से की है। सीओ को दिए आवेदन में आफताब आलम, नेहाल अकरम, ऐनुल अहमद, गुलाम मुस्तफा, सरवर आलम, तौफीक शाह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा है कि तेतरपोका गांव निवासी सगीर अंसारी के पुत्र सुहैल आमीन द्वारा गांव में आंगनबाड़ी व विद्यालय जाने का एक मात्र रास्ता है। जिसे अतिक्रमण का संकीर्ण कर दिया गया है। इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि खाता आठ व प्लाट संख्या 52 सरकारी जमीन है। जिसपर मनरेगा योजना के तहत बकरी शेड बनाया गया है। जिसमें सुहैल आमीन द्वारा खुद का आशियाना बना लिया गया है। सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि गांव में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव है। अंचल कार्यालय में आवेदन मिला है। जांच कर जमीन से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### हिंडालको का स्वच्छता पखवाड़ा संपन्न



लोहरदगा ।भारतीय खान ब्यूरो रांची प्रक्षेत्र के दिशा निर्देश पर हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, खान प्रभाग लोहरदगा द्वारा खनन क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाडा 16 नवंबर से 30 नवंबर तक मनाया गया। जिसमें कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिनमें हाथ धोने के तरीके, स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता अभियान, स्वच्छता रैली, स्वच्छता से संबंधित पोस्टर बैनर एवं हैंडबिल्स के माध्यम से खनन कर्मी, ट्रक ड्राइवर एवं खनन के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजन कर जन जागरूकता अभियान चलाया गया। मेडिकल टीम के द्वारा भी नि:शुल्क ग्रामीण चिकित्सा शिविर के दौरान लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही साथ स्कूली बच्चों के बीच भी स्वच्छता ही सेवा के तहत हाथ धुलाई के तरीकों के बारीकियों से अवगत कराया गया ।स्वच्छता अभियान के तहत भारतीय खान ब्यूरो के अधिकारी मोहम्मद आसिफ की उपस्थिति में विद्यालय के बच्चों के बीच स्वच्छता किट का वितरण किया गया। श्री आसिफ ने कहा कि स्वच्छता सबों के लिए जरूरी है। जिनमें उत्क्रमित मध्य विद्यालय जवाडीह एवं राजकीय प्राथमिक विद्यालय चांपा कोना के बच्चों की उपस्थिति में उन्हें स्वच्छता कीट वितरित गए। साथ ही साथ उन्हें स्वच्छता के नियमों एवं स्वच्छ रहने के तरीकों से अवगत कराए गए। कार्यक्रम के आयोजन में सीएसआर टीम का अभिन्न सहयोग रहा। स्वच्छता अभियान बगडू, बीमरला, सेरेंगदाग, गुरदारी, अम्तिपानी, कुजाम, चिरोडीह एवं समीप के ग्रामीण क्षेत्रों में भी किए गए।

# परिजन की गुहार पर डीसी ने रक्तदान कर बचायी जान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ सदर अस्पताल में सीटी स्कैन और एक्स रे मशीन लगाने के लिए कमरों का लिया जायजा और साफ- सफाई दुरूस्त करने का दिया निर्देश



गुमला सदर अस्पताल में रक्तदान करते डीसी सुशांत गौरव।

गुमला। मन में परोपकार की भावना हो तो अवसर की तलाश नहीं की जाती है। बुधवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे उपायुक्त सुशांत गौरव ने अस्पताल में इलाजरत मरीज के परिजन के गुहार पर तत्काल रक्तदान कर मरीज की जीवन रक्षा की। वहीं लोगों को मानवता की सेवा करने का पाठ पढ़ाया। उपायुक्त ने रक्तदान कर पीड़ित लोगों की सेवा के लिए लोगों को आगे आने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने बुधवार को सदर अस्पताल के सीटी स्कैन तथा एक्स रे मशीन के अधिस्थठापन हेतु कमरों का जायजा लिया। उपायुक्त ने अस्पताल प्रांगण अंतर्गत एक एक कमरों व वार्ड आदि की गहनता पूर्वक जांच की। उपायुक्त ने अस्पताल के साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने यत्र तत्र गंदगी फैलाने वाले पर कार्यवाही करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी वार्ड की जांच की। उन्होंने विभिन्न वार्डों के लिए उपलब्ध करवाए गए नए बेड, गद्दे तथा बेडशीट का उपयोग करने का निर्देश दिया। अस्पताल प्रबंधकों द्वारा अस्पताल के व्यवस्थाओं की नियमित जांच के अभाव पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अच्छी खासी राशि अस्पताल के मरीजों की सुविधा के लिए दी जा रही है। अस्पताल प्रबंधक समिति के मॉनिटरिंग के अभाव में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपायुक्त ने सख्ती से सभी आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त ने अस्पताल में शौंचालय मरम्मती करवाने , स्टाफ के लिए अलग से शौचालय बनाने, गरम पानी हेतु मशीन लगाने , वार्ड में रहने वाले मरीजों में लिए रूम हीटर लगाने आदि का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने अस्पताल के मरीजों से भी मुलाकात की एवं समस्याओं को निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर सिविल सर्जन , एसीएमओ के अलावा डॉक्टर्स सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# गुमला को एक्सप्रेस-वे की सौगात : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



▸▸ नयी बाईपास सड़क का राज्य सरकार के पास भेजा गया प्रस्ताव

▸▸ अधरमा मोड़ से ससिया तक 13.90 किमी, डुमरी से कुरूदमोड़ तक 24.500 किमी बनेगा एक्सप्रेस-वे

▸▸ रागीव मडुवा उत्पादन में गुमला जिले को मिली अभूतपूर्व सफलता ढाई लाख मैट्रिक टन हुआ उत्पादन

गुमला। गुमला जिला को एक्सप्रेस वे और नये बाईपास सड़क का तोहफा मिलेगा। ओड़िशा के संबलपुर से रांची तक एक्सप्रेस वे बनाया जाएगा। जिसकी स्वीकृति केंद्र सरकार से मिल चुकी है। एक्सप्रेस वे से गुमला जिला के कामडारा व बसिया प्रखंड के 19 गांव जुड़ेंगे। वहीं गुमला शहर में एक नये बाईपास सड़क का निर्माण कार्य होगा। जिसको लेकर राज्य सरकार के पास जिला प्रशासन के द्वारा प्रस्ताव भेजा गया है। उक्त बातें बुधवार को आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में जिले में किये गये विकास कार्यों का आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए उपायुक्त सुशांत गौरव ने कही।

उन्होंने कहा कि अधरमा मोड़ से ससिया तक 13.90 किमी मीटर नये सड़क का निर्माण कार्य किया जाना है। वहीं डुमरी से कुरूदमोड़ तक 24.500 किलो मीटर सड़क का निर्माण कार्य होगा। कार्य से संबंधित ड्रोइंग डिसिजन स्वीकृति हेतु विभाग को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद सड़क का कार्य आरंभ होगा। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही सड़क का टेंडर निकाल कर कार्य आरंभ किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि गुमला में बालू घाटों का टेंडर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 53202 आवास बनाये जाने थे। जिसमें से 46245 आवास का कार्य पूर्ण हो गया है।

वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अकुशल मरीजों को प्रशिक्षित कर उन्हें राजमिस्त्री बनाने की प्रक्रिया चल रही है। आगे प्रशिक्षित राजमिस्त्री ही आवास निर्माण कार्य करेंगे। मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 787 कूप का निर्माण किया गया। जिसमें पूरे राज्य में गुमला तीसरे स्थान पर रहा। वीर शहीद पोटो योजना के तहत पूरे जिले के सभी प्रखंडों में एक-एक खेल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। पलमा से गुमला पथ चौड़ीकरण में 92.49 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जा चुका है। उपायुक्त ने कहा कि 5 दिसंबर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूरा किया जाएगा और 25 दिसंबर तक सड़क में मिट्टी भरने का कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। जबकि सड़क का पिचिंग का कार्य 31 मार्च तक पूरा कर फोर लेन चालू किया जाएगा। सावित्री बाई फुले योजना के तहत 21 हजार 664 छात्राओं को जोड़ा गया है। जिसमें 27 हजार छात्राओं को जोड़ने का लक्ष्य है। जिन्हें योजना के तहत 21 वर्षों तक 18 हजार रूपये दिया जाएगा।

श्री गौरव ने कहा कि जिले में रागीव मडुवा के उत्पादन में अभूतपूर्व सफलता मिली है। जिले में ढाई लाख मैट्रिक टन रागीव मडुवा का उत्पादन किया गया है। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों में संचालित कार्यों की भी जानकारी दी।

### चांदसी क्लीनिक को प्रशासन ने किया सील



चैनपुर। कुरूमगढ़ रोड स्थित चांदसी क्लीनिक को उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रशासन ने किया सील। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा एक जांच टीम गठित कर चैनपुर प्रखण्ड के सभी क्लिनिक एवं प्राईवेट अस्पतालो की जांच की गई थी। जिसमें कई क्लीनिको पर कमिया पाई गयी थी। जिसकी रिपोर्ट गुमला उपायुक्त को सौंपी गई थी। इसी आलोक में आज उपायुक्त के आदेश के बाद चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. शिशिर कुमार सिंह एवं अंचलाधिकारी गौतम कुमार, चिकित्सा प्रभारी डा. राजमोहन खलखो ने चैनपुर थाना के साथ मिलकर चांदसी क्लीनिक को अगले आदेश तक सील कर दिया। मौके पर चैनपुर बीडीओ डा. शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि जिला के आदेश पर यह कारवाई की गई है। आगे भी जांच टीम के द्वारा दिए गए रिपोर्ट के आधार पर कारवाई की जाएगी। वहीं प्रशासन के द्वारा की गई कारवाई से क्लिनिक संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

## पढ़ाई के अलावा अन्य कामों में भी रूचि लें छात्र : डालसा



लोहरदगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) 26 नवंबर से 02 दिसंबर तक संविधान सप्ताह मना रही है। संविधान सप्ताह के चौथे दिन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा द्वारा चुन्नी लाल उच्च विद्यालय परिसर में 'संविधान और आपका दायित्व विषय पर आयोजित डिबेट में पन्द्रह विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें काजल कुमारी को प्रथम पुरस्कार दिया गया। डालसा सचिव ने मौके पर अन्य विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, साथ ही संविधान दिवस को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया । रिया लकड़ा को बेहतरीन पेंटिंग बनाने के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया । डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि संविधान ने नागरिकों को मौलिक अधिकार दिया है किन्तु मूल कर्तव्यो की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 51 'क' में मूल कर्तव्यों की व्याख्या की गई है जिसका हम सब को पालन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्राचार्य कमल बारला ने किया । मौके पर पीएलभी गौतम लेनिन,रीतु लकड़ा,मनीबाला, जन्मजय यादव, मानस कुमार सिन्हा,बिंदी ब्रजबाला सांगा, अंजना रानी मिंज, मुकेश कुमार, लक्ष्मी नारायण तिवारी,विजय शंकर, सत्यप्रकाश केसरी,निशा नीलम कुजुर,नीलिमा तिर्की, सुरज कुमार,नाहिद नूर हसन सहित कई शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थीं ।

### नगर परिषद अध्यक्ष पद को ले शकुंतला उरांव ने किया बैठक



गुमला। नगर परिषद चुनाव की तैयारी को लेकर भावी अध्यक्ष पद की प्रत्याशी शकुंतला उरांव ने बुधवार को समर्थकों के साथ नागफेनी नदी तट पर बैठक की। इस अवसर पर वनभोज का भी आयोजन किया गया। बैठक में नगर परिषद के होने वाले चुनाव की तैयारी हेतु रणनीति बनायी गई। जिसमें हर वार्ड से कैसे वोटरों को मतदान तक लाया जा इसकी रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में समाजसेवी शकुंतला उरांव, पूनम उराँव, मोहम्मद इजराइल, बिनीता देवी, सुखराम सिंह, राजकेशवर प्रसाद, सरोज उरांव, रीता देवी, राजेश उराँव, सुरेंद्र उरांव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को लेकर छात्रों ने किया नाटक



लोहरदगा। राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाडी पाड़ा के छात्रों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर किया नाटक। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह रंगकर्मी अरुण राम ने कहा कि नाटक बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है। अभिनय में जिस चरित्र को निभाते हैं उसमें डूब जाना पड़ता है, उस पात्र का जीवंत करना होता है। नाटक में संवाद के साथ-साथ आंगिक भाव भी प्रदर्शित किया जाता है जो दर्शकों में संदेश देने का कार्य करता है। इस विद्यालय के बच्चों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी है, इन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इनके दैनिक जीवन में अभिनय की कौशलता का लाभ मिलेगा। विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार ने विद्यालय के बच्चों की नाटक में अभिरुचि की सराहना करते हुए बतलाया की अगर इन्हें उचित मंच और अवसर मिले तो यह काफी आगे तक जाएंगे। नाटक में प्रथम स्थान वर्ग सात के छात्र-छात्राओं ने पाया, द्वितीय स्थान वर्ग आठ तथा तृतीय स्थान मे वर्ग तीन तथा वर्ग पांच की छात्र-छात्राएं संयुक्त रूप से रहे।

# नियमित रूप से करें वाहन चेकिंग : डीडीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जिला सड़क सुरक्षा समिति के बैठक में उपविकास आयुक्त ने दिए कई निर्देश**

लोहरदगा । उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सिविल सर्जन, लोहरदगा को निर्देश दिया गया कि गुड सैमरिटन में चिन्हित व्यक्तियों को भुगतान कराना सुनिश्चित करेंगे।

राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल रांची के कार्यपालक अभियंता द्वारा जानकारी दी गई कि बरही स्थित केंद्रीय विद्यालय के समीप वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक साइनबोर्ड एक दिन के अंदर लगा लिया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विद्यालयों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता के लिए चिन्हित किये गये सड़क सुरक्षा नोडल शिक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षण अगले 10 दिनों के नगर भवन में दिया जाना सुनिश्चित करें। आपदा के तहत सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मिलने वाली मुआवजा के संबंध में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई 20 मामलों में से 18 का भुगतान किया जा चुका है। परिवहन पदाधिकारी, लोहरदगा को निर्देश दिया गया कि नियमित रूप से वाहन का सघन जांच अभियान चलाएं। साथ ही, राजस्व के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भी कार्रवाई की जाय। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। नगर परिषद, कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि शहर में पार्किंग स्थल के लिए स्थल का चयन कर लिया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जिला में अवैध शराब निर्माण से संबंधित छापेमारी से 2.17 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ है।

पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया गया कि जिला में सड़क दुर्घटनाओं की ऑनलाईन रिपोर्टिंग आईरैड एप के माध्यम से ससमय की जाय। पुलिस सड़क दुर्घटना और स्वास्थ्य विभाग अस्पताल में सड़क दुर्घटना से घायल व्यक्ति की रिपोर्टिंग करे। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा दास, डीडीएमो विभाकर कुमार कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल रांची, पथ प्रमण्डल लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता रविंद्र कुमार, समाजसेवी संजय बर्म्मन, अरूण राम समेत अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### महायज्ञ में बह रही है अध्यात्म की गंगा



घाघरा। सेहल गांव में आयोजित नव कुंडीय शत्यचंडी महायज्ञ में प्रत्येक दिन भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। वहीं वृंदावन से आयी किशोरी असिता के द्वारा प्रति दिन श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से अध्यात्म की गंगा प्रवाहित करते हुए धर्म के प्रति लोगों में चेतना जागृत किया जा रहा है। असिता के द्वारा कृष्ण लीला पर दिये जा रहे प्रवचन को सुनने लोग दूर–दूर से काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। श्रीमद भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 :00 से 6 :00 बजे शाम तक हो रही है उसके उपरांत संध्या 6 :00 से 9 बजे रात तक रासलीला का भी आयोजन वृंदावन के कलाकारों द्वारा किया जा रहा है । समिति द्वारा प्रत्येक दिन 24 घंटे का भव्य भंडरा का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ समिति के संरक्षक अशोक उरांव ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि महायज्ञ कार्यक्रम का आज तीसरा दिन है। प्रतिदिन दूरदराज से लोग पहुंच रहे हैं पूजा परिक्रमा के साथ–साथ किशोरी असिता के प्रवचन का अनुश्रण कर रहे हैं। मौके पर कल्याण बाबा, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष परमेश्वर साय,अरविंद पाठक ,प्रेमदीप जैसवाल, अरुण कुमार पांडेय,आसुतोष जैसवाल,राजेश भगत,अमित साय, बिनु गोप,रामजीत प्रजापति,हिमांशू पाठक,सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### एसपी ने चैनपुर इंस्पेक्टर को किया सम्मानित



चैनपुर। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऐहतेशाम वकारीब के द्वारा बुधवार को चैनपुर थाने का निरीक्षण किया गया। एसपी ने कहा कि चैनपुर थाने में साफ सफाई एवं हो रहे निर्माण कार्यों तथा फुलवारी निर्माण कार्य का जांच संतोषजनक है। उन्होंने पुलिस कर्मियों को इस दौरान कई निर्देश भी दिया। वहीं इंस्पेक्टर बैजू उरांव के अच्छे कार्य को देखते हुए एसपी ने रिवार्ड दिया। साथ ही चैनपुर थानें परिसर में एसपी और एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी के द्वारा वृक्षारोपण किया गया । निरीक्षण में चैनपुर अनुमंडल के सभी थानों के प्रभारी के साथ बैठक एसपी ने किया। जिसमें चैनपुर अनुमंडल में हो रहे क्राईम को रोकनें एवं माओवादी गतिविधियों को रोकनें का दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण में चैनपुर अनुमंडल के सभी थाना के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### शहर में अलाव की व्यवस्था करे नप परिषद



गुमला। मौसम के मिजाज में लगतार हो रहे परिवर्तन से ठंड का प्रकोप जिले में बढ़ने लगा है। दिन प्रतिदिन तापमान में गिरवाट आ रहा है। जिसे ठंड का एहसास अधिक होने लगा है। जिसे देखते हुए वार्ड पार्षद शैल मिश्रा ने मंगलवार को नगर परिषद पदाधिकारी संजय कुमार को ज्ञापन सौंपकर शहरी क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। वार्ड पार्षद ने कहा है कि शाम ढलते ही सर्द हवा चलने के कारण ठिठुरन बढ़ जाती है। जिससे राहगीरों की परेशानी में बढ़ोत्तरी हुई है। इस बाबत लोक सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर के सार्वजनिक स्थलों यथा, टावर चौक, पटेल चौक, मिशन चौक, बस स्टैंड आदि जगहों पर अलाव की व्यवस्था किये जाने की आवश्यकता जताई है।

### ग्रेपलिंग कुश्ती के विजेताओं का भव्य स्वागत



गुमला। भारतीय कुश्ती संघ एवं ग्रेपलिंग कमेटी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में 24 से 27 नवंबर तक उत्तर प्रदेश के नंदिनी नगर में आयोजित राष्ट्रीय ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड के पहलवानों ने 4 पदक जीता। जिसमें स्पोर्ट्स अकादमी गुमला के तीन खिलाड़ियों ने पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले से चार खिलाड़ी शामिल हुए थे। जिसमे जूनियर वर्ग में आदित्य साहू ने अपने भार वर्ग मे कांस्य पदक, सीनियर महिला में रीता सुरिन व कलावती ने रजत पदक प्राप्त किया। साथ ही सीनियर पुरुष मे रांची के ओवैस अराफत ने कांस्य पदक प्राप्त किया। पदक जीतकर वापस गुमला लौटे खिलाडियों का गुमला के टावर चौक में स्पोर्टस एकेडमी के खिलाडियों व स्थानीय लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया।

### महिला हिंसा के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



चैनपुर। महिला हिंसा के विरोध में सखी मंडल की महिलाओं के द्वारा चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें चैनपुर गरिमा केंद्र, जेएसएलपीएस के एसडी, बीआरपी, बीपीएम, संकुल संगठन की महिलाएं शामिल हुए। जिला परिषद सदस्य श्रीमती मेरी लकड़ा, बीपीएम अल्पना खलखो व चैनपुर मुखिया शोभा देवी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च के दौरान महिलाएं महिला हिंसा बंद करो, महिलाओं को शिक्षित करो, शराब पीना बंद करो, महिला तस्करी रोको, बाल विवाह बंद करो, अंधविश्वास व रूढ़िवादिता हटाओ आदि नारे लगा रही थी। कैंडल मार्च प्रखंड कार्यालय से थाना रोड, पीपल चौक, मेन रोड, एमएलए रोड, सोहन चौक, अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुआ। कैंडल मार्च में इंदु टोप्पो, बेला माधुरी तिर्की, नीलिमा खलखो, ललिता कुजुर सहित संकुल संगठन की महिलाएं शामिल थी।

### ट्रैक्टर ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष बने प्रकश उरांव



घाघरा। ट्रैक्टर ऑनर एसोसिएशन की बैठक जग बगीचा घाघरा में बुधवार को हुआ। बैठक में प्रत्येक दिन बालू उठाव पर ट्रैक्टर पकड़े जाने पर चर्चा की गई। वहीं पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसमिति से अध्यक्ष प्रकाश उरांव, सचिव मनोज सिंह, कोषाध्यक्ष गणेश चौरसिया को बनाया गया ।नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश उरांव ने कहा कि आप सभी ने जो मुझे जिम्मेवारी अध्यक्ष पद के लिए सौंपा है उसका मैं इमानदारी पूर्वक कार्य करूंगा। ओनेरो के हर परेशानी मैं सामने खड़ा रहूंगा । मौके पर उपस्थित सदस्यों में संजय सिंह, रिंकू चौरसिया, अनिल सिंह, संदीप जयसवाल, गंगासागर साहू ,कुश साहू, पारसनाथ भगत, चंद्र भगत,शोभनाथ लोहरा, अमर साहू ,अशोक उराव, शंकर उराव किशोर यादव सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### सुखा राहत योजना का पंजीकरण तिथि बढ़ाने की मांग

गुमला। झारखंड जेनरल कामगार यूनियन ने मुख्यमंत्री सुखा राहत योजना के तहत लाभार्थियों के ई –केवाईसी कराने तथा आवेदन पत्र जमा करा कर पंजीकरण कराने की तिथि विस्तारित करने की मांग की है। जिला सचिव सुरेश प्रसाद यादव ने कहा है कि राज्य भर में लाखों किसानों का केवाईसी और आवेदनों का पंजीकरण दो चार दिनों में सम्भव नहीं है। पिछले दो दिनों से आधार ऑथेन्टिकेशन गेटवे का पोर्टल खुल नहीं रहा है। जिसके कारण किसान प्रज्ञा केन्द्रों से परेशान हो कर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो चार दिनों में ई–केवाईसी तथा आवेदन पंजीकृत कराने का फरमान पूरी तरह से अव्यवहारिक है।

### घाघरा में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के आरंगी जामटोली में 19 वर्षीय अमिता कुमारी ने घर से कुछ दूरी एक पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर मंगलवार की रात आत्महत्या कर ली। वहीं परिजनों और ग्रामीणों द्वारा घटना की सूचना घाघरा पुलिस को बुधवार को दी गई। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि छोटी मोटी बात को लेकर कुछ बोला गया जिसके बाद अमिता मंगलवार की शाम को घर से निकली। हम सभी ने सोचा कि वह अपने किसी सहेली या दोस्त के घर में चली गई होगी। वही आज बुधवार की सुबह घर से कुछ दूरी पर एक पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर झूलता अमिता का शव मिला। जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### अंतर जिला फुटबाल के लिए टीम का हुआ चयन

गुमला। 02 व 03 दिसम्बर 2022 को अंतर जिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन लोहरदगा जिला में किया गया है। जिसमें गुमला , लोहरदगा एवं राँची की टीम भाग लेगी। गुमला जिला टीम के चयन को लेर बुधवार को ट्रायल शिविर का आयोजन परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में किया गया। जिसमें जिले के घाघरा ,भरनो , बसिया प्रखंड के खिलाड़ी शामिल हुए। प्रशिक्षक रिजवान अली , सतीश मिंज , राष्ट्रीय रेफरी मनोज कुमार साहु , अध्यक्ष रोबर्ट टोप्पो , उपाध्यक्ष अमित एका , सह सचिव जोन वेसली मिंज , कोसाधयक्ष प्रदीप राम आदि के देख रेख में टीम का चयन किया गया।

### रेल लाइन को लेकर जेएनडी चलाएगा अभियान

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल ( जेएनडी ) द्वारा गुमला को रेल लाइन से जोड़ने के लिए लांस नायक शहीद परमवीर अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस 3 दिसंबर 2022 को गुमला शहर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। जिसकी शुरूआत गुमला कचहरी से होगी । विदित हो की परमवीर अल्बर्ट एक्का जैसे देशभक्त का गुमला गृह जिला है। वहीं परमवीर अल्बर्ट एक्का का गांव से लेकर देश की राजधानी दिल्ली तक स्टेचू व स्टेडियम जैसे सार्वजनिक स्थल बनाए गए। लेकिन देश की आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी गुमला रेल लाइन से नहीं जुड़ पाया जो सिर्फ दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि यहां के लोगों के साथ नाइंसाफी भी है । शहीद अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस के अवसर पर गुमला में हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए आगामी कार्यक्रम की भी घोषणा शहादत दिवस के मौके पर की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### दुर्घटना में गंभीर बाइक सवार रेफर

**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के वन चेकपोस्ट के समीप एनएच 98 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार रोहित सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बुधवार देर शाम की है। रोहित बिहार के अंबा थाना क्षेत्र के राजपरसा का है। घटना के बाद लोग उसे हरिहरगंज सीएचसी अस्पताल लेकर गये। जहां प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर किया गया। डॉ राजेश कुशवाहा ने बताया कि युवक का बायां पैर फ्रैक्चर है। वहीं सिर में गंभीर चोट आयी है। युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

### बीडीसी की बैठक में योजनाओं की समीक्षा



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड परिसर के बीस सूत्री की बैठक में बीडीओ मनोज तिवारी, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रामानंद पांडे, अंचलाधिकारी लालबाबू, बीस सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह उपस्थित थे। जिसमें प्रखंड की योजनाओं की समीक्षा हुई। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में चल रही योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास जारी है। उसे योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए प्रयासरत हैं। बैठक में सीडीपीओ अनीता कुमारी, ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर अमित चौबे, बीस सूत्री सदस्य भी थे।

### भाकपा जिला सचिव ने की घटना की निंदा



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने झामुमो नेता रेड़मा निवासी संजीव तिवारी को जान मारने की धमकी देने की घटना की निंदा की है। कहा कि पुलिस प्रशासन को ऐसी घटना से सबक लेने की जरूरत है। विदित है कि जब से अमन सिंह गैंग का मेदनीनगर केंद्रीय कारा में ट्रांसफर हुआ है तब से शहर के कुछ व्यवसायियों और नेताओं को लगातार धमकी मिल रहा है। जिसके शिकार संजीव तिवारी भी हुए।

### नहीं रहे मिर्जा खलील, साहित्य जगत में शोक



**मेदिनीनगर।** उर्दू जगत के चर्चित कवि-साहित्यकार मिर्जा खलील बेग ताहिर ने मुस्लिम नगर स्थित अपने आवास पर रात्रि में अंतिम सांस ली। उनकी मौत से हिंदी-उर्दू साहित्य प्रेमियों में शोक की लहर व्याप्त है। अदबी संसार के संस्थापक एमजे अजहर ने कहा कि मिर्जा खलील बेग ताहिर यादों में जिंदा रहेंगे। वो पलामू जिले के चर्चित कवि-साहित्यकार थे। उनकी आधा दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हैं। उन पुस्तकों में यादों का शजर, आईन ए कर्बला, माटी हिंदुस्तान की, रूह ए तरीकत व अन्य पुस्तकें लोकप्रिय हो चुकी हैं। कहा कि मिर्जा खलील का हमारे बीच से दुनिया छोड़कर जाना साहित्य के लिए बड़ी क्षति है। मौके पर मौलाना महताब आलम जियाई, अमीन रहबर, डॉ तस्लीम आरिफ, डॉ इंतेखाब असर ने कहा कि उनकी मृत्यु से उन्हें काफी दुख हुआ है।

### हमारे देश की दशा और दिशा तय करेगी भारत जोड़ो यात्रा : बिट्टू पाठक



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने भारत जोड़ो यात्रा कसमार से प्रारंभ किया। यात्रा का नेतृत्व पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू ने कहा कि यात्रा में तरहसी प्रखंड के शह प्रभारी बगेश पांडे, राजेश चौरसिया अजय साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने की। यात्रा पसहर बाजार, कसमार, पिपरा टोला, बाजार टोला रहमानिया टोला, पैन पार, कसियाडीह पंचायत तक किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि देश में नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। केंद्र की वर्तमान सरकार हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई को आपस में लड़ा कर सत्ता में बने रहना चाहती है जो देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा है। मौके पर कौशल पांडे, इकबाल खान, मुखिया संजू देवी के पति अरविंद गुप्ता, पंसस शारदा देवी पति सूरज देव मांझी, पूर्व पंसस नंदकिशोर मांझी, धर्मेंद्र यादव, छोटू पासवान, राहुल कुमार सोनू, विष्णु देव राम, राकेश प्रजापति, राजेश पासवान, अनिल राम शामिल थे।

### पंडवा ने बालूमाथ को 2-0 से हराया



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम किशनपुर में विधायक आमंत्रण प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के छठे दिन का खेल बालुमाथ बनाम पड़वा प्रखंड टीम के बीच खेला गया। जिसमें पड़वा प्रखंड की टीम दो गोल से विजयी रही। समारोह के मुख्य अतिथि किशुनपुर पुलिस पिकेट प्रभारी नीरज कुमार, किशुनपुर पुलिस पिकेट के वर्तमान सह प्रभारी संतोष कुमार शामिल थे। मौके पर छतरपुर पाटन विधायक पुष्पा देवी के सौजन्य से खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध कराई गई टी शर्ट एवं पैंट का वितरण बबलू उपाध्याय ने दोनों टीमों के बीच किया। मैन ऑफ द मैच विजेता टीम के खिलाड़ी को मैच के संरक्षक सह निवेदक पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने किया। कमेंटेटर्स जघांसी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी अविनाश सिंह उर्फ मुकेश ने किया। गुरुवार का मैच पांडू प्रखंड बनाम मनिका प्रखंड के बीच खेला जायेगा।

### स्कॉर्पियो के धक्के में पिता-पुत्र की मौत



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के दुबीयाखाड़ मोड़ के समीप एक स्कार्पियो ने मोटरसाइकिल में जोरदार धक्का मारा। जिससे एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे को अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई। दोनों मृतक पिता पुत्र हैं। जो शहर थाना के स्टेशन रोड निवासी सहदैव साव उम्र 65 वर्ष एवं इनके पुत्र सूरज साहू उम्र 28 वर्ष के रहने वाले हैं। दोनों स्टेशन से दुबियाखांड़ स्थित अपने होटल स्पेलेंडर गाड़ी से जा रहे थे। जाने के क्रम में तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियो सीजी 22एबी- 5088 ने धक्का मार दिया। जिसमें सहदेव साव के पुत्र सूरज की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। साहदेव साव गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें सदर हॉस्पिटल लाने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार, एएसआई अभिमन्यु सिंह ने वहां पहुंचकर घायलों को मेदिनीनगर पीएमसीएच भेज दिया।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद करें : डीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने जिलेवासियों से पलामू को फाइलेरिया मुक्त जिला बनाने में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक जिले के सभी गांवों/आंगनबाड़ी केंद्रों पर फाइलेरिया की दवा खिलाई जायेगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर फाइलेरिया की दवा अवश्य रूप से लेने की अपील की। उन्होंने दो वर्ष से कम बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति कोफाईलेरिया रोधी दवा का सेवन नहीं करने की अपील की है।

# पलामू : बिना फिटनेस और जर्जर स्कूली वाहनों पर कार्रवाई की हो रही है तैयारी

➲ उपायुक्त ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**बैठक में ये भी थे उपस्थित :** बैठक में नगर आयुक्त समीरा एस, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, सदर एसडीओ, उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा, लेस्लीगंज सह सदर एसडीपीओ, आईरेड की प्रतिनिधि, राष्ट्रीय राज्य मार्ग एवं निर्माण विभाग के प्रतिनिधि, सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार व आईटी असिस्टेंट डब्लू उपस्थित थे।

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त अंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में बुधवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन से बीते महीनों में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। डीटीओ ने बताया कि अगस्त से लेकर अक्टूबर तक जिले में कुल 63 सड़क दुर्घटना हुई है जिसमें 49 लोगों की मृत्यु हुई है वहीं 33 लोग घायल हैं। उपायुक्त ने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कैसे कमी लाया जाये इस पर चर्चा की। हिट एंड रन मामलों की भी समीक्षा की बताया कि 6 हिट एंड रन मामलों के निष्पादन हेतु बीमा कंपनी को फारवर्ड कर दिया गया है। इसी तरह उन्होंने ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध ब्रेथ एनालाइजर से लगातार अभियान चलाने पर बल दिया।

**ट्रिपल राइडिंग व एनएच पर हेलमेट चेकिंग अभियान चलाने पर जोर :** उपायुक्त ने सभी संबंधितों को शहर व ग्रामीण इलाके में ट्रिपल राइडिंग व एनएच पर हेलमेट चेकिंग अभियान चलाने की बात कही। वहीं उत्पाद अधीक्षक को सभी एसडीओ से समन्वय स्थापित कर सड़कों के किनारे स्थित होटलों का औचक निरीक्षण करने एवं अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने को कहा।

**उपायुक्त ने अलाव की व्यवस्था करने का दिया निर्देश :** बढ़ती ठंड को देख सभी सीओ को जरूरत के अनुसार अलाव की व्यवस्था कराने को कहा। उन्होंने सभी सीओ समेत मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त, विश्रामपुर नगर पर्षद के कार्यपालक पदाधिकारी, छतरपुर, हरिहरगंज व हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को अलाव की व्यवस्था कराने को कहा।

**अमृत सरोवर** के तहत विधायक ने किया तालाब का शिलान्यास

# तालाब निर्माण से किसानों को मिलेगा दोहरा लाभ : डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी प्रखंड के हुरलौंग पंचायत के गोगाड़ ग्राम में अमृत सरोवर के तहत तालाब जीर्णोद्धार व मरम्मत कार्य का शिलान्यास पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने किया। इस मौके पर पांकी पश्चिमी के जिला परिषद सदस्या निधि सिंह उपस्थित थी।

मौके पर विधायक ने कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही लोग मत्स्य पालन कर स्वरोजगार कर पायेंगे। वहीं वर्षा के पानी का भी तालाब में जमा होने से क्षेत्र का जलस्तर ठीक रहेगा। उन्होंने कहा कि तालाब के निर्माण से जल स्तर में वृद्धि होगी व कृषि भूमि के सिंचाई की सुविधा लोगों को मिलेगा। तालाब के निर्माण होने से गोगाड़ के कृषको में काफी हर्ष है। विधायक श्री मेहता ने कहा कि तालाब निर्माण होने से जहां एक ओर जल का स्तर बढ़ेगा वहीं दूसरी ओर किसानों को खेतों के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता होगी। इसके साथ ही साथ लोग उसमें मछली पालन कर दोहरी लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में अमृत सरोवर के तहत तालाब निर्माण कराया जाएगा ताकि लोगों को कृषि का लाभ मिल सके। मौके पर समाजसेवी भूआली यादव, संतोष चंद्रवंशी, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, सरोज चटर्जी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# देर रात जरूरतमंदों के बीच पलामू उपायुक्त ने बांटे कंबल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे मंगलवार की रात मेदिनीनगर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का रात्रि भ्रमण कर असहाय, भूमिहीन, रिक्शा वाले, फुटपाथ पर सो रहे लोगों व अन्य जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने कई लोगों से संवाद कर ठंड से बचने की सलाह दी। साथ ही उनकी स्वास्थ की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि समृद्ध लोग भी गरीबों की सेवा में आगे आयें। उन्होंने कहा कि गरीबों की सहायता करना पुनित कार्य है। कहा कि जिला प्रशासन जल्द चौक चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करेगा। ताकि लोग रात में काम करने वाले गरीब आग तापकर ठंड से बच सके।



**स्टेशन परिसर में जमीन पर बैठ असहायों से संवाद**

उपायुक्त श्री दोड्डे अपने आवास से निकल कर छः मुहान पहुंचे । यहां उन्होंने रिक्शा चालकों के बीच कंबल का वितरण किया। इसके पश्चात वे लाल कोठा गये जहां उन्होंने दोना-पत्ता बेचकर गुजर बसर कर रहे लोगों के बीच कंबल वितरण किया। इसके अलावे उपायुक्त ने सदर अस्पताल परिसर में मरीज के परिजनों के बीच भी कंबल प्रदान किये। स्टेशन परिसर में जमीन पर नीचे बैठकर असहायों संग संवाद किया इस दौरान एक महिला जो कि दिव्यांग थी । उन्होंने उपायुक्त को बताया कि वो खुद भीख मांगती है और उसके पति काम करते हैं। महिला ने उपायुक्त को बताया कि उसका घर नहीं है और न ही जमीन है वो लोग सतबरवा के पोंची के रहने वाले हैं । इस पर उपायुक्त ने मौके पर मौजूद सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह को उक्त महिला को बंदोबस्ती कर जमीन उपलब्ध करवाने व अंबेडकर आवास योजना का लाभ देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही सदर सीओ को दिव्यांग महिला को अविलंब रूप से ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक पीयूष समेत अन्य उपस्थित थे।

# राजहरा में भी लड़ी गयी थी 1857 विद्रोह की लड़ाई

- सैकड़ों लोगों को बरगद के पेड़ में दी गयी थी फांसी
- गुमनाम शहीदों को दी गयी भावपूर्ण श्रद्धांजलि
- राजहरा कोठी स्थित बरगद पेड़ आज भी है इसका गवाह

गजेंद्र कुमार





**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड के राजहरा कोठी के प्रांगण में श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। जहां गुम नाम शहीद हुतात्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन अधिकार संघर्ष मोर्चा के द्वारा की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर के के मिश्रा व संचालन संतोष पाठक ने किया। कार्यक्रम में पहुंचे शुभेच्छुओं ने 1857 में स्वतंत्रता संग्राम के दिनों विशाल बरगद के पेड़ में लटका कर सैकड़ों लोगों को फांसी दिए गए गुमनाम शहीद हुतात्माओं को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर प्रोफेसर के के मिश्रा ने कहा कि गुलाम भारत को आजाद कराने को ले देश के कोने कोने में अलग-अलग रूपों में स्वाधीनता की लड़ाई लड़ी गई थी। जिसमें हजारों लोगों को फांसी दी गई। मां ने बेटे को,पत्नी पति को व कई बहनों ने अपने भाई को खोया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद कई लोग इतिहास के पन्नों में अपनी गाथा अमर कर गए है। जिनका गर्व से देश में नाम लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पलामू जिले के नावाबाजार प्रखंड का राजहरा गांव जो गुमनामी जीवन जी रहा है। जिसने 1857 के विद्रोह में अपनी एक अलग पहचान स्थापित किया। जो स्थानीय इतिहासकारों के द्वारा चर्चा में लाया जा रहा है।

■ साथ ही किताबों व अपनी इतिहास के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाकर क्षेत्र की बदहाली सामने लाने का प्रयास जारी है। अधिकार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह वकील संतोष पाठक ने कहा कि 1857 में हुए आंदोलन का गवाह नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र के राजहारा कोठी स्थित बरगद का विशाल पेड़ भी है। जहां सैकड़ों लोगों को फांसी पर लटका दिया गया था। इतना ही नहीं यहां विद्रोह करने वाले लोगों को दबाने का प्रयास भी किया गया। 1857 के पूर्व राजहारा क्षेत्र में बंगाल कोल कंपनी की ओर से माइनिंग का काम हो रहा था। जिस पर पूर्णता अंग्रेजों का अधिकार था।उन्होंने कहा कि 1857 ई में हुए आंदोलन के बाद लोगों में अंग्रेजो के प्रति उबाल आ गए। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये सैकड़ों लोगों की जानें गयी थी।

### अब 15 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं किसान

**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड सरकार ने सुखाड़ राहत योजना के लिए 30 नवंबर का समय दिया गया था, लेकिन हुसैनाबाद में सर्वर नही काम कर रहा हैं ऐसे में यहां के किसान इस योजना के लाभ से बंचित रह जाते बहुत सारे किसान अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे लेकिन समय कम था। इधर, इस योजनाओं को लाभ किसानों को दिलाने को लेकर बीडीओ रतन कुमार सिंह ने बीते दिनों सभी प्रज्ञा संचालकों के साथ बैठक किया था लेकिन सर्वर नही रहने के कारण फार्म ऑनलाइन नहीं हो रहा था जिसके बाद उतरी जीप सदस्य राजू मेहता, हैदरनगर के सामाजिक कार्यकर्ता आर रहमान सहित क्षेत्र के दर्जनों युवाओं टिवीटर और अन्य शोशल मीडिया के माध्यम से कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और अन्य आलाधिकारियों से इस समस्या से अवगत कराते हुए तिथि बढ़ाने की गुहार लगाया था। जिसके बाद अब ऑन लाइन करने की तिथि 15 दिसंबर तक दिखने लगा जिससे किसानों में खुशी हैं।

### टीपीसी के फरार दो अभियुक्तों के घर साटा इश्तेहार



**रामगढ़ पलामू।** माननीय न्यायालय ने कांड संख्या रामगढ़ 46 के प्रार्थी अभियुक्त सोनू यादव ग्राम मसूरमह पिता प्रभु यादव एवं विशाल चौधरी पिता सिविल चौधरी ग्राम खुरा काला थाना चैनपुर के विरुद्ध टीपीसी के फरार दोनों अभियुक्त के घर इश्तेहार का नोटिस चिपकाया। प्रार्थी अभियुक्त सोनू यादव पिता प्रभु यादव ग्राम मुसुरमुह थाना रामगढ़ एवं विशाल चौधरी पिता सिविल चौधरी थाना चैनपुर जिला पलामू के परिजनों को कहा कि कोर्ट के समक्ष 30 दिनों के अंदर आत्मसमर्पण करें नहीं तो कोर्ट के आदेशानुसार कुर्की जब्ती कर अगले अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। इसकी यह जानकारी रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने दी।

# लंगरकोट बनाम बैंराव मैच ड्रॉ बिलासपुर ने जीता अपना मैच

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब जपला के तत्वधान में खेले जा रहे कर्नल कप फुटबॉल टूनामेंट में दो मैच खेले गए। पहला मैच लंगरकोट बनाम बैंराव के बीच खेला गया। जो गोल रहित बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरा मैच बिलासपुर बनाम झरगाड़ा के बीच खेला गया। जिसमें बिलासपुर ने झरगाड़ा को 1-0 से हरा दिया। बिलासपुर की तरफ से सुभम कुमार ने गोल किया। मैच से पूर्व मुख्य अतिथि किसान ब्रिगेड हैदरनगर प्रखंड के अध्यक्ष भोला पासवान ने सभी खिलाड़ियों से परिचय लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का आग्रह किया। मौके पर कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि यह टूर्नामेंट हुसैनाबाद के प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए आयोजित किया गया है। इसलिए आपलोग ज्यादा अपने क्षेत्र के लोगों को खेलने का मौका दें।

# हरिहरगंज : सेवानिवृत्त प्राचार्य को सम्मान समारोह में दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कौआखोह स्थित राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय उच्च विद्यालय में बुधवार को सम्मान समारोह आयोजित कर विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दिनेश राम को विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक गुप्तेश्वर पासवान ने की तथा संचालन प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार सिंह निराला ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पलामू प्रमंडल कल्याण विभाग के उपनिदेशक विजय मतियस टोप्पो तथा विशिष्ट अतिथि कल्याण शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री चंद्र कुमार पांडेय उपस्थित थे। मुख्य अतिथि कल्याण उपनिदेशक ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक अनिवार्य प्रक्रिया है। इसके बाद व्यक्ति विभागीय दायित्वों से मुक्त होकर सामाजिक दायित्व से बंध जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं। बल्कि उनका कार्य करने का दायरा एक विद्यालय से निकल पूरे समाज में फैल जाता है।

### प्रखंड में डिग्री कॉलेज स्थापित करने की मांग



**हरिहरगंज पलामू।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का गत दिनों हरिहरगंज आगमन के दौरान किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामप्यारे विश्वकर्मा उर्फ मुन्ना विश्वकर्मा ने प्रखंड में डिग्री कॉलेज स्थापना कराने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड की करीब डेढ़ लाख आबादी होने के बावजूद यहां एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है। जिससे छात्रों खासकर छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई उत्पन्न होती है। मुन्ना विश्वकर्मा ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री ने साकारात्मक आश्वासन दिया है। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज कुमार सिंह, विनोद सिंह, मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, रेणु देवी, राजेश दास सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिप सदस्य सुधा ने उपायुक्त को कराया जनसमस्याओं से अवगत

खबर मन्त्र संवाददाता




**सतबरवा पलामू।** जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने बुधवार को पलामू उपायुक्त से मिल कर प्रखंड क्षेत्र के जन समस्याओं को रखा। उन्होंने बकोरिया पंचायत के रांची रोड से भलवही तक सड़क निर्माण, रबदा पंचायत अंतर्गत ग्राम सलैया में सड़क निर्माण, रेवारातु पंचायत अंतर्गत चांपी गांव के लिटिया टोला में सड़क निर्माण तथा घुटवा पंचायत के सतकुरवा गांव में सड़क निर्माण कराने की मांग किया।

उन्होंने उपायुक्त को बताया कि सतकुरवा में आजादी के बाद आज तक सड़क निर्माण नहीं हो पाया है जिसके कारण वहां के लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं उन्होंने सतबरवा प्रखंड के अंचल कर्मी व राजस्व कर्मी पर गरीब जनता का काम नहीं करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने बताया कि ऑनलाइन रसीद कटवाने में लोगों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है जिसका जवाबदेह अंचल कर्मचारी हैं। जिप सदस्य ने कहा कि पलामू उपायुक्त ने हमारी सभी बातों को गौर से सुनकर आश्वस्त किया कि सतबरवा प्रखंड की जन समस्याओं को दूर किया जायेगा। जो भी समस्याएं हैं उसका निराकरण होगा। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव उपस्थित थे।

# हनुमंत पूजा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

➲ सुप्रसिद्ध कथावाचिका हेमलता शास्त्री प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से संध्या सात बजे तक चलेगी भागवत कथा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** रेड़मा ठाकुरबाडी. में बुधवार को हनुमंत पूजा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारम्भ हुआ। सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचिका हेमलता शास्त्री के द्वारा गुरुवार से भागवत कथा किया जाएगा। भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से संध्या सात बजे तक चलेगा। भागवत कथा का विभन्न धार्मिक चैनल पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। भागवत कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष दिलीप तिवारी (मिंटू), प्रवीण तिवारी (बंटु), अभिषेक तिवारी (चिंटू), कमल किशोर तिवारी, प्रशांत तिवारी, मनीष पांडेय, अप्पू तिवारी, अजीत तिवारी, अमित तिवारी, विनित तिवारी, नीरज तिवारी, मुकेश त्रिपाठी व राकेश दुबे सहित कई सदस्य भागवत कथा को सफल बनाने के लिए सक्रिय हैं। वहीं प्रदीप तिवारी महाकाल मुख्य यजमान की भूमिका निभा रहे हैं। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने बताया कि भागवत कथा आयोजन की तैयारी पुरी कर ली गई है और श्रोताओं के सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था की गई है। इधर बुधवार को भागवत कथा वाचिका हेमलता शास्त्री का डालटनगंज पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

# वेतन नहीं मिलने से नाराज रिम्स के लॉउन्ड्री कर्मी कर सकते हैं हड़ताल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में कार्यरत लॉन्ड्री के कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने के संकेत दिए हैं। बीते 8 महीने से वेतन का भुगतान नहीं होने से नाराज 53 कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रबंधन से वेतन भुगतान की गुहार लगाई। लेकिन प्रबंधन ने उनकी कोई सुधि नहीं ली। ऐसे में कर्मचारियों ने कहा कि बिना पैसे का हमलोगों का गुजारा कैसे होगा। प्रबंधन को इसकी परवाह नहीं है। हालांकि इस मुद्दे को लेकर रिम्स के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी से लॉन्ड्री कर्मियों का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को मिलेगा। इस दौरान उन्हें बताया जाएगा कि कितने महीने का वेतन भुगतान होगा। बातचीत संतोषजनक नहीं होने पर लॉन्ड्री कर्मी हड़ताल पर जा सकते हैं।

### चादर, गाउन और ओटी के कपड़ों की होती है सफाई

बताते चलें कि रिम्स में भर्ती मरीजों को इसी लॉन्ड्री से चादर और कंबल उपलब्ध कराया जाता है। लॉन्ड्री में चादरों की सफाई होती है। इसके साथ ही डॉक्टरों का गाउन, ऑपरेशन थियेटर के कपड़े और अन्य कपड़ों की सफाई भी (सीएसएसडी) में किया जाता है।

# सीसीएल से सेवानिवृत्त 7 कर्मियों को सम्मान समारोह में दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत 7 (सात) कर्मियों की सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें विदायी दी गयी। एसएस चौधरी, महाप्रबंधक, सतर्कता विभाग, डॉ निर्मला सिंह, सीएमओ, गांधीनगर अस्पताल, उमा शंकर प्रसाद, सब इंजीनियर (ई एंड एम) गुणवत्ता विभाग, अशोक कुमार, सुपरवाईजर (ए-1), प्रशासन विभाग, दीपक कुमार, कार्यालय अधीक्षक (ए-1), विपणन एवं विक्रय विभाग, अरूण कुमार सिंह, अनिता उरांव, अकाउंटेंट (ए-1), प्रशासन विभाग तथा मुख्य ईसीजी तकनीकी (ए-1), गांधीनगर अस्पताल को बुधवार को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। नवंबर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 89 कर्मियों को सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मियों पर निर्मित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन सम्मान समारोह के दौरान किया गया।

मौके पर निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद ने सभी का अभिनंदन करते हुये कहा कि आप सभी एक लंबे अनुभव के साथ कंपनी से सेवानिवृत हो रहे हैं। आपके अनुभवों एवं विचारों से हम सभी प्रेरणा लेते हुए कंपनी को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने सभी सेवानिवृत कर्मियों को कहा कि हम सभी को गर्व है कि हमलोग कोल इंडिया/सीसीएल परिवार के हिस्सा हैं जो कोरोना काल में भी निरंतर निर्बाध रूप से कार्य करते रहे हैं और इस दौरान पावर प्लांट में कोयला की कमी नहीं हुई है।

वहीं, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मी साथियों को कंपनी की ओर से उनकी सेवाओं और योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी की बदौलत ही कंपनी ने इस उच्चे मुकाम को तय किया है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि आप प्रतिदिन की दिनचर्या बनायें और सामाजिक रूप से अपने आप को व्यस्त रखें। निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) बी साईराम ने सेवानिवृत कर्मियों के जीवन की दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आज सीसीएल जिस उंचाई में आज खड़ी है उसमें आप सभी का विशेष योगदान रहा है। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे।

मंच संचालन विभागाध्यक्ष (कल्याण) रेखा पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## खबर एक नजर में

### अमित अग्रवाल मामले में सीबीआई जांच का स्वागत : दीपक प्रकाश



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने उच्च न्यायालय द्वारा अमित अग्रवाल के मामले की सीबीआई जांच के आदेश का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि अमित अग्रवाल राज्य के कई बड़े लूट और भ्रष्टाचार का मास्टर माइंड है। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं अमित अग्रवाल सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों का खासम खास भी है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार लगातार उजागर कर रही है। जिस प्रकार से सत्ता के दलालों, ब्यूरोक्रेसी के कतिपय भ्रष्ट अधिकारियों ने राज्य के सत्ताधारियों के संरक्षण में लूट का तांडव मचाया है,उसका सफाया राज्य हित में आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ईडी की कारवाई से लगातार भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसी जा रही है। अब सीबीआई जांच के आदेश से जांच की प्रक्रिया तेज होगी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अमित अग्रवाल को बेल नहीं देकर सीबीआई जांच का आदेश करना न्यायालय का स्वागत योग्य आदेश है।

### लाइट हाउस के 111 फ्लैट के लिए निगम फिर से करेगा लॉटरी

**रांची।** लाइट हाउस प्रोजेक्ट के 111 फ्लैट के आवंटन के लिए रांची नगर निगम फिर से लॉटरी करेगा। 19 जुलाई को लॉटरी के बाद लाइट हाउस में बन रहे 1008 फ्लैट का आवंटन हुआ था, लेकिन इनमें से 111 आवेदकों ने कई बार नोटिस के बाद भी पहली किस्त की राशि (20 हजार) जमा नहीं की है। ऐसे में रांची नगर निगम वेटिंग लिस्ट में शामिल लाभुकों को बचे हुए आवास का आवंटन करेगा। 10 दिसंबर को नगर निगम के आठवें तल्ले पर लॉटरी की प्रक्रिया होगी।

### रांची डीइओ रिटायर, डीएसई को डीइओ का प्रभार



रांची। रांची डीईओ कमला सिंह बुधवार को रिटायर कर गये। इसके साथ ही उन्होंने 30 नवंबर की शाम को ही अधिसूचित डीईओ आकाश कुमार को प्रभार सौंप दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा विभाग रांची की ओर से बीआरसी रांची में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत डीईओ कमला सिंह को भावभीनी विदायी दी गयी और आकाश कुमार का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर बीईईओ अरविंद कुमारी के अलावा ओम प्रकाश उपाध्याय, सुधीर कुमार, रोहित कुमार, संजय कुमार समेत जिले के शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं संघीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### वाणिज्य कर विभाग में रिटायरमेंट और योगदान का चल रहा है दौर

**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों में नव पदस्थापित एसी, डीसी और जेसी जहां अपने-अपने नव पदस्थापित प्रमंडल और कार्यालयों में योगदान कर रहे थे। वहीं दूसरी ओर बुधवार को विभाग के कई डीसी और जेसी सेवानिवृत भी हो रहे थे। यहा कारण था कि कई कार्यालयों में देर शाम तक विदायी और स्वागत समारोह का दौर चलता रहा। इसी क्रम में जमशेदपुर के एसटीओ सज्जन कुमार पांडेय ने भी आईबी रांची में एसी के पद पर योगदान किया। इनके साथ ही अन्य अधिकारियों ने भी योगदान दिया।

### पेंशन आपके द्वार कार्यक्रम में शिक्षक और कर्मियों को दी गयी विदाई



**रांची।** जिला शिक्षा विभाग की ओर से बुधवार को सेवानिवृति लाभ वितरण सह शिक्षक कर्मचारी अभिनंदन सह विदायी समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय टीवीएस +2 उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर में किया गया था। पेंशन आपके द्वार कार्यक्रम की निरंतरता को जारी रखते हुए 30 नवंबर को रिटायर करनेवाले शिक्षक और कर्मचारियों को सेवानिवृति के उपरांत विदायी दी गयी। इस मौके पर डीईओ कमला सिंह, डीएसई आकाश कुमार, एसडीईओ दीप्ति कुमारी, स्कूल की हेडमास्टर नवनिता हेम्ब्रम, ईटकी बीईओ अनुराधा रानी, गंगा प्रसाद यादव समेत अन्य उपस्थित थे। बताते चलें कि एक ओर डीईओ कमला सिंह और ईटकी बीईओ अनुराधा रानी का भी सेवा का आखिरी दिन था। परंतु दोनों अधिकारियों ने सभी रिटायरकर्मियों को सेवानिवृति लाभ देने के बाद सेवाविृति का लाभ लिया। मौके पर अशोक प्रसाद सिंह, ओम प्रकाश उपाध्याय समेत अन्य शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

### रिश्वत मांगने के आरोपी डाक अधीक्षक समेत दो को चार-चार साल कैद की सजा

**रांची।** रिश्वत लेने के मामले के अभियुक्त डोरंडा स्थित प्रधान डाकघर के सहायक डाक अधीक्षक राकेश कुमार विश्वकर्मा व ग्रामीण डाक सेवक जंमेजय कुमार सिंह को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने चार-चार साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, दोनों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। दोनों पर कुमोद कुमार साह नामक व्यक्ति से ग्रामीण डाक सेवक की नौकरी दिलाने के नाम पर छह लाख रुपये मांगने और अग्रिम राशि के रूप में 25 हजार रुपये लेने का आरोप था। सीबीआई ने कुमोद की शिकायत पर 21 नवंबर 2017 को 25 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। दोनों रुपये लेने के लिए 21 नवंबर को रांची रेलवे स्टेशन के पास आये थे। शिकायतकर्ता ने लिखित शिकायत में सहायक डाक अधीक्षक राकेश कुमार विश्वकर्मा ने ग्रामीण डाक सेवक के पद पर नियुक्ति के एवज में छह लाख रुपये मांगे थे। बताया गया है कि गोड्डा जिले के पत्थरगामा थाना क्षेत्र में गांधी ग्राम इलाके के ग्रामीण डाक सेवक जन्मेजय पर ग्रामीण डाक सेवक की नौकरी दिलाने के नाम पर रिश्वत मांगी थी। मामले में सीबीआई की ओर से 13 गवाही कराई गई थी।

### सांसद संजय सेठ आचार संहिता उल्लंघन मामले के आरोप से मुक्त



रांची। सांसद संजय सेठ को आचार संहिता उल्लंघन मामले के आरोप से बुधवार को एमपीध्एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इन पर लोकसभा चुनाव के दौरान 8 अप्रैल 2019 को आचार संहिता लागू होने के बावजूद सिल्ली में जनसभा करने का आरोप था। इससे पूर्व वह अदालत में फैसले के समय व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुये। अदालत ने कहा कि आप पर जो आरोप लगा है, उससे बरी किया जाता है। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से पांच गवाहों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। लेकिन, आरोप साबित नहीं किया जा सका। मालूम हो कि आचार संहिता उल्लंघन मामले की शिकायत प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रशासन से की थी। इसके बाद जिला प्रशासन ने सिल्ली के अंचल निरीक्षक को मामले की जांच का आदेश दिया था। सिल्ली के अंचल निरीक्षक की जांच में मामला सही पाया गया। साथ ही 22 अप्रैल 2019 को इस मामले में संजय सेठ के खिलाफ कांड संख्या 64/19 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। मामले के जांच अधिकारी ने जांच पूरी करते हुए 16 नवंबर 2019 को चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में वह 22 जनवरी 2020 को सरेंडर किया था। साथ ही, अदालत ने जमानत की सुविधा प्रदान की थी।

# हाईकोर्ट में विधायक समरी के 11वें गवाहों का बयान दर्ज, गवाह ने कहा- रांची में रहने का दस्तावेज नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 2019 विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर हाईकोर्ट में बुधवार को भी सुनवाई जारी रही। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से उपस्थित 11 वें गवाह भागीरथ राम का बयान दर्ज किया गया। भगीरथ राम ने भी अन्य गवाहों की तरह समरी लाल से परिचित होने और आजादी के पूर्व से अपने और समरी लाल के रांची में रहने की बात कही, लेकिन इससे जुड़ा प्रमाण मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि कोई दस्तावेजी प्रमाण उनके पास उपलब्ध नहीं है। भगीरथ राम की गवाही होने के बाद अदालत ने बारहवें गवाह का बयान दर्ज करने के लिए गुरुवार की तारीख मुकर्रर की है। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। वहीं समरी लाल की ओर से अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने पक्ष रखा।

### समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की

बता दें कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा की आरक्षित सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुरेश बैठा और बीजेपी के प्रत्याशी समरी लाल चुनाव लड़े थे। मतगणना के बाद भाजपा के प्रत्याशी समरी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया। जिसके बाद सुरेश बैठा ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है। इसके पीछे उन्होंने आधार दिया है कि समरी लाल द्वारा चुनाव के दौरान दिया गया जाति प्रमाण पत्र गलत है।

# दो-दिन में 4 डिग्री तक गिरेगा तापमान, रांची में बढ़ेगी ठंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** हिमालय से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण झारखंड में कनकनी बढ़ गयी है। आने वाले दो दिनों में राजधानी के न्यूनतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के तापमान में दिन प्रतिदिन गिरावट दर्ज की जा रही है। रांची में बुधवार को सुबह कोहरे के बाद मौसम साफ रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज किया गया है। सबसे कम तापमान 08.2 डिग्री सेल्सियस डाल्टेनगंज में दर्ज किया गया। रांची में पिछले 24 घंटे में न्यूनतम तापमान 12.1 डिग्री, जबकी अधिकतम तापमान 26.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। आज रांची में कोहरे के बाद आंशिक बादल छाये रहेंगे। मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

## स्पीड न्यूज

### लोहरसी के पास अज्ञात वाहन के धक्के से युवक घायल

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैकलुस्कीगंज पथ अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के लोहरसी गांव के समीप मंगलवार की देर शाम अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगो की नजर पड़ने के बाद उसे गम्भीर स्वस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां सीएचसी की मेडिकल टीम की देखरेख में उसका उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान जमीरा पंचायत अंतर्गत रोल ग्राम निवासी सोहराय घटवार के रूप में हो रही है। बताया जाता है कि सोहराय पैदल जा रहा था, इसी क्रम में अज्ञात वाहन पीछे के धक्का मारकर भाग गया। घायल सोहराय की स्थिति गम्भीर बतायी जा रही है।

### औने पौने दाम में आड़हत दुकान में धान बेच रहे किसान

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड में धान कटनी कार्य जोरों पर है। किसान द्वारा महुआडांड़ आड़हत दुकान में 15 से 16 रुपए औने पौने दामों में धान बेचने को मजबूर है। लैम्पस में अभी धान खरीदने का सरकारी आदेश नहीं आया है। इस संबंध में लैम्पस प्रभारी मनोज महली ने बताया कि अभी तक विभाग द्वारा किसी प्रकार का पत्र प्राप्त नहीं हुआ। जिस कारण धान क्रय केन्द्र नहीं खुला जा सका है। संभवतः 15 दिसंबर तक सरकार द्वारा धान क्रय केन्द्र खोलने के संबंध में सुचना मिल सकती है।

### चंदवा के विभिन्न स्थानों पर शरारती तत्वों की पोस्टर बाजी

**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के स्थानीय हाई स्कूल गेट व चेटर रेलवे स्टेशन स्थित कंस्ट्रक्शन साइट पर बुधवार की सुबह गैंगेस्टर गोपाल के नाम से अपराधियों के द्वारा चिपकाया गया पर्चा देखा। पर्चा में मुखिया, ठेकेदार व व्यवसायियों को धमकी दी गयी है। इधर सूचना के बाद इंस्पेक्टर बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस पोस्टर को जब्त कर कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस की माने तो शरारती तत्वों के द्वारा उक्त पोस्टरबाजी की गई। अपराधी जल्द ही पुलिस के गिरफ्त में होगा।

### शहरी क्षेत्रों में बारह घंटे से अधिक हो रही अघोषित बिजली कटौती

**बरवाडीह।** एक ओर जहां चुनाव के समय केंद्र या राज्य सरकार 24 घंटे बिजली देने का दावा करते नहीं थकती। लेकिन दूसरी ओर लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड में ठंड के मौसम में भी लगातार बारह घंटे से अधिक बिजली की अघोषित कटौती की जा रही हैं। बरवाडीह प्रखंड के देहात क्षेत्रों में तो बिजली कई दिनों तक बाधित रहती है। कोई पता नहीं कि कब बिजली आए और चली जाए। वहीं प्रखंड मुख्यालय के शहरी क्षेत्रों में बिजली की कटौती से लोगों का बुरा हाल है। रात में घंटों बिजली कटौती अक्सर ही होती रहती है। वहीं दिन में भी लगातार लोगों को अंधेरों में रहना पड़ रहा है। जिसका बुरा प्रभाव बच्चों को पढ़ाई पर भी पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती। यहां के चुने गए जनप्रतिनिधि भी जानबूझकर बिजली की इस विकट समस्या से अनजान बने बैठे है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमीन में सुलाया, पूरे रात ठंड में ठिठुरते रहे मरीज

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों व्यवस्था के नाम पर मरीजों के साथ खुलेआम मजाक बनाया जा रहा है। एक ओर सरकार अच्छी स्वास्थ्य सुविधा देने के नाम पर कई तरह की सरकारी योजनाएं व सुविधाएं दे रही हैं। वहीं बालूमाथ में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन कराने आई महिलाओं को एक कमरे में भेड़ बकरी की तरह जमीन पर सुला दिया गया। वहीं मरीज को कड़कड़ाती ठंड में एक कंबल तक उपलब्ध नहीं कराया गया। जिस कारण पूरे रात मरीज ठंड में ठिठुरते रहे। मंगलवार की संध्या लगभग 4:00 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका के प्रभारी डॉक्टर सीमा द्वारा 32 महिलाओं का ऑपरेशन किया गया। मरीज एवं उसके साथ आए सहयोगी महिलाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ऑपरेशन कराने आए महिलाओं ने बताया कि अस्पताल के तरफ से सोने खाने-पीने की व्यवस्था नहीं दी गई है। ऑपरेशन कराने वाली महिलाओं को घर आने जाने के लिए वाहन तक की व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ममता वाहन के नाम पर दर्जनों गाड़िया अनुबंधित है एवं इसके नाम पर लाखों रुपए महीने की निकासी की जाती है। बालूमाथ के ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि बालूमाथ अस्पताल की व्यवस्था में सुधार की जाए एवं लापरवाही बरतने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार से पूछे जाने पर कहा कि मैं मीटिंग में हूं बाद में बात करूंगा।

# दो शिक्षक के भरोसे चल रहा है स्कूल

**संजय राम**



बारियातू। प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय गड़गोमा मे मात्र दो शिक्षक रहने के कारण 235 छात्र छात्राओं का भविष्य अंधेरे मे जा रहा है। मध्य विद्यालय गड़गोमा मे प्रधानाध्यापक अविनाश कुमार राम, सहायक अध्यापक चिंतामनी यादव मात्र दो शिक्षक प्रथम वर्ग से आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को संचालन करते हैं। तीस छात्रों की अनुपात से भी यदि शिक्षक का आंकलन किया जाये तो लगभग आठ शिक्षक विद्यालय मे आवश्यकता है। जहां आठ शिक्षक की जरुरी है वहाँ विद्यालय मे मात्र दो शिक्षक हैं। जिससे सहज समझा जा सकता है की विद्यार्थियों की भविष्य उज्जवल हो रहा है या अंधेरे मे जा रहा है। प्रधानाध्यापक अधिकतम विभागीय कार्य मे समय देते हैं। प्रथम वर्ग से आठवीं कक्षा तक के छात्रों को उपस्थिति बनाने मे ही शिक्षकों की समय व्यर्थ चली जाती है। सरकारी विद्यालय मे लचर व्यवस्था के कारण मध्यम वर्ग के लोग अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल मे शिक्षा व्यवस्था करते हैं। सरकारी विद्यालय मे गरीब मजदूर पिछड़े व अंतिम व्यक्ति के बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं। जहां शिक्षक के आभाव के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पता है। सरकारी विद्यालय मे शिक्षण व्यवस्था दम तोड़ रही है तो दूसरे ओर कम्पटीशन सरल भाषा मे कहे तो प्रतियोगिता होड़ पूरी हाई लेबल मे पहुंचते जा रहा है। देखा जाये तो बात सिर्फ मध्य विद्यालय गड़गोमा का ही नहीं है बल्कि अन्य कई ऐसे विद्यालय हैं जहां हाल यही है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त से वर्ग आधारित शिक्षक प्रतिनियुक्त करने की मांग की है।

# दफनाया गया शव पुलिस ने निकलवाया

➲ प्रशासन की देखरेख में शव निकाल कर पोस्टमार्टम को भेजा
पुलिस को हत्या की आशंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडाड़।** महुआडाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुरुन्द बस्ती के नजदीक एक सप्ताह पूर्व एक व्यक्ति की हत्या कर शव को दफना दिया गया था। जिसकी सुचना ग्रामिणो के द्वारा महुआडाड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव को दिया गया। जिस पर थाना प्रभारी आशुतोष यादव व दण्डाधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता जिला पुलिस बल के जवान के साथ उक्त घटना स्थल पर पहुच कर चम्पा पंचायत के मुखिया सुषमा कुजूर कि मौजूदगी में दफनाये गये शव को निकालकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेजा गया है। घटना के सम्बन्ध में ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि मृतक अनुप मिंज जो कि जिला गुमला सिमडेगा प्रखण्ड के ग्राम परकला का रहने वाला था जो कि वर्तमान में लातेहार जिला के महुआडाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कुरुन्द में थाना के चौकिदार चारलेश बाड़ा की पुत्री सलिमा बडा से प्रेम विवाह कर के अपने ससुराल में बीते चार वर्षों से रहकर चौमिन का दुकान चलाता था। इस सम्बन्ध में महुआडाड थाना प्रभारी आशुतोष यादव से पुछे जाने पर बताया कि देखने से यह हत्या का मामला प्रतित होता है। पुछ-ताछ के लिए कुछ लोगों को थाने में लाया गया है। अनुसंधान जारी है वह इस हत्या को लेकर कुरुन्द गाँव के महिलाओं व ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से मांग किया गया कि जो भी व्यक्ति इसमें दोषी हैं उसे अविलंब गिरफ्तारी किया जाए। जिस पर थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने उपस्थित ग्रामिणों को आश्वासन दिया की किसी भी हालात में दोषी बख्शे नही जायेंगे।

# दूसरा फेज का ऑनलाइन आंकलन परीक्षा संपन्न



**बारियातू।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन मे नामकुम आईपी एच संस्थान के तहत स्वास्थ्य सहियाओं का दूसरा फेज का ऑनलाइन आंकलन परीक्षा बुधवार को संपन्न हुई। स्वास्थ्य सहियाओं की आंकलन परीक्षा के सम्बंध मे मिली जानकारी के अनुसार बारियातू, बालूमाथ व हेरहंज के सभी कार्यरत साहियाओं को मोबाइल से ऑनलाइन आंकलन परीक्षा ली गई है। साथ ही बताया की परीक्षा के माध्यम से साहियाओं की क्षेत्रीय कार्य व दिए गए प्रशिक्षण का आंकलन किया जायेगा। मौके पर सहिया साथी रेखा देवी, स्वास्थ्य सहिया पार्वती देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी, कुंती देवी किरन्ति देवी, रीता देवी, कलामनी देवी सहित अन्य सहिया शामिल हुई।

# धूमधाम से वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता 2022 का आयोजन

➲ एसपी अंजनी अंजन ने आवासीय विद्यालय के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को निभाने का संदेश दिया



लातेहार एसपी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

**लातेहार।** जवाहर नवोदय विद्यालय, बाजकुम, लातेहार, मे बड़े धूमधाम से वार्षिक खेल- कूद प्रतियोगिता 2022 का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंजनी अंजन, पुलिस अधीक्षक लातेहार थे। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह में बालिकाओं ने मनमोहक गीत एवं झारखंड की संस्कृति को उजागर करने वाला जीवंत नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य आर पी सिंह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं नवोदय विद्यालय में खेल के महत्व को प्रतिपादित किया। मुख्य अतिथि अंजनी अंजन के द्वारा झंडोत्तोलन कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अंजनी अंजन ने अपने संबोधन में आवासीय विद्यालय के महत्व को बताया और आवासीय विद्यालय के अपने अनुभव को बताया। साथ ही समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को निभाने का संदेश दिया। इसके बाद मशाल प्रज्वलित किया गया जिसे खिलाड़ियों ने लेकर पूरे मैदान में दौड़ लगाई। वार्षिक खेल की शुरूआत होने से पहले विद्यालय के कप्तान कुलेश्वर उराँव ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। इसके बाद विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें 400 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, रिले दौड़, लोंग जंप, हाई जंप, जॉबलिंग आदि खेल का आयोजन किया गया। बालकों के रिले दौड़ में उदयगिरि सदन प्रथम स्थान में रहा। बालिकाओं के रिले दौड़ में नीलगिरी सदन पहले स्थान पर रहा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे। मंच का संचालन एस के साव ने किया। उपेंद्र सिंह ने कमेंट्री किया। खेल कूद का आयोजन बी बी कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सदर अस्पताल की मेडिकल टीम उपस्थित थी। सभी विजेताओं को स्वर्ग, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ शिक्षक सच्चिदानंद सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

स्पीड न्यूज

## कोयले लदी मालगाड़ी में युवक का शव मिला

**केन्दुआ।** बुधवार बीसीसीएल के बी.एन.आर साइडिंग में कोयले के रेक में लगे मालगाड़ी के डब्बे में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर केंदुआडीह थाना प्रभारी, सी आई एस एफ और बीसीसी एल के अधिकारी रेलवे पुलिस पहुंच कर मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

## बोकारो थर्मल में भर्ती कैंप का आयोजन

**बोकारो थर्मल।** झारखण्ड सरकार अंतर्गत श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण व कौशल विकास विभाग बोकारो थर्मल द्वारा नियोजन पदाधिकारी हस्ताक्षरित एक विज्ञप्ति के माध्यम से प्रेरणा इंजीनियरिंग एजुकेशन ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय भर्ती कैंप के आयोजन की सूचना दी गयी है। उक्त कैंप में दसवीं, बारहवीं व आईटीआई/डिप्लोमा वाले अभ्यर्थियों को बजाज मोटर्स में एक सौ प्रशिक्षुओं, स्पार्क मिण्डा में 150 प्रशिक्षुओं एवं रूप पॉलीमर्स में 150 प्रशिक्षुओं के तौर पर नियोजित करने का प्रावधान है।

## धनबाद डीसी संदीप सिंह की संपत्ति अटैच करने का आदेश

**धनबाद।** धनबाद के अवर न्यायाधीश राजीव त्रिपाठी की अदालत ने धनबाद के उपायुक्त संदीप सिंह की संपत्ति अटैच करने का आदेश दिया है। 28 नवंबर को अदालत ने इससे संबंधित फरमान झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से पारित आदेश के आलोक में जारी किया है। मामला जोड़ा फाटक-ढोकरा रिंग रोड निर्माण से जुड़ा है। ज्ञात हो कि मामले में हाईकोर्ट ने अशोक कुमार सिंह, उनके भाई उमाशंकर सिंह व उदय शंकर सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए धनबाद के भू-अर्जन पदाधिकारी को 13 लाख 94 हजार रुपए मुआवाजा का भुगतान करने का आदेश दिया था। लेकिन भू-अर्जन पदाधिकारी ने भुगतान नहीं किया। अदालत की बार-बार की सूचना के बावजूद पदाधिकारी ने कोई कार्रवाई नहीं की। अंत में अदालत ने उपायुक्त की संपत्ति अटैच करने का निर्देश पारित कर दिया।

## तीन बीसीसीएल कर्मियों को सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



**सिजुआ।** बीसीसीएल के सिजुआ क्षेत्र संख्या 5 के मोदीडीह कोलियरी के बीसीसीएल कर्मी के सेवानिवृत्त होने पर परियोजना पदाधिकारी अरविंद कुमार झा ने कर्मियों को विदाई गुलदस्ता व शॉल देकर किया। वही श्री झा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे कोलियरी के पंप ऑपरेटर मदन दुसाध, बती इंचार्ज श्यामलाल दूरी ,, पंप ऑपरेटर हरि दुसाध सेवानिवृत्त कर्मी जो है ए अपनी ड्यूटी के कार्यकाल में कंपनी को अपने कार्य में सारा जीवन ,अमूल्य समय , जवानी , व बुढ़ापा बिता कर कंपनी को योगदान दिया है इसलिए कल्चर को निर्वहन करते हुए इन्हें सम्मान दिया है जो इसका स्वयं हकदार हैं।
मौके पर इंद्रदेव भुइयां, चंदन पासवान, ईमरान खान,जितेंद्र मिश्रा, दीपक ,राहुल आदि लोग मौजूद थे।

## लीड्स संस्था द्वारा औषधिय पौधा रोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**बेरमो / पेटरवार।** प्रखंड कार्यालय के बगल में स्थित खाली पड़े जमीन पर औषधीय पौधों का प्लांट लीड्स संस्था के सहयोग से लगाया जाएगा ताकि पेटरवार के ग्रामीण इसका लाभ ले सके। उक्त बातें पेटरवार के प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया ने लीड्स संस्था के लोगो के साथ स्थल का निरीक्षण करने के दौरान कही। उक्त स्थल पर औषधीय पौधे लगाने के लिए बुधवार को लीड्स संस्था के कृषि विशेषज्ञ कृष्णा महतो सहित अभय प्रजापति, मनोज कुमार टुडू व प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्थल का निरीक्षण किया। बीडीओ ने कहा कि उक्त स्थल पर औषधीय पौधे लगाने के लिए काफी समय से प्रयासरत था।

# इंडिया इंटरनेशनल ग्रैंड ट्रेड फेयर का गोल्फ ग्राउंड में 2 से 12 दिसंबर तक होगा आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




जानकारी देतें आयोजक

**धनबाद।** झारखंड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन (जीटा) एवं सीसीजी मार्केटिंग एंड सर्विस कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 2 दिसंबर से धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में इंडिया इंटरनेशनल ग्रैंड ट्रेड फेयर का आयोजन होने जा रहा है। उक्त जानकारी बुधवार को आयोजकों ने यूनियन क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। जीटा के महासचिव राजीव शर्मा ने बताया कि झारखण्ड इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड एसोसिएशन, कोयलांचल में उद्योग एवं व्यवसाय के विकास को लेकर कृत संकल्पित है। कोयलांचल में उद्योगों एवं व्यवसाय को सुगम बनाने के प्रयासों में लगातार अग्रसर भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में इंडिया इंटरनेशनल ग्रैंड ट्रेड फेयर का आयोजन आगामी 2 दिसंबर से 12 दिसंबर तक होने जा रहा है। पूर्ण रूप से वातानुकूलित यह ट्रेड फेयर स्टेट ऑफ आर्ट डिजाईन के साथ-साथ यहाँ के उद्योगों को एक बाजार उपलब्ध कराने से लेकर बिटूबी तथा स्थानीय प्रशासन एवं राज्य सरकार से समन्वय स्थापित का एक माध्यम भी बनेगा। जीटा के अध्यक्ष अमितेश सहायने बताया कि धनबाद में अपनी तरह का यह पहला ट्रेड फेयर है, इसमें सात देशों थाईलैंड, मलेशिया, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, दुबई, सिंगापूर और स्विजरलेंड के अलावे देश के लगभग 15 राज्यों के स्टाल होंगे। ट्रेड फेयर का उद्घाटन 2 दिसंबर को चार बजे शाम में बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता करेंगे। 5 दिसंबर को झारखण्ड विधानसभा के स्पीकर रबिन्द्रनाथ महतो ट्रेड फेयर में आएंगे। उनके साथ-साथ धनबाद के उपायुक्त संदीप कुमार सिंह के अलावे कई प्रशासनिक पदाधिकारीगण भी मौजूद रहेंगे। अमितेश सहाय ने बताया कि इस ट्रेड फेयर में धनबाद के भी कई स्टॉल लगेंगे जिससे कि धनबाद के उद्योग को बढ़ावा दिया जा सके।

सीसीजी मार्केटिंग की तरफ से चंदन बनर्जी ने बताया कि ट्रेड फेयर में जिन सात देशों के स्टाल लगेंगे उनमे बांग्लादेश के स्टाल में जामदनी एवं तासेर सिल्क साड़ी, मलेशिया-फाउंटेन, अफगानिस्तान-ओनिक स्टोन और ड्राई फ्रूट्स, दुबई का पर्फ्यूम, थाईलैंड के स्टाल में जवेलरी और सिंगापूर के स्टाल में खास तरह के स्विट्जरलैंड के स्टीम आयरन प्रदर्शनी लगेगी।

# जिले में अतिक्रमण को लेकर धनबाद नगर निगम हुआ रेस

कतरास में अतिक्रमणकारियों को अविलंब दुकान हटाने का दिया गया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/कतरास।** धनबाद जिले में सड़कों पर से अतिक्रमण हटाने को लेकर नगर निगम के अधिकारी रेस हो चुके हैं। बताते चलें कि शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए गुरुवार को शहर के रणधीर वर्मा चौक से लेकर पुलिस लाइन तक अतिक्रमण हटाओ अभियान धनबाद नगर निगम के द्वारा चलाया गया वहीं बुधवार को पॉलिटेक्निक रोड में नगर निगम के द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाकर दुकानों को हटाया गया।

इसी क्रम में कतरास अंचल नगर निगम में नगर आयुक्त के आदेश पर नगर प्रबंधक शब्बीर आलम एवं कतरास थाना प्रभारी रणधीर सिंह के द्वारा कतरास राहुल चौक, भगत सिंह चौक तिलाटांड अस्पताल के समीप अवैध निर्माण तथा सड़क किनारे साल स्वेटर कंबल गर्म कपड़े बेचने वाले तथा अन्य प्रकार के दुकानदारों को सख्त हिदायत देते हुए अविलंब अतिक्रमण मुक्त करने को कहा गया है।

मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कतरास नगर निगम नगर प्रबंधक शब्बीर आलम ने बताया कि सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शहर में जाम की समस्या और अतिक्रमण की समस्या प्रमुख रूप से उठती रही है, इसी मामले को लेकर नगर निगम द्वारा पूरे जिले में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

मौके पर मुख्य रूप से नगर प्रबंधक शब्बीर आलम कतरास थाना प्रभारी रणधीर सिंह निगम कर्मी लाल कमल, संजय प्रसाद, प्रदीप रजक आदि मौजूद थे।

## कसमार में सहयोगिनी द्वारा महिला हिंसा विरोधी अभियान



**बोकारो/कसमार।** सहयोगिनी संस्था द्वारा कसमार प्रखंड क्षेत्र में महिला हिंसा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि कसमार के सिलिसाडम विद्यालय परिसर में किशोरियों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ जिसके माध्यम से महिला हिंसा, बाल विवाह एवं घरेलू हिंसा पर जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए दुनिया भर में महिला हिंसा के विभिन्न रूपों और मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने के लिए 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक यह अभियान मनाया जाता है।उन्होंने बताया कि सहयोगिनी द्वारा इब्तिदा नेटवर्क तथा क्रिया के सहयोग से इस अभियान के तहत गांव में दीवार लेखन सहित जनप्रतिनिधियों साथ बैठक का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 3 दिसंबर को कसमार प्रखंड स्तरीय स्टेकहोल्डर बैठक तथा 10 दिसंबर को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी की कुमारी किरण, मंजू देवी, अंजली कुमारी, पूनम कुमारी उपस्थित थी।

## एटीएम कैशबॉक्स चोरी मामले में डीएसपी का घटनास्थल का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** जोरापोखर थाना अंतर्गत जामाडोबा चौक के समीप बैंक ऑफ इंडिया का सड़क किनारे लगे एटीएम मशीन का कैश बॉक्स को दिनांक 28 नवंबर, सोमवार देर शाम अपराधियों ने चोरी कर लिया था। दिनदहाड़े एटीएम कैश बॉक्स की चोरी की खबर से बैंक प्रबंधक समेत पूरे पुलिस महकमे मे सनसनी फैल गई थी। जोरापोखर पुलिस व बैंक के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल के बाद मंगलवार 29 नवंबर की सुबह एटीएम प्रबंधक इपीएस कंपनी द्वारा जोरापोखर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी। घटना के तीसरे दिन 30 नवंबर बुधवार को सिंदरी डिएसपी अभिषेक कुमार व जोरापोखर थाना प्रभारी राजदेव सिंह दलबल के साथ घटनास्थल का निरक्षण किया। डिएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि 28 नवंबर को एटीएम चोरी की घटना घटी थी। पुलिस द्वारा सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस साक्ष्य एकत्रित कर रही है। सीसीटीवी कैमरे समेत कई चीजों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है। लगभग 18 लाख के करीब कैश की बात बताई गई है। एटीएम मशीन के समीप कुछ एटीएम कार्ड भी मिले है पुलिस हर पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

# चैम्बर प्रतिनिधिमंडल ने की फूड लाइसेंस जल्द निर्गत करने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल ने खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ श्वेता अमृता लकड़ा से मुलाकात कर बताया कि पचास खाद्य व्यवसायियों ने कैंप के माध्यम से फूड लाइसेंस के लिए आवेदन दिया था लेकिन 6 महीने बीत जाने के बावजूद अभी तक उन्हें लाइसेंस निर्गत नहीं हो सका है। सचिव राजकुमार जायसवाल ने खाद्य व्यवसायियों की विभिन्न परेशानियों को रखा और महामंत्री सिद्धार्थ पारख ने विभाग को सहयोग करने की प्रतिबद्धता प्रकट की। उपाध्यक्ष अनिल गोयल ने डॉ लकड़ा को बताया कि फोन के माध्यम से खाद्य व्यवसायियों को पैसे जमा कर ट्रेनिंग लेने के लिए कहा जा रहा है, जिस पर डॉ लकड़ा ने कहा कि विभाग द्वारा ऐसा कोई भी फोन किसी भी व्यवसायी को नहीं किया जा रहा है। उन्होंने ऐसे फोन कॉल को नजरअंदाज करने की सलाह देते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में संजय बैद, सिद्धार्थ पारख, अनिल गोयल, राजकुमार जायसवाल, हनुमान पिलानिया, मिंटू मंडल आदि उपस्थित थे।

# जय जोहार कार्यक्रम के तहत लगा नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** जय जोहार नियमित कार्यक्रम के तहत बाघमारा विधानसभा के लोयाबाद कनकनी 4 नं० ब्रह्मस्थान के पास बुधवार को शिक्षा फाउण्डेशन के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर जाँचकर्ता श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय के द्वारा आयोजित किया गया। उपरोक्त आज के इस निःशुल्क शिविर का उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि रतिलाल टुडू पूर्व अध्यक्ष बाघमारा प्रखण्ड समिति झा०मु०मो० ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रतिलाल टुडू ने कहा कि संस्था की सुविधाएं जैसे आँखों की सम्पूर्ण जाँच, अनुभवी नेत्र चिकित्सकों के द्वारा परामर्श, मोतियाबिंद का उपचार, रेटीना(पर्दे) का उपचार, ग्लुकोमा का उपचार, बच्चों की आँखों का जाँच, भैंगापन का उपचार और मोंडुलर ऑपरेशन थियेटर आदि सुविधाएं उपरोक्त शिविर में बिल्कुल मुफ्त में दि जा रही है। निःशुल्क नेत्र शिविर के माध्यम से गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है। उत्तम स्वास्थ्य वह अनमोल रत्न है, जिसका मुल्य तब ज्ञात होता है, जब वह खो जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रॉकी चौरसिया, नसीम अंसारी, संजय मंडल, सज्जाद अंसारी, रौनक सिन्हा, संजय रजवार, टिंकू अंसारी, सोनू कुमार, जाहिद कुरैशी, गोलू गुप्ता, अमन सिंह, रविंद्र चौहान, पप्पू चौधरी, अजीत चौहान, सागर भुइंया, सागर हाड़ी, राज बाउरी, योगिता कुमारी, नेहा कुमारी, घंटू त्रिगुणाइत, कृष्णा चौहान आदि उपस्थित रहें।

## कृषि गणना पर अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में दिया गया प्रशिक्षण



**बोकारो।** 11वीं कृषि गणना 2021-2022 के प्रथम चरण का प्रशिक्षण समाहरणालय सभागार में दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर समाहर्ता सादात अनवर ने की। मौके पर सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार ने कृषि गणना को लेकर सभी अंचल अधिकारियों, अंचल निरीक्षक, राजस्व कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दिया। मौके पर अपर समाहर्ता ने कहा कि किसानों के जीवन स्तर को अगर ऊपर उठाना है, तो कृषि के क्षेत्र में प्लानिंग बहुत जरूरी है और प्लानिंग के लिए डाटा विज्ञान बुनियाद होती है। उन्होंने कहा कि क्रॉप डायवर्सन का दौर है, इसलिए नए कमर्शियल पैदावार को बढ़ावा देना होगा। कृषि गणना के दौरान उपकरण, भूमि की प्रकृति, खाद और सिंचाई व्यवस्था का डाटा तैयार करना होगा ताकि कृषि की सूरत को बदला जा सके। उन्होंने कृषि गणना की जानकारी सही एंट्री करने एवं कार्य को गंभीरता से लेने को कहा। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी फ्रांसिस कुजूर समेत अन्य उपस्थित थे।

## दून पब्लिक स्कूल धनबाद में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ रोचक आयोजन

**धनबाद।** बुधवार को विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में दून पब्लिक स्कूल धनबाद में छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा छह से कक्षा दसवीं के छात्र छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। मुख्य अतिथि दून पब्लिक स्कूल के चेयरमैन जे. एन. सिंह ने प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए उनके द्वारा बनाया गया आकर्षक रंगोली का प्रशंसा की। इस अवसर पर उपस्थित स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर सुनील कुमार सिंह, प्रिंसिपल बी. के.सिंह,एजुकेशन कंट्रोलर प्रियरंजन कुमार बारीकी से सभी रंगोली को देखने के उपरांत अपना निर्णय देकर विजेताओं के नाम घोषणा कर उन्हें पुरस्कृत किए। रंगोली प्रतियोगिता का सफल आयोजन में मृदुल बोस, जया चक्रवर्ती, देवाशीष दे,अमोद कुमार, अर्चना सहाय,संचिता बक्शी आदि ने अहम भूमिका निभाई। विजेताओं में कक्षा छह के वैभवी, गीतांजलि एवं ग्रुप विजेता एवं रोमी, दिव्यांशु एवं ग्रुप उपविजेता रहे।

कक्षा सात से मनीषा,सोनम एवं ग्रुप विजेता एवं पवन, आदित्य एवं ग्रुप उपविजेता रहे।

## अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर में फूड फैट कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा निचे बाजार स्थित अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर मे सीबीएसई के द्वारा आयोजित बच्चों के बीच अलग गतिविधी के तहत फुड-फैट कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चो द्वारा विद्यालय परिसर मे विभिन्न प्रकार के लजिज व्यंजन को तैयार कर काउन्टर बनाए जिसमे कुल 22काउनंटर लगे थे। इस कार्यक्रम मे कक्षा 6से 9तक के बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सैलेजा गढयाण ने फिता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर विद्यालय के सचिव निलय गढयाण व प्राचार्य अशोक कुमार वर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम की संयोजक के रूप मे डोली साव व तोरसा दास थी जिन्होने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के बच्चों में पाक कला को लेकर उनके प्रतिभा मे निखार लाने के लिए यह आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम को लेकर बच्चे काफी उत्साहित थे। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से विमल चंद गोराई, प्रकाश महतो, किरण कुंभकार, प्रसन्नजित, सोनी साव, अरूण गोराई आदी की सराहनीय भूमिका रही है।

एक नजर में

## सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन

**नवागढ़।** मध्य विद्यालय नवागढ़ में बुधवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक बालकृष्ण कुमार के सेवानिवृत्ति के मौके पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार पाल ने सेवानिवृत्त हो रहे बालकृष्ण झा के कार्यकाल की प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि नीलकंठ मंडल, वासुदेव गोस्वामी, तापस कुमार खवास, विनय रंजन तिवारी, मदन मोहन महतो ,ब्रजेश कुमार भट्ट,संजय कुमार सुमन, मानिक चंद्र दास, राखी कुमारी , अनिता कुमारी, मधु अम्बष्ट, योगेंद्र महतो, सुबोध कुमार, विजय चौरसिया, दीपक वर्णवाल,मोहम्मद असलम, सुरेन महतो, नीरज लाला,अनिल कुमार सिंह, गोपाल रविदास,प्रेम रंजन तिवारी,दुखहरण पंडित आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संजय झा तथा अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक भृगुराम पांडे ने किया।

## पेज एक का शेष

### कैश कांड की...

वर्ष 2020 में आयकर विभाग ने इनके यहां कई कार्रवाई की थी और गड़बड़ियां पकड़ी थीं। अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख के साथ पकड़वाने की साजिश में शामिल व्यवसायी अमित अग्रवाल की ओर से दायर याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई।
कोर्ट ने अमित अग्रवाल की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने अमित अग्रवाल के जमानत के आग्रह को नामंजूर करते हुए मामले में षड्यंत्र को देखते हुए आरंभिक जांच सीबीआइ को करने का आदेश दिया है।

### शत-प्रतिशत राशि ...

बैठक में केंद्रीय योजना में आ रही समस्या का भी मुद्दा उठा। अधिकतर सचिव ने कहा कि योजनाओं में केंद्र सरकार ससमय राशि उपलब्ध नहीं करायी जा रही है, जिसपर मुख्य सचिव ने कहा कि विभागों को किस-किस योजना के मद में केंद्र द्वारा पैसा नहीं मिल रहा है, इसका पूरा प्रस्ताव तैयार करें। विभागीय सचिव व्यक्तिगत रूप से दिल्ली स्थित मंत्रालय जाकर समस्या का निदान करें। सरकार भी अपने स्तर पर इस दिशा में काम करेगी।

**अनुपूरक बजट को लेकर निर्देश :** समीक्षा बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि विभाग की किसी योजना का बजटीय राशि अगर मार्च-2023 तक पूरी खर्च नहीं हो पाती है या किसी नये मद में अतिरिक्त राशि की जरूरत है, तो उसका भी एक प्रस्ताव तैयार कर सौंपे, ताकि आगामी शीतकालीन सत्र में आने वाले अनुपूरक बजट में इसे जोड़ा जा सकें।

**बजट राशि का ब्यौरा :** समीक्षा बैठक में बजट राशि खर्च का जो ब्यौरा रखा गया है, उसके मुताबिक मूल बजट 1,01,101 करोड़ रुपये का था। जबकि पुनरीक्षित बजट 1,03,845 करोड़ रुपए रहा। पुनरीक्षित बजट का 44,460 करोड़ रुपए राशि यानी 43 प्रतिशत राशि खर्च हो पायी है। पुनरीक्षित बजट 1,03,845 करोड़ रुपए में योजना बजट 59,464 करोड़ और स्थापना बजट 44,381 करोड़ रुपए की है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजस्व संग्रह का लक्ष्य 35,030 करोड़ रुपए का था। अबतक सरकार को 20,302 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रहण हो पाया है, जो कुल लक्ष्य का 58 प्रतिशत है।

### जेबीवीएनल ने 20 ...

इसमें वित्त वर्ष 2021-22 में 2200 करोड़, वित्त वर्ष 2022-23 में 2600 करोड़ तथा वित्त वर्ष में 2500 करोड़ का रेवेन्यू गैप दिखाया गया है।

**तीन वर्ष से नहीं बढ़ी थी बिजली दर :** पिछले वर्ष वित्त वर्ष 2020-21 के लिए भी दिसंबर में जेबीवीएनएल ने बिजली टैरिफ बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था। परंतु पिछले वर्ष कोरोना संक्रमण के कारण आयोग में दो मेंबरों ने उपभोक्ताओं के पक्ष में फैसला देते हुए घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली टैरिफ में कोई बढ़ोतरी नहीं की। 2021-22 में आयोग डिफंक्ट होने के कारण इस वित्त वर्ष में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई। चालू वित्त वर्ष 2022-23 में 30 नवंबर तक आयोग ने जेबीवीएनएल के बिजली टैरिफ पर कोई निर्णय नहीं लिया। इसका मुख्य कारण आयोग में चेयरमैन और सदस्यों की नियुक्ति में विलंब होना था। यही कारण है कि अभी राज्य में 2019-20 वाला ही टैरिफ लागू है।

### गिरिडीह के बालमुकुंद ...

काफी देर तक छानबीन करने के बाद फैक्ट्री के प्रबंधक को साथ में लिया और दो वाहन पर सवार होकर अधिकारी व कर्मी बरमसिया स्थित फैक्ट्री के ऑफिस पहुंचे और यहां पर कागजातों को खंगालने का काम शुरू किया गया।

**मीडिया को रखा गया है दूर :**टीम में कितने अधिकारी और कर्मचारी हैं इसकी जानकारी नहीं दी गयी, बस इतना कहा गया कि कार्रवाई होने के बाद जानकारी दी जायेगी।

### टीएसी की बैठक...

**राज्यपाल ने दिया था संशोधन का निर्देश :**राज्यपाल रमेश बैस ने टीएसी के गठन संबंधित नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए उनमें संशोधन के निर्देश झारखंड सरकार को दिये थे। राज्य सरकार ने उसमें कोई संशोधन नहीं किया, बल्कि पिछले दिनों इसकी बैठक भी आयोजित कर दी और उसमे कुछ प्रस्ताव भी पारित किये गये। प्रावधान है टीएसी के गठन में कम से कम दो सदस्य राजभवन से अनिवार्य होने चाहिए। राज्यपाल ने टीएसी नियमावली से संबंधित नियमावली मंगाकर उसपर कानूनी सलाह लेने के बाद राज्य सरकार को वापस लौटा दी थी। उन्होंने गठित नियमावली को असंवैधानिक बताते हुए कहा था कि टीएसी के गठन में कम से कम दो सदस्यों का मनोनयन राजभवन से अनिवार्य रूप से होना चाहिए। वर्तमान में गठित टीएसी में ऐसा नहीं किया गया। साथ ही 5वीं अनुसूची के तहत नियमावली पर भी उनकी स्वीकृति जरूरी थी।

**पहले से ही जारी है विवाद :** टीएसी के गठन का विवाद तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के समय से ही चल रहा है। उन्होंने भी राजभवन से दो सदस्यों के मनोनयन नहीं होने पर सवाल उठाया था। इस बीच राज्य सरकार ने टीएसी के गठन को लेकर नयी नियमावली बनायी। साथ ही नयी नियमावली की फाइल राजभवन की स्वीकृति के लिए नहीं भेजी गयी।

**सीएम की स्वीकृति से ही सदस्यों की नियुक्ति :** नयी नियमावली में अब टीएसी के गठन और सदस्यों की नियुक्ति में राजभवन का अधिकार खत्म कर दिया गया है। सीएम की स्वीकृति से ही सदस्यों की नियुक्ति हो रही है। राज्य सरकार का कहना है कि नयी नियमावली छत्तीसगढ़ की तर्ज पर बनी है, जहां सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार मुख्यमंत्री को है। राज्यपाल ने टीएसी के गठन में राजभवन का अधिकार खत्म किये जाने की जानकारी तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अलावा केंद्रीय गृह मंत्रालय को दे दी थी।

### दो डीएसपी पर...

आरोप लगाया था कि 7 जुलाई 2016 को पांच बजे सिविल ड्रेस में दो पुलिसकर्मी उसकी दुकान पर आये और पूछताछ करने के नाम पर रूपेश को ले गये। रूपेश के पिता जब सुबह थाने गये तो पुलिसकर्मी उन्हें टहलाने लगे। तरह-तरह की बातें कहने लगे। फिर कहा कि रूपेश को रिम्स में भर्ती किया गया है। पिता रिम्स पहुंचे तो रूपेश मृत अवस्था में मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी रूपेश के शरीर पर 16 जगहों पर जख्म की बात सामने आयी थी। घटना के बाद एसएसपी कुलदीप द्विवेदी ने राहे ओपी के तत्कालीन प्रभारी अशोक प्रसाद और दशम फॉल के तत्कालीन थाना प्रभारी पंकज तिवारी को निलंबित भी कर दिया था। डीजीपी के आदेश पर सीआइडी की जांच करायी गयी। जांच में बुंडू के तत्कालीन डीएसपी पवन कुमार अन्य पुलिस पदाधिकारी जांच में भी दोषी पाये गये थे।

स्पीड न्यूज

## वरिष्ठ पत्रकार रविश कुमार ने एनडीटीवी से दिया इस्तीफा



**नयी दिल्ली।** एनडीटीवी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी संपादक रवीश कुमार ने इस्तीफा दे दिया है। एनडीटीवी (हिंदी) का जाना माना चेहरा रवीश कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान कई कार्यकर्मों की मेजबानी की जिनमें हम लोग, रवीश की रिपोर्ट, देश की बात और प्राइम टाइम शामिल है। रवीश कुमार को दो बार पत्रकारिता में योगदान के लिए रामनाथ गोयनका उत्कृष्टता पुरस्कार और 2019 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## आठवें दिन भी दिल्ली एम्स का सर्वर डाउन

**नयी दिल्ली।** साइबर हमले के बाद देश के प्रमुख अस्पताल अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का सर्वर बुधवार को लगातार आठवें दिन भी ठप रहा जिससे ह्यऑनलाइन अप्वाइंटमेंटह्न प्रणाली बंद रही वहीं ओपीडी में आने वाले रोगियों की संख्या में 20 प्रतिशत की वृद्धि होने से लंबी कतारें लग गईं। अधिकारियों ने बताया कि मरीजों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अस्पताल प्रशासन ने अतिरिक्त कर्मी तैनात किए हैं। बाह्य रोगी, भर्ती रोगी और प्रयोगशाला सहित सभी अस्पताल सेवाओं को कागजी रूप से प्रबंधित किया जा रहा है।

## पाक में आत्मघाती हमला, चार की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) द्वारा पोलियो टीम की सुरक्षा के लिए जा रहे पुलिस कर्मियों के ट्रक को निशाना बनाकर बुधवार को किए गए एक आत्मघाती हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, तथा 26 अन्य घायल हो गए जिनमें 23 पुलिस कर्मी हैं। यह आत्मघाती हमला तब हुआ, जब पोलियो टीकाकरण अभियान में शामिल कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को ले जा रहा ट्रक क्वेटा के बलेली इलाके से गुजर रहा था।

## बस-ट्रक में भिड़ंत छह मरे,13 घायल

**बहराइच।** बहराइच जिले के जरवल रोड क्षेत्र में बुधवार को रोडवेज बस और ट्रक की भिड़ंत में पांच यात्रियों समेत छह लोगों की मौत हो गयी जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे में हुई मौत पर शोक जताया।

# पहले चरण के लिए वोटिंग आज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान गुरुवार को होगा। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक गुजरात में 2017 के विधानसभा चुनावों में पहले चरण के इन्हीं जिलों की 89 सीटों पर 977 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे। जबकि इस बार 19 जिलों की इतनी ही सीटों पर महज 788 प्रत्याशी ही चुनावी मैदान में हैं। 2017 के विधानसभा चुनावों में गुजरात में 65 राजनीतिक दलों ने चुनावी मैदान में अपने प्रत्याशी उतारे थे। गुजरात में इस बार हो रहे विधानसभा चुनावों में 200 प्रत्याशियों की कम संख्या होने के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं। जिन जिलों में मतदान होना है, उनमें कच्छ, सुरेंद्रनगर, मोरबी, राजकोट, जामनगर, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जूनागढ़, गिर सोमनाथ, अमरेली, भावनगर, बोटाद, नर्मदा, भरूच, सूरत, तापी, डांग्स, नवसारी, और वलसाड जिले शामिल हैं।

अगर क्षेत्रवार देखा जाए तो सौराष्ट्र की 48, कच्छ की 6 और दक्षिण गुजरात की 35 सीटों पर पहले चरण में वोट पड़ेंगे। इसके लिए 788 प्रत्याशी मैदान में हैं। यूं तो राजनीतिक दलों के लिए हर एक सीट जरूरी है, लेकिन हम आपको उन 10 सीटों के बारे में बताएंगे जिनकी चर्चा सबसे ज्यादा है। इनकी गिनती गुजरात की हॉट सीटों में होती है। इनसे सूबे की सियासी हवा का रूख साफ होता है।

### गुजरात विस चुनाव

**कच्छ, सुरेंद्रनगर, मोरबी, राजकोट, जामनगर, देवभूमि द्वारका, पोरबंदर, जूनागढ़, गिर सोमनाथ, अमरेली, भावनगर, बोटाद, नर्मदा, भरूच, सूरत, तापी, डांग्स, नवसारी और वलसाड में डाले जायेंगे वोट**

जामनगर उत्तर सीट पर रोमांचक स्थिति बनी हुई है। दरअसल, इस सीट पर भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी रवींद्र जडेजा की पत्नी रिवाबा भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, उनकी ननद नैना जडेजा उनके खिलाफ पहले ही मोर्चा खोले हुई हैं। भाजपा उम्मीदवार रिवाबा जडेजा ने इसको लेकर कहा, मेरे लिए कुछ भी मुश्किल नहीं है। यह पहली बार नहीं है, जब एक ही परिवार से अलग-अलग विचारधारा के लोग आ रहे हैं। मेरा मानना है कि लोगों का समर्थन भाजपा के साथ है। मेरे ससुर और ननद दूसरी पार्टी के सदस्य के रूप में प्रचार कर रहे हैं। इसमें कोई समस्या नहीं है। रिवाबा ने कहा कि उनके पति रवींद्र जडेजा ने उनके इस कदम में उनका समर्थन किया और यह केवल विचारधारा में अंतर का मामला है। रिवाबा ने कहा, यह पहली बार नहीं जब एक पार्टी के दो सदस्य अलग-अलग विचारधाराओं से जुड़े हैं। वह दूसरी पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में प्रचार कर रहे हैं। यह उनका व्यक्तिगत मामला है। मेरा जामनगर के लोगों में भरोसा है। जामनगर ने हमें कई चीजें दी हैं। मेरे पति यहां पैदा हुए हैं, उन्होंने यहीं से अपना करियर शुरू किया।



## गुजरात में 478 करोड़ के मादक द्रव्य जब्त

**नयी दिल्ली।** गुजरात में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले वडोदरा में 478 करोड़ रुपये मूल्य के मादक द्रव्य पकड़े गये हैं। निर्वाचन आयोग ने इसे चुनाव को धन और मादक पदार्थों के प्रभाव से मुक्त रखने के लिए की गयी निरंतर कड़ी सतर्कता का परिणाम बताया है। आयोग की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार जब्ती के मामलों में 28 गुना वृद्धि हुई है।

इस बार 29 नवंबर तक गुजरात में 27.07 करोड़ रुपये नकद, 14.88 करोड़ रुपये की अनुमानित मूल्य की कुल 4.12 लाख लीटर शराब, 15.79 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं, 171.24 करोड़ रुपये के मुफ्त बांटने के सामान और वडोदरा की जब्ती के अतिरिक्त 61.96 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। आयोग के अनुसार गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से उसकी ठोस योजना, विस्तृत समीक्षा और चुनाव खर्च की निगरानी के इस बार बहुत अच्छे नतीजे आये हैं और चुनाव से पहले रिकॉर्ड मात्रा में नगदी, मादक द्रव्य और दूसरी चीजें जब्त की गयी हैं। आयोग ने बताया कि गुजरात एटीएस के अधिकारियों के नेतृत्व में एक टीम ने वडोदरा ग्रामीण और वडोदरा शहर में अभियान के दौरान बड़ी मात्रा में मादक द्रव्य की खेप पकड़ी है। टीम ने मेफीड्रोन बनाने वाली दो इकाइयों का पता लगाकर 143 किलोग्राम सेंथेटिक ड्रग जब्त की है जिसका मूल्य 478 करोड़ रुपये आंका गया है। इस सिलसिले में नाडियाड और वड़ोदरा से पांच लोगों को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया गया है। अहमदाबाद के एटीएस पुलिस स्टेशन में दर्ज इस मामले में मादक विरोधी कानून की धारायें लगायी गयी हैं और जांच-पड़ताल का अभियान अभी जारी है। आयोग ने कहा है कि गुजरात में 2017 विधानसभा चुनाव के दौरान 27.21 करोड़ रुपये की जब्ती की गयी थी।

## लालू का पांच दिसंबर को होगा गुर्दा प्रतिरोपण

**पटना।** राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के गुर्दे का प्रतिरोपण पांच दिसंबर को सिंगापुर के अस्पताल में होगा। बिहार के उप मुख्यमंत्री और उनके छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने बुधवार को यह जानकारी दी। राजद के संभावित उत्तराधिकारी तेजस्वी ने गुर्दे के ऑपरेशन की जानकारी कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा में दी जहां पर पार्टी के मौजूदा विधायक अनिल साहनी को अयोग्य ठहराए जाने के बाद उपचुनाव कराए जा रहे हैं। यह संयोग है कि कुढ़नी सीट पर भी पांच दिसंबर को ही मतदान होगा। तेजस्वी ने कहा कि लालू जी यहां रहना चाहते थे, लेकिन वह इस समय सिंगापुर में हैं और पांच दिसंबर को गुर्दा प्रतिरोपण के लिए उनका ऑपरेशन होगा। हालांकि, उन्होंने मुझे आप सभी को संदेश देने को कहा कि वह भाजपा की हार चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि इस सीट पर राजद, बिहार सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी और सहयोगी जदयू का समर्थन कर रहा है। तेजस्वी ने कहा कि लालू जी ने मुझे उनकी खराब स्वास्थ्य की याद दिलाने को कहा जो भाजपा की बदले की राजनीति के कारण है, जिसने उन्हें लंबे समय तक जेल में बिताने को मजबूर किया।

## महंगाई से बेहतर ढंग से निपटने में सक्षम है भारत : सीतारमण

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भरोसा जताया कि भारत खाद्य कीमतों पर आपूर्ति संबंधी दबावों से निपटने के लिए तैयार बहुत अच्छी व्यवस्था की वजह से मुद्रास्फीति का सामना कहीं बेहतर ढंग से करने में सफल रहेगा। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति इस साल जनवरी से ही लगातार छह प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। यह स्तर भारतीय रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से अधिक है। सीतारमण ने रॉयटर्स नेक्स्ट समारोह को



ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि भारत मुद्रास्फीति का संभवतः बेहतर ढंग से सामना करने में सफल रहेगा। उन्होंने कहा कि आरबीआई से भी ऐसे संकेत मिले हैं कि मुद्रास्फीति में गिरावट का रुख है और अगले साल की शुरूआत या मध्य तक यह सुविधाजनक दायरे में आ जाएगी। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि मुद्रास्फीति पर बाहरी घटकों का असर बने रहने वाला है लेकिन भारत अन्य देशों की तुलना में खाद्य उत्पादों एवं ऊर्जा की आपूर्ति के संदर्भ में अच्छी स्थिति में है। सीतारमण ने कहा कि मैं एक अच्छी एवं तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था और अगले साल इसके और बढ़िया रहने की उम्मीद करती हूं। इसके साथ ही उन्होंने यह माना कि कच्चे तेल जैसे जिंसों के आयात के कारण मुद्रास्फीति में होने वाला उतार-चढ़ाव आगे भी बना रह सकता है।

## भारत में सैमसंग एक हजार इंजीनियरों की करेगा भर्ती

**नयी दिल्ली।** भारत का सबसे बड़ा कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग, पूरे भारत में अपने आर एंड डी इंस्टीट्यूट्स के लिए लगभग 1,000 इंजीनियरों को हायर करने की योजना बना रहा है, जिसमें सैमसंग आर एंड डी इंस्टीट्यूट बैंगलोर, सैमसंग आर एंड डी इंस्टीट्यूट नोएडा, सैमसंग आर एंड डी इंस्टीट्यूट दिल्ली और बेंगलुरु में स्थित सैमसंग सेमीकंडक्टर इंडिया रिसर्च शामिल है। ये युवा इंजीनियर 2023 में कंपनी में शामिल होंगे और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डीप लर्निंग, इमेज प्रोसेसिंग, आईओटी, कनेक्टिविटी, क्लाउड, बिग डेटा, बिजनेस इंटेलिजेंस, प्रेडिक्टिव एनालिसिस, कम्युनिकेशन नेटवर्क्स, सिस्टम ऑन ए चिप व स्टोरेज सॉल्यूशंस पर काम करेंगे। कंप्यूटर साइंस इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेंटेशन जैसे कई क्षेत्रों से इंजीनियरों की भर्ती करेगा।

## बिहार के गांवों में लगेंगे बिजली के प्रीपेड मीटर

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में शहरों के बाद अब गांव में भी बिजली के स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। इसके बाद बिजली आपूर्ति का लाभ लेने के लिए गांव वालों को भी बिल जमा करने की बजाय पहले ही अपने मीटर को रिचार्ज करना होगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को ऊर्जा क्षेत्र की 15 हजार 871.24 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी है। इसमें गांवों में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना भी शामिल है।

**2635 करोड़ की योजनाएं हो गई पूरी :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2635.30 करोड़ की योजनाओं

### नीतीश कुमार 16 हजार करोड़ की योजनाओं का दिया तोहफा



का लोकार्पण, 5930.89 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और 7305.05 करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ किया। इसके अलावा ग्रामीण बिजली उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का शुभारंभ भी किया।

एनबीपीडीसीएल के अंतर्गत 92.71 करोड़ की लागत से दरभंगा, मोतिहारी,छपरा, वैशाली, पश्चिमी चंपारण, सहरसा, अररिया, गोपालगंज, बेगूसराय और एसबीपीडीसीएल के अंतर्गत 182.84 करोड़ की लागत से पटना, भागलपुर, नालंदा, गया, आरा, औरंगाबाद में निर्मित विद्युत शक्ति उपकेंद्रों का लोकार्पण किया। समारोह में बिहार ग्रिड कंपनी लिमिटेड के 1099. 42 करोड़ रुपए की लागत से पटना क्षेत्र में बने नए ग्रिड उपकेंद्र और संबद्ध संचरण लाइनों का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने बीएसपीटीसीएल की 1164.05 करोड़ रुपए की योजनाओं का भी लोकार्पण किया।

## सेंसेक्स पहली बार 63 हजार पार

**मुंबई ।** अमेरिकी फेड रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के होने वाले वक्तव्य में अर्थव्यवस्था को लेकर शुभ संकेत मिलने की उम्मीद में वैश्विक बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की अंतिम समय में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सेंसेक्स बुधवार को पहली बार 63 हजार अंक के उच्चतम शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 417.81 अंक अर्थात 0.67 प्रतिशत की उड़ान भरकर पहली बार 63 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 63099.65 अंक पर रहा। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 140.30 की तेजी लेकर अबतक के रिकॉर्ड 18758.35 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह बीएसई की दग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के

### निफ्टी रिकॉर्ड 18758 पर पहुंचा



प्रति भी निवेशकों की निवेश धारणा मजबूत रही। इसकी बदौलत मिडकैप 1.06 प्रतिशत मजबूत होकर 25,950.89 अंक और स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत की छलांग लगाकर 29,519.61 अंक पर रहा। बीएसई के सभी 19 समूह तेजी पर रहे। सर्वाधिक मुनाफा यूटिलिटीज समूह के शेयरों ने कमाया। इसी तरह पावर 2.35, कमोडिटीज 1.62, सीडी 1.25, ऊर्जा 0.76, एफएमसीजी 0.86, वित्तीय सेवाएं 0.57, इंडस्ट्रियल्स 0.84, दूरसंचार 1.44, ऑटो 1.74, कैपिटल गुड्स 0.62, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.68, धातु 1.96, तेल एवं गैस 0.83, रियल्टी 1.54 और टेक समूह के शेयर 0.39 प्रतिशत उछल गए।

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवले की बैंक की दिसंबर की मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक से पहले होने वाली बैठक में अर्थव्यवस्था को लेकर शुभ संकेत दिये जाने की उम्मीद में वैश्विक बाजार में तेजी आई, जिसका असर घरेलू शेयर बाजार में देखा जा रहा है। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.45, जर्मनी का डैक्स, हांगकांग का हैंगसेंग 2.16 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.05 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान के निक्केई में 0.21 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

## ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े वसूली मामले में पिंकी ईरानी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े जबरन वसूली मामले में पिंकी ईरानी को गिरफ्तार किया है। ईरानी ने ही कथित तौर पर अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज का ठग सुकेश चंद्रशेखर से परिचय कराया था। दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा कि मुंबई निवासी ईरानी, आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) कार्यालय में जांच में शामिल हुई। नलवा ने कहा कि (ईरानी के खिलाफ) पर्याप्त सबूत होने के बाद उसे इस मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है और अदालत में पेश किया गया है, जहां से उसे तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। दिल्ली की एक अदालत ने चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को मंगलवार को यह कहते हुए नियमित जमानत दे दी कि आरोपी को जांच के दौरान गिरफ्तार नहीं किया गया था, इसलिए यह जमानत देने का मामला बनता है।

## चंद्रमुखी-2 में नजर आयेंगी कंगना रनौत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत जल्द ही रजनीकांत और ज्योतिका स्टारर फिल्म चंद्रमुखी के सीक्वल चंद्रमुखी 2 में नजर आने वाली हैं। कंगना रनौत इन दिनों फिल्म इमरजेंसी में काम कर रही है। कंगना रनौत इसके अलावा चंद्रमुखी के सीक्वल में नजर आने वाली हैं। कंगना रनौत, पी वासु द्वारा निर्देशित फिल्म चंद्रमुखी के सीक्वल में तमिल अभिनेता राघव लॉरेंस के साथ मुख्य भूमिका निभाती हुई दिखाई देंगी। कंगना रनौत फिल्म इमरजेंसी का असम शेड्यूल खत्म करने के बाद छोटा-



सा ब्रेक लेंगी और ब्रेक से लौटने के बाद दिसंबर के पहले हफ्ते में चंद्रमुखी के पहले शेड्यूल की शूटिंग शुरू करेंगी। गौरतलब है कि चंद्रमुखी वर्ष 2005 में रिलीज हुई तमिल हॉरर ड्रामा फिल्म है, जिसमें रजनीकांत और ज्योतिका सरवनन ने मुख्य भूमिका निभाई है।




## फीफा वर्ल्ड कप : कोस्टा रिका के खिलाफ जर्मनी को जीत की जरूरत

**दोहा ।** विश्व कप फुटबॉल के अपने शुरूआती मैच में जापान के खिलाफ उलटफेर का शिकार होने के बाद स्पेन जैसी मजबूत टीम को बराबरी पर रोकने वाली जर्मनी की टीम गुरुवार को यहां कोस्टा रिका के खिलाफ ग्रुप ई के मैच के लिए मैदान में उतरेगी तो उसे नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिए जीत के अलावा किस्मत के साथ की जरूरत होगी। जापान से हार के बाद लगा था कि 2014 की चैम्पियन जर्मनी की टीम का सफर 2018 की तरह इस बार भी ग्रुप चरण में खत्म हो जाएगा लेकिन स्पेन से 0-7 से हारने वाली कोस्टा रिका की टीम ने जापान को 1-0 से हराकर ग्रुप ई की तालिका को रोमांचक बना दिया। जर्मनी की टीम अगर कोस्टा रिका को हराती है तो वह राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई कर सकती है। इसके लिए उसे ग्रुप के दूसरे मैच में जापान के खिलाफ स्पेन की जीत की दुआ करनी होगी।

जापान को हराने के बाद कोस्टा रिका के हौसले भी बुलंद है और वह कमजोर नजर आ रही जर्मनी के खिलाफ कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी और वह इस मुकाबले को ड्रॉ कर के भी अगले चरण में पहुंच सकती है। कोस्टा रिका के कोच लुइस फर्नांडो सुरेज ने टूनामेंट



से पहले कहा था कि हम कुर्सी पर बैठकर फोटो खिंचवाने के लिए कतर नहीं आये है।' स्पेन दो मैचों के बाद ग्रुप ई में चार अंकों के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद जापान और कोस्टा रिका दोनों तीन अंकों के साथ हैं, जबकि जर्मनी के पास सिर्फ एक अंक है। ऐसी परिस्थितियों में ग्रुप की चारों टीमों के पास अगले चरण के लिए क्वालीफाई करने का मौका है। जर्मनी के मिडफील्डर थॉमस मल्लेर ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो अभी तक हमने ऐसा कुछ नहीं किया, जिसका जश्न मनाया जाए।' उन्होंने कहा, ह्यजब फुटबॉल जगत जर्मनी बनाम कोस्टा रिका मैच देखता है, तो मुझे लगता है कि बाहर से हम मैच जीतने के दावेदार है। यह स्पष्ट है कि हमें हर हाल में जीतना है। इसी से हम अपना सम्मान हासिल कर सकते है।

## शरत कमल को खेल रत्न से राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



**नयी दिल्ली।** टेबल टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी अचंता शरत कमल को बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया। शरत खेल रत्न हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे जबकि बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय, महिला मुक्केबाज निकहत जरीन, ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों एल्धोस पॉल और अविनाश साबले सहित 25 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एक विशेष समारोह में पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खेलों के शीर्ष खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।

## हॉकी में भारत ने 6 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को हराया

**एडिलेड ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा टेस्ट 4-3 से जीतकर छह साल में ऑस्ट्रेलिया को पहली बार शिकस्त दी। भारत की इस ऐतिहासिक जीत में हरमनप्रीत (12वां), अभिषेक (25वां), शमशेर सिंह (57वां) और आकाशदीप (60वां मिनट) ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के गोल जैक वेल्श (25वां), ऐरन जलॉस्की (32वां) और नेथन एफरॉम्स (59वां मिनट) ने किए। तीसरे क्वार्टर के अंत तक भारत 2-1 से पिछड़ा हुआ था लेकिन चौथे क्वार्टर की शुरूआत में ही अभिषेक के गोल से टीम ने मैच में वापसी की। स्कोर 2-2 पर बराबर होने के बाद जब मैच में सिर्फ चार मिनट बचे थे, तब शमशेर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत को एक गोल की बढ़त दिला दी। अगले ही मिनट में ऑस्ट्रेलिया को भी पेनल्टी कॉर्नर



मिला लेकिन गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने शानदार प्रयास से उन्हें स्कोर नहीं करने दिया। मैच में जब सिर्फ 75 सेकंड बचे थे, तब ऑस्ट्रेलिया ने एक और पेनल्टी को गोल में तब्दील करके स्कोर 3-3 से बराबर कर लिया, लेकिन आखिरी मिनट में आकाश के गोल ने भारत की जीत सुनिश्चित की। यह 2016 के बाद भारत की ऑस्ट्रेलिया पर पहली जीत है। भारत ने पहले दो मैच हारने के बाद यह मुकाबला जीतकर पांच मैचों की सीरीज में खुद को बरकरार रखा है।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL
Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.
Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!